जबलपुर
शनिवार 31 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

गृह मंत्रालय
भारत सरकार

लौह-पुरुष सरदार पटेल
का संकल्प, हमारी प्रेरणा

नमन उन जांबाज़ों को,
जिन्होंने बनाए रखी
हमारी अखंडता





श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026

आइए एकता नगर, गुजरात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ भव्य परेड में शामिल होकर भारत को नक्सल-मुक्त बनाने में योगदान देने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं राज्य पुलिस बलों के शौर्य, साहस और सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करें

परेड के मुख्य आकर्षण

- नक्सल-विरोधी अभियानों में जुटे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं राज्य पुलिस बलों की परेड
- नक्सल-विरोधी अभियान का श्वान दस्ता
- जीवंत झाँकियाँ - जन संकल्पना से सृजित
- नक्सल-मुक्त भारत पर आदिवासी कलाकारों द्वारा नाट्य प्रस्तुति
- 5,000 कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति
- विद्यार्थियों द्वारा बैंड प्रदर्शन
- नशा-मुक्त भारत का संदेश देती राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली
- भव्य आतिशबाज़ी

सुबह 9.00 बजे प्रधानमंत्री जी के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की पद-पूजा और शाम 5.30 बजे से परेड का डीडी न्यूज़ पर प्रसारण

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026

जानकारी और ठहरने की बुकिंग
के लिए स्कैन करें या विज़िट करें
rashtriyaektadiwas.com

CBC 19101/13/0029/2627

वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार गरीबी में कमी आने का सिलसिला जारी रहने का अनुमान

भारत में तेजी से घट रही गरीबी... करीब 50 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए

अत्यधिक गरीबी (3.00 डॉलर प्रतिदिन) से नीचे रहने वालों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 27.1 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत हो गई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने गरीबी में बीते एक दशक में दुनिया की सबसे तेज गिरावट में से एक दर्ज की है और देश में 2011 से 2023 के बीच करीब 49.6 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यह जानकारी वर्ल्ड बैंक की एक रिपोर्ट में दी गई वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में बताया गया कि 2011 से 2023 के बीच निम्न-मध्यम आय वर्ग (4.20 डॉलर प्रति दिन, 2021 पीपीपी) से नीचे रहने वालों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 57.7 % से घटकर 16.1 % हो गई है। अत्यधिक गरीबी (3.00 डॉलर प्रतिदिन) से नीचे रहने वालों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 27.1 % से घटकर 2.6 % हो गई।

अच्छी खबर



एआई इमेज

रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ लोगों की वृद्धि

हाल के समय में, 2017 से 2023 के बीच, रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ लोगों की वृद्धि हुई। यह कामकाजी उम्र की आबादी में हुई वृद्धि का लगभग दोगुना है। इस बढ़ोतरी का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण महिलाओं के वेतन वाले काम में आने से आया है, जिससे प्रति परिवार कमाने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है।

वेतन में असमानता अभी भी काफी

रिपोर्ट में देश में गरीबी में गिरावट की मुख्य वजह खपत में मजबूत वृद्धि, रोजगार में बढ़ोतरी (विशेषकर महिलाओं के बीच), और खाद्य सब्सिडी सहित सामाजिक हस्तांतरणों के विस्तार को बताया गया। रिपोर्ट के अनुसार, गरीबी में कमी आने का सिलसिला जारी रहने का अनुमान है, हालांकि इसकी गति थोड़ी धीमी रहेगी। 4.20 डॉलर प्रतिदिन की गरीबी रेखा पर के नीचे रहने वाले लोगों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 2026 में 14.2 प्रतिशत से घटकर 2028 तक 12.1 प्रतिशत पर पहुंचने की उम्मीद है। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, जैसे-जैसे गरीबी कम हुई, यह उन परिवारों के बीच अधिक केंद्रित होती गई, जिनका शिक्षा का स्तर कम था, जिनके पास संपत्ति कम थी, जिन्हें स्थिर रोजगार के अवसर कम मिले थे और जिन पर आश्रितों का बोझ अधिक था। हालांकि, वेतन में असमानता अभी भी काफी अधिक है। 2023 में, सबसे अधिक कमाने वाले 10 प्रतिशत कामगारों की मीडियन कमाई, सबसे कम कमाने वाले 10 प्रतिशत कामगारों की तुलना में लगभग 13 गुना थी।

खबर संक्षेप

वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन आज से



नई दिल्ली। वाराणसी और नई दिल्ली के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शनिवार से आम यात्रियों के लिए शुरू होगी। यह उत्तर प्रदेश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन है। ट्रेन रात करीब 9 बजे वाराणसी से रवाना होकर सुबह 6 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़ और गाजियाबाद में इसका ठहराव होगा। ट्रेन में आरामदायक बर्थ, चार्जिंग पॉइंट सहित सीसीटीवी निगरानी जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

अनंत सिंह की जमानत रद्द कल तक सरेंडर का आदेश



नई दिल्ली। बिहार के चर्चित दुलारचंद यादव हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट ने मोकामा विधायक अनंत सिंह की जमानत रद्द कर दी है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उन्हें एक दिसंबर तक सरेंडर करने का आदेश दिया। पटना हाईकोर्ट ने इस मामले में अनंत सिंह को जमानत दी थी, जिसे दुलारचंद यादव के पोते नीरज कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। दुलारचंद यादव की 30 अक्टूबर 2025 को हत्या हुई थी।

एयर मार्शल इंद्रपाल वायु सेना के उप-प्रमुख



नई दिल्ली। एयर मार्शल इंद्रपाल सिंह वालिया को भारतीय वायु सेना का नया उप-प्रमुख नियुक्त किया गया है। वे रविवार से कार्यभार संभालेंगे। फिलहाल वे ईस्टर्न एयर कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ हैं। वालिया, एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित की जगह लेंगे, जो शनिवार को वायु सेना के 29वें प्रमुख का पद संभालेंगे। करीब चार दशक के सैन्य करियर में वालिया ने कई स्टाफ पदों पर काम किया है।

राहुल ने कहा- लोगों को रोका जा रहा, ज्ञानेश पर 'जन महाभियोग' आज दोपहर

मिंटो रोड से शुरू होगा इंडिया ब्लॉक का 1 नवंबर का 'चलो दिल्ली' मार्च

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडिया ब्लॉक का 1 नवंबर को चलो दिल्ली मार्च दोपहर 12 बजे मिंटो रोड-कनॉट प्लेस जंक्शन से शुरू होकर रामलीला मैदान पहुंचेगा। मार्च वोट चोरी, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के मुद्दे पर होगा। वहीं, ज्ञानेश कुमार के जन महाभियोग (पब्लिक इम्पीचमेंट) कार्यक्रम को बारिश के कारण शनिवार सुबह तक टाल दिया गया है। अब शनिवार को इसका समय दोपहर 2:30 बजे तय किया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर 'आस्क मी' सत्र के दौरान यह जानकारी दी। विपक्षी गठबंधन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी कर रहा है। विपक्ष का आरोप है कि मतदाता सूची में अनियमितताएं हुई हैं।

जयराम रमेश ने कहा कि ज्ञानेश कुमार के पद से हटने की उल्टी गिनती तेज हो रही है। उन्होंने उन पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के निर्देश पर भारत के संविधान को कमजोर करने और नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने छात्र संगठनों से भी अपील की थी कि वे अपनी राजनीतिक एफीलिएशन की परवाह किए बिना इस मार्च में शामिल हों। सीपीआई (एम) सांसद जॉन ब्रिटास ने भी केंद्र सरकार पर राजधानी में 'मार्शल लॉ जैसी स्थिति' पैदा करने का आरोप लगाया है।

सीपीआई (एम) सांसद जॉन ब्रिटास ने भी केंद्र सरकार पर राजधानी में 'मार्शल लॉ जैसी स्थिति' पैदा करने का आरोप लगाया

राहुल ने छात्र संगठनों से कहा-देश के लिए वे भी आएं


प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल सहित विपक्षी सांसद

शुक्रवार का जन महाभियोग बारिश के कारण टाला

कांग्रेस का दावा-करीब 10 लाख लोग रैली में आएंगे

रैली रोकने की साजिश : कांग्रेस

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली को रोकने के लिए कई राज्यों में कोशिशें की जा रही हैं। रैली में शामिल होने के लिए दिल्ली आने वाले लोगों पर दबाव बनाया जा रहा है।

क्या है 'जन महाभियोग' कार्यक्रम?

यह कार्यक्रम चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष के विरोध का हिस्सा है। 'जन महाभियोग' एक प्रतीकात्मक राजनीतिक कार्यक्रम है।

हरिनगर में जुटेंगे सिख समाज के हजारों लोग

कांग्रेस की रैली के विरोध में भाजपा निकालेगी मार्च

कांग्रेस की प्रस्तावित रैली के विरोध में दिल्ली भाजपा एक नवंबर को पश्चिमी दिल्ली के सिख बहुल क्षेत्र हरिनगर में विरोध मार्च निकालेगी। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी मार्च का नेतृत्व करेंगे। इसमें सिख समाज के हजारों लोगों के साथ भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।

एमएसएमई चेंबर ने गृह मंत्री शाह को सौंपा ज्ञापन

को प्रदर्शन से बचाने की मांग

दिल्ली के प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों में विरोध प्रदर्शनों से कारोबार प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए चैंबर ऑफ इंडियन माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (सीआईएमएसएमई) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से हस्तक्षेप की मांग की है। सौंपे ज्ञापन में कहा है कि कनॉट प्लेस,रामलीला मैदान और आसपास के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में बार-बार होने वाले धरना-प्रदर्शनों से कारोबार प्रभावित होता है।

■ दिल्ली का कारोबार होगा प्रभावित

राहुल के बाद अब सोनिया गांधी को लिखा पत्र

एक नवंबर को प्रस्तावित विपक्ष की रैली को लेकर चेंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने राहुल गांधी के बाद अब सोनिया गांधी को पत्र लिखा है। सीटीआई ने आशंका जताई है कि 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को रैली के चलते दिल्ली में कारोबार ठप हो सकता है। इससे राजधानी के करीब 20 लाख व्यापारियों में चिंता का माहौल है।

■ 10 के बाद रैली करने का आग्रह

खरगे पर पीएम मोदी का पलटवार

मैं अपनी अंतिम सांस तक सेवा में जुटा रहूंगा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की बाप वाली टिप्पणी पर प्रधानमंत्री ने जवाब दिया



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के मोदी का बाप भी जाएगा वाले विवादित बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पलटवार किया है। पीएम मोदी ने कहा कि वह अपनी आखिरी सांस तक भारत के लोगों की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने विपक्ष पर अफवाह फैलाने का भी आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी गुजरात के बनासकांठा जिले के भिलडी में 'भारत बोवाइन ब्रीडिंग एंड रिसर्च सेंटर' का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए आई है।

वे मोदी को बदनाम करना चाहते थे

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें देश के मुश्किल दौर से गुजरने पर खुशी मिलती है। ईरान युद्ध के समय उन्होंने (विपक्ष) अफवाहें फैलाईं कि किसानों को खाद नहीं मिलेगी और लोगों को एलपीजी नहीं मिलेगी, क्योंकि वे मोदी को बदनाम करना चाहते थे। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने हमेशा किसानों के कल्याण को प्राथमिकता दी है और उन्हें सशक्त बनाया है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच खाद की कीमतों में भारी उछाल आया, लेकिन हमारी सरकार ने इसका बोझ किसानों पर नहीं पड़ने दिया।

9.34 करोड़ किसानों के खाते में पहुंचे 2-2 हजार रुपए

दिवाली से पहले केंद्र सरकार ने देश के करोड़ों किसानों को बड़ी सौगात दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी की। इसके तहत देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक पात्र किसान परिवारों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 2-2 हजार रुपये की राशि भेजी गई। सरकार ने इस किस्त के लिए कुल 18,680 करोड़ रुपये से अधिक जारी किए हैं।

सीधी में बस-कार की भिड़ंत

तीन की मौत, पांच साल की बच्ची गंभीर घायल


कार के परखच्चे उड़ गए, बस का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीधी

जिले में शुक्रवार दोपहर अमरपुर के बेहड़ा मोड़ के पास यात्री बस और कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार एक महिला और दो पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चुरहट पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान मैहर जिले के देवरा निवासी अनिल तिवारी (35), मनोरमा तिवारी (30) और सुधीर तिवारी के रूप में हुई है। घायल बच्ची रानी तिवारी (5) है।

सांस लेने में परेशानी के बाद बिगड़ी तबीयत

आदि कैलाश यात्रा में इंदौर के 26 वर्षीय युवक की मौत


ऑक्सीजन की कमी और हार्ट अटैक की आशंका

एजेंसी ▶▶| नैनीताल

आदि कैलाश यात्रा के दौरान शुक्रवार को इंदौर निवासी 26 वर्षीय तिलक शर्मा की मौत हो गई। यात्रा के दौरान सांस लेने में परेशानी होने पर उन्हें गुंजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। इस सीजन में अब तक तीन यात्रियों की जान जा चुकी है। एसडीएम आशीष जोशी ने बताया कि तिलक गुरुवार को अपने दोस्तों के साथ आदि कैलाश यात्रा पर आए थे।

नाकाम रिश्तों को आपराधिक मामलों में बदलने के बढ़ते चलन पर सुको ने जताई चिंता

रिश्ता टूटने पर सहमति से बने संबंध 'रेप' नहीं

ब्रेकअप के बाद पछतावा सहमति को अपराध में नहीं बदल सकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आपसी सहमति से बने रिश्ते में शारीरिक संबंधों को केवल इस आधार पर दुष्कर्म नहीं माना जा सकता कि बाद में दोनों के बीच संबंध खराब हो गए या रिश्ता टूट गया। अदालत ने नाकाम रिश्तों को रेप और धोखाधड़ी जैसे आपराधिक मामलों में बदलने की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने केरल के एक व्यक्ति को दुष्कर्म और धोखाधड़ी के आरोपों से मुक्त करते हुए।



प्रशांत भूषण ने खींची लकीर

कोर्ट की क्लिप के लिए तय हो एक आधिकारिक स्त्रोत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही के वीडियो और ऑडियो क्लिप के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने एक महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि अदालत की पूरी कार्यवाही का वीडियो सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाए।

■ बिना अनुमति ऑडियो-वीडियो क्लिप अपलोड करने वालों पर होगी कार्रवाई

इस रॉकेट को 'नॉटी बॉय' कहा जाता था, अब 'स्मार्ट बॉय' के नाम से पहचान मिली

एनवीएस-03 उपग्रह लॉन्च करने की तैयारी में इसरो

भारत का स्वदेशी नेविगेशन सिस्टम होगा और मजबूत

करगिल युद्ध के बाद आत्मनिर्भर नेविगेशन प्रणाली विकसित करने की जरूरत महसूस हुई थी

नए उपग्रह में स्वदेशी परमाणु घड़ी का होगा इस्तेमाल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) भारत की दूसरी पीढ़ी के नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-03 को प्रक्षेपित करने की तैयारी में है। इस मिशन के लिए भू-समकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) का इस्तेमाल किया जाएगा। कभी लगातार विफलताओं के कारण इस रॉकेट को 'नॉटी बॉय' यानी नटखट लड़का कहा जाता था। हालांकि, सफल मिशनों के बाद अब इसे 'स्मार्ट बॉय' के नाम से भी पहचान मिल रही है। यह प्रक्षेपण आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे प्रक्षेपण स्थल से किया जाना निर्धारित है।

क्या है नाविक और क्यों है जरूरी?

नाविक का पूरा नाम नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन है। यह भारत की अपनी उपग्रह आधारित नेविगेशन प्रणाली है, जिसे स्वदेशी जीपीएस भी कहा जा सकता है। इसके माध्यम से भारत और उसके आसपास के क्षेत्रों में सटीक स्थान, दिशा और समय की जानकारी मिलती है। इसका उपयोग नागरिक सेवाओं के साथ सैन्य और रणनीतिक गतिविधियों में भी किया जा सकता है।

माणा घूमकर लौट रहे थे यात्री, इधर उधर बिखरे शव

चमोली में खराब मौसम के कारण ज्योतिर्मठ क्षेत्र में हेलिकॉप्टर हादसा

बद्रीनाथ धाम से लौट रहा हेलिकॉप्टर क्रैश, पायलट सहित 6 लोगों की मौत


रेस्क्यू टीम मौके पर

एजेंसी ▶▶| चमोली

उत्तराखंड में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। खराब मौसम के बीच बदरीनाथ धाम से सहस्त्रधारा हेलिपोर्ट के लिए रवाना हुआ ट्रांस भारत एविएशन का हेलिकॉप्टर ज्योतिर्मठ क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर में सवार पायलट समेत सभी 6 लोगों की मौत हो गई। एक बजकर 20 मिनट फिर एक हेलिकॉप्टर ने बदरीनाथ से उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर हाथी पहाड़ के ऊपर चांई गांव और लामबगड़ के बीच जंगल में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीमें मौके पर पहुंच गईं। राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। मृतकों के शवों को दुर्गम जंगल से सड़क तक लाने की कार्रवाई की जा रही है। ज्योतिर्मठ के एसडीएम चंद्रशेखर वशिष्ठ ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही संबंधित बचाव एजेंसियों को सक्रिय कर दिया गया था। हेलिकॉप्टर में सवार तीर्थयात्री देश के प्रथम गांव माणा घूमने भी गए थे। इसके बाद सभी हेलिकॉप्टर से सहस्त्रधारा लौट रहे थे। इसी दौरान ज्योतिर्मठ क्षेत्र में यह दर्दनाक हादसा हो गया। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पर एक वजह खराब मौसम भी बताई जा रही है।


खाई में गिरा हेलिकॉप्टर का मलबा

पहले भी इस कंपनी के हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुए

ट्रांस भारत एविएशन के हेलिकॉप्टर से जुड़ी यह पहली दुर्घटना नहीं है। इससे पहले भी कंपनी के हेलिकॉप्टरों की केदारनाथ मंदिर के पास और सेरसी हेलिपैड के निकट सड़क पर क्रैश लैंडिंग हो चुकी है। वहीं, कुछ दिन पहले इसी कंपनी के एक हेलिकॉप्टर की टिहरी जिले के चंबा के पास आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी थी।

जबलपुर

शनिवार 31 अक्टूबर 2026

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-6

वर्ष : 21, अंक : 177

पृष्ठ : 2+12=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 23

न्यून. 20

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

सोयाबीन और मक्का की खरीदी हो सकेगी

मप्र में अवकाश के दिनों में भी खुली रहेंगी सरकारी मंडियां



भोपाल। मप्र के सरकारी मंडियों में अवकाश के दिन भी सोयाबीन और मक्का की खरीदी हो सकेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सोया और मक्का उत्पादन किसानों की सुविधा के लिए अवकाश के दिनों में भी खरीदी के लिए मंडियां खुली रखने का निर्णय लिया गया है। किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। आदेश जारी कर दिया गया है।

haribhoomi.com



मप्र के करीब साढ़े आठ लाख शासकीय सेवकों व पेंशनर्स को दीपावली से पहले

मोहन सरकार का तोहफा

शासकीय सेवकों के डीए में दो फीसदी की बढ़ोतरी, अब बढ़कर '60 प्रतिशत' हुआ

- 9 महीने का एरियर तीन किस्तों में मिलेगा
- अक्टूबर के वेतन से मिलेगा बढ़ा हुआ भत्ता
- पेंशनर्स के डीआर में भी 2 फीसदी की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र के करीब साढ़े आठ लाख शासकीय सेवकों व पेंशनर्स को मोहन सरकार ने दीपावली पर मंहगाई भत्ता (डीए) व मंहगाई राहत (डीआर) में बढ़ोतरी का तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसकी घोषणा सोशल मीडिया एक्स पर की है। इस अनुसार शासकीय सेवकों के अक्टूबर महीने के बढ़ी हुई दर से वेतन मिल सकेगा। अभी तक शासकीय सेवकों को 58 फीसदी डीए मिलता था, अब यह



बढ़कर 60 फीसदी हो जाएगा। एक अनुमानित आंकड़े के अनुसार मप्र में कुल करीब साढ़े पांच लाख शासकीय सेवक हैं। जबकि पेंशनर्स की संख्या करीब तीन लाख है। राज्य शासन ने इस निर्णय के बाद प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगा। बढ़ी हुई दर जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। इससे कर्मचारियों को बढ़े हुए भत्ते का लाभ मिलने के साथ पिछले नौ महीनों का एरियर भी मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों और अधिकारियों के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि करने जा रही है। यह जनवरी से देय होगी। सरकार शासकीय सेवकों और पेंशनर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके साथ खड़ी है। राज्य सरकार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी मंहगाई राहत (डीआर) में बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। पेंशनर्स की महंगाई राहत (डीआर) में जुलाई 2026 से 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी।

अक्टूबर के वेतन का भुगतान नवंबर में किया जाएगा

राज्य शासन के अनुसार जनवरी से सितंबर 2026 तक के नौ महीने के एरियर का भुगतान तीन समान मासिक किस्तों में किया जाएगा। इससे कर्मचारियों को एक साथ पूरी बकाया राशि मिलने के बजाए तीन किस्तों में भुगतान किया जाएगा। जबकि अक्टूबर के वेतन का भुगतान नवंबर में किया जाएगा। इस वेतन में कर्मचारियों को बढ़े हुए महंगाई भत्ते का नकद लाभ मिलेगा। इस तरह नवंबर में मिलने वाले वेतन से डीए की बढ़ी हुई दर का लाभ शुरू हो जाएगा

बढ़ी हुई दर को इस तरह से समझें

डीए में 2 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद शासकीय सेवकों को मिलने वाली अतिरिक्त राशि उनके मूल वेतन पर निर्भर करेगी। यदि किसी शासकीय सेवक का मूल वेतन 30 हजार रुपए है, तो 2 फीसदी की बढ़ोतरी से उसे प्रतिमाह करीब 600 रुपए अतिरिक्त मिलेंगे। इसी तरह 40 हजार रुपए मूल वेतन वाले कर्मचारी को 800 रुपए और 50 हजार रुपए मूल वेतन वाले कर्मचारी को 1,000 रुपए प्रतिमाह का अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय पैकेज देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

इंदौर में भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा, महारैली में बोले मांडविया

भाजपा ने शक्ति प्रदर्शन से दिया कांग्रेस को कड़ा संदेश

विपक्ष देश में अशांति, भ्रम और अराजकता फैला रहा

जनता समझ चुकी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पूर्णतः संविधान के अनुसार चल रहा है



पदयात्रा में दिग्गज

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर की सड़कों पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी ने अपनी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा और महारैली के जरिए जबर्दस्त सियासी शक्ति प्रदर्शन किया। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर विपक्ष द्वारा खड़े किए जा रहे सवालों के जवाब में आयोजित इस रैली में जनसैलाब उमड़ पड़ा। परदेशीपुरा स्थित सुभाष नगर चौराहे से शुरू होकर पाटनीपुरा चौराहे तक निकली इस पदयात्रा में केंद्रीय खेल एवं श्रम मंत्री मनसुख मांडविया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्य प्रदेश भाजपा प्रभारी बिप्लब कुमार देब, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय समेत कई दिग्गज नेता मुख्य रूप से शामिल हुए। रैली के मुख्य वक्ता केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने विपक्ष पर देश में अशांति और अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी चुनाव आयोग या लोकतांत्रिक संस्थाएं मतदाता सूचियों को पारदर्शी और शुद्ध बनाने के लिए काम करती हैं, विपक्ष भ्रम फैलाना शुरू कर देता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती देख देश में भय व भ्रम का माहौल बनाना चाहते हैं। लेकिन जनता समझ चुकी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पूर्णतः संविधान के अनुसार चल रहा है।



- ***अराजकता पैदा करने वालों को जनता नकार चुकी है***
- **लोकतंत्र की रक्षा के लिए आम नागरिक सड़क पर उतरकर सरकार के साथ खड़ा**

झूठ की राजनीति बंद करें राहुल और कांग्रेसः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विपक्ष के नैरेटिव पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास जताकर देश के लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि हार से बौखलाई कांग्रेस लगातार झूठ और अफवाहों का सहारा ले रही है। राहुल गांधी और उनके सहयोगी जब भी जनता के बीच जाते हैं, नकारात्मकता फैलाते हैं। मध्य प्रदेश शांति, विकास और सुशासन की धरती है, यहां अराजकता फैलाने की हर कोशिश को नाकाम किया जाएगा। मतदाता सूची का शुद्धिकरण निष्पक्ष चुनाव की बुनियाद है, और भाजपा जनता के हर वोट की शुचिता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

जनता ने विपक्ष के पाखंड को पहचान लिया है: बिप्लब

प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा का यह अभियान केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जब चुनाव जीतता है तो सब ठीक रहता है, लेकिन जब हारता है तो ईवीएम और मतदाता सूचियों पर सवाल उठाकर संस्थाओं की विश्वसनीयता पर हमला बोलता है। जनता विपक्ष के इस दोहरे चरित्र को भली-भांति जानती है। मध्य प्रदेश का हर नागरिक मोदी सरकार और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ मजबूती से खड़ा है।

सुभाष नगर से पाटनीपुरा तक भगवा रंग में रंगा इंदौर

सुबह 10 बजे सुभाष नगर चौराहे से शुरू हुई पदयात्रा का पूरा मार्ग भगवा ध्वजों, बैनरों और कटआउट्स से पटा नजर आया। रथ पर सवार शीर्ष नेताओं का जगह-जगह सामाजिक संगठनों, व्यापारी संघों, साधु-संतों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान हजारों कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर विपक्ष विरोधी और राष्ट्रहित के नारे लगाते हुए चल रहे थे। पाटनीपुरा चौराहे पर यात्रा के समापन के बाद एक विशाल जनसभा आयोजित की गई, जहां नेताओं ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर तीखे राजनीतिक प्रहार किए।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दिए निर्देश

रोजगार सहायकों को भी यात्रा भत्ता, 6 महीने में बनेगी नीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्यप्रदेश की ग्राम पंचायतों में कार्यरत करीब 23 हजार ग्राम रोजगार सहायकों को तबादले के मामले में हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सरकार यदि रोजगार सहायकों का स्थानांतरण करती है तो उन्हें नियमानुसार अनिवार्य यात्रा भत्ता, यात्रा भत्ता और अन्य अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी। न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने राज्य रोजगार गारंटी परिषद के आयुक्त को छह माह के भीतर इस संबंध में सुव्यवस्थित नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं।मामले में सिंगरौली निवासी अमित कुमार मिश्रा, शहडोल के शिवाकांत मिश्रा और राजेश कुमार, सागर के रानू राजपूत तथा टीकमगढ़ के अभिषेक पटेरिया ने 18 जुलाई 2025 को संयुक्त याचिका दायर की थी।

18 हजार मानदेय में 100 किमी दूर जाना मुश्किल

याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि ग्राम रोजगार सहायकों को करीब 18 हजार रुपए मासिक मानदेय मिलता है। ऐसे में यदि किसी कर्मचारी को उसके मूल कार्यस्थल से 100 किलोमीटर दूर स्थानांतरित किया जाता है तो यात्रा और आवास का अतिरिक्त खर्च उठाना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने तबादलों पर रोक लगाने की मांग भी की थी। हालांकि, कोर्ट ने स्थानांतरण पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग स्वीकार नहीं की। यानी शासन प्रशासनिक जरूरत के अनुसार रोजगार सहायकों का तबादला कर सकेगा, लेकिन उन्हें नियमानुसार आर्थिक सुविधाएं देनी होंगी।

खबर संक्षेप

भाजपा के पूर्व सांसद आरके सिन्हा का निधन



नई दिल्ली। भाजपा के संस्थापक सदस्यों में शामिल पूर्व राज्यसभा सांसद और उद्योगपति आरके सिन्हा का शुक्रवार को निधन हो गया। उन्होंने नोएडा स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर दिल्ली से पटना ले जाया जाएगा। सिन्हा सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज (एसआईएस) ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन थे। उन्होंने 1974 में पटना से कंपनी की शुरुआत की थी। उनके नेतृत्व में एसआईएस ने सुरक्षा और मानव संसाधन सेवाओं के क्षेत्र में देश-विदेश में कारोबार का विस्तार किया।



भोपाल में तापमान में एक दिन में हुई 6.8 डिग्री की गिरावट

अर्नब तूफान ने दिन में गिराया 6 डिग्री पारा आज उत्तर और पूर्वी इलाकों में होगी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अर्नब चक्रवाती तूफान ने प्रदेश भर में रात के साथ दिन का पारा भी गिरा दिया है, जिससे प्रदेश में बादलों का डेरा जमा हुआ है। शुक्रवार को पूर्वी क्षेत्र के छतरपुर, खजुराहो, राजगढ़ और सीधी जिलों में बारिश भी दर्ज की गई। दिनभर बादलों की मौजूदगी से दिन के तापमान में पांच से छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जबकि रात का पारा सामान्य से दो से तीन डिग्री अधिक रहा। इसके अलावा नौगांव में 2.0 मिलीमीटर, सतना, शिवपुरी, टीकमगढ़, उमरिया में 1.0 मिलीमीटर, दतिया में 0.8 मिलीमीटर सागर में 0.7 मिलीमीटर, जबलपुर, मलाजखंड और रीवा में 0.4 मिलीमीटर पानी गिरा।

शुक्रवार को पूर्वी जिलों में गिरा पानी रविवार से साफ होगा आसमान



उत्तर की ठंडी हवाएं घोलेंगी ठंडक

इस बार नवंबर माह में उमस पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। मानसून के साथ आने वाली नम हवाएं अब उत्तरी ठंडी हवाओं में बदल जाएंगी। जिससे रात के तापमान में गिरावट आएगी और सुबह गुलाबी ठंडक महसूस होगी।

चार बड़े शहरों का तापमान

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
भोपाल	24.8	20.0
इंदौर	26.6	19.8
ग्वालियर	22.6	20.5
जबलपुर	23.9	19.4

(डिग्री सेल्सियस में)

शिवराज सिंह की मां काशीबाई का निधन

7 दिन से भोपाल एम्स में थीं भर्ती सांस संबंधी बीमारी से थीं पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां काशीबाई का शुक्रवार सुबह भोपाल एम्स में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे करीब 76 वर्ष की थीं। सांस संबंधी बीमारी के चलते उन्हें एक सप्ताह पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। परिजनों के अनुसार काशीबाई का अंतिम संस्कार शुक्रवार दोपहर तीन बजे उनके पैतृक गांव जैत, जिला सीहोर में किया गया। उनके निधन की जानकारी शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर साझा की। उन्होंने लिखा कि मां का जाना जीवन में ऐसी रिक्तता छोड़ जाता है, जिसे कोई भर नहीं सकता। उनकी स्मृतियां मन को भावुक कर रही हैं। मां के निधन के बाद शिवराज ने अपने सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं।



■ केंद्रीय मंत्री ने रद्द किए सभी कार्यक्रम

आरोप लगाने वाली रश्मि भाटिया का यू-टर्न

तनाव में बनाया था वीडियो, मंत्री और उनके परिवार से अच्छे संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट मंत्री और अलीराजपुर विधायक नागर सिंह चौहान पर गंभीर आरोप लगाने वाली रश्मि भाटिया ने अपने बयान से यू-टर्न ले लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर नया वीडियो जारी कर सफाई दी कि पहले वायरल हुआ वीडियो और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लिखा पत्र उन्होंने ही तैयार किया था, लेकिन उस समय वह मानसिक तनाव और फ्रस्ट्रेशन में थीं। रश्मि ने कहा कि उनका नागर सिंह चौहान और उनके परिवार को बदनाम करने का कोई इरादा नहीं था। मंत्री के साथ उनके सामान्य और अच्छे संबंध हैं। उनकी पत्नी अनीता चौहान से भी अच्छे रिश्ते हैं और दोनों परिवारों के बीच पुराना परिचय है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि उनके नए बयान को स्वीकार किया जाए।



■ मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दी सफाई

खबर संक्षेप

बुद्ध से जुड़े पवित्र अवशेष आज आएंगे अरुणाचल

तवांग। भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेष पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश में 3 सप्ताह तक



चलने वाली प्रदर्शनी के लिए लाए जाएंगे। प्रदर्शनी की शुरुआत शनिवार को तवांग से होगी। ये अवशेष दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय में हैं। शनिवार को प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद ये रविवार तक प्रसिद्ध तवांग स्मारक में रखे जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने मणिपुर का दौरा नहीं कियाः उइके

इंफाल। मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके ने राज्य में हिंसा को लेकर बड़ा बयान दिया था।



उन्होंने कहा कि लोग प्रधानमंत्री को पसंद करते हैं पर हिंसा प्रभावित राज्य का दौरा करने नहीं पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को लेकर कहा था कि ऐसे कड़े फैसले नहीं लिए जिनसे स्थिति में कोई सकारात्मक बदलाव हो।

सोमनाथ के पास नॉन-वेज की बिक्री पर बैन रद्द

सोमनाथ। गुजरात हाईकोर्ट ने सोमनाथ मंदिर के आसपास नॉन-वेज खाने की बिक्री पर राज्य



सरकार की ओर से लगाई गई पाबंदियों को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने रोक लगाने की राज्य की मांग खारिज कर दी है। सरकार ने मंदिर के 500 मीटर के दायरे में मांसाहारी भोजन की बिक्री और भंडारण पर बैन का बचाव किया था।

प्रधानमंत्री ने गुजरात के बनासकांठा से 14000 हजार करोड़ की सौगात दी

आपके आलू का कोई सोना नहीं बना सकता किसानों को आधुनिक खेती से मिल रहा लाभ

'बनास डेयरी' जैसा सहकारी ब्रांड देश के कई हिस्सों में आगे बढ़ रहा



एजेंसी ▶▶ बनासकांठा

पीएम मोदी का राहुल गांधी पर तंज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गुजरात के 2 दिन के दौरे पर पहुंचे। पहले दिन प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के बनासकांठा से राज्य को 14000 हजार करोड़ की सौगात दी। विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और विपक्ष पर किसानों को धोखा देने का आरोप लगाया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आलू से सोना बनाने वाले बयान पर चुटकी ली। प्रधानमंत्री ने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा कि आज बनासकांठा के आलू दुनिया भर में मशहूर हैं। और कोई भी बनासकांठा के किसी व्यक्ति के पास आकर यह दावा करने की हिम्मत नहीं करेगा कि वह आलू को सोने में बदल सकता है। यहां हमारे पास 'बनास डेयरी' जैसा एक सहकारी ब्रांड है, जो सहकारी आंदोलन को न केवल यहां, बल्कि काशी सहित देश के में भी आगे बढ़ा रहा है।



परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाते प्रधानमंत्री मोदी

विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया

पशुपालन को वैज्ञानिक बनाने के प्रयास

पीएम मोदी ने कहा कि पशुपालन हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है और इसमें महिलाओं की बड़ी भागीदारी है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत देशी नस्लों के वैज्ञानिक प्रजनन और संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। बनासकांठा का रिसर्च सेंटर इस मिशन को और मजबूती देगा। आईवीएफ जैसी आधुनिक तकनीक भी इसमें मदद कर रही है। पशुओं के मुफ्त टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 150 करोड़ टीके लगाए जा चुके हैं। इससे 8 करोड़ से अधिक किसानों के पशुओं को मुफ्त टीके लगे है और इससे उनका खर्च का बोझ भी कम हुआ है।

12 क्लस्टरों से बागवानी को मिलेगा बढ़ावा

प्रधानमंत्री ने फल और सब्जियां उगाने वाले किसानों के लिए क्लस्टर विकास कार्यक्रम का भी जिक्र किया। टमाटर, आलू, मिर्च, अंगूर, केला, प्याज, संतरा, अनार और कोको जैसी फसलों के लिए 12 क्लस्टरों को मंजूरी दी गई है। इस योजना का मकसद किसानों को खेती के आधुनिक तरीके अपनाने और उत्पादन बढ़ाने में मदद करना है। किसान नए बाग लगा सकेंगे और पुराने बागों को भी दोबारा बेहतर बना सकेंगे।

बनासकांठा और साबरकांठा के आलू किसानों को मिलेगा लाभ

मोदी ने बताया कि उत्तर गुजरात के लिए दो क्लस्टर मंजूर किए गए हैं। इनका सीधा फायदा बनासकांठा और साबरकांठा के आलू किसानों को मिलने की उम्मीद है। इससे किसानों को उत्पादन के साथ-साथ खेती से जुड़े दूसरे कामों में भी मदद मिलेगी।

बनास डेयरी के सहकारी मॉडल की भी तारीफ

प्रधानमंत्री ने बनास डेयरी की तारीफ करते हुए कहा कि उसने सहकारी आंदोलन को गुजरात से बाहर भी आगे बढ़ाया है। काशी सहित देश के दूसरे हिस्सों को भी इसके अनुभव और सेवाओं का लाभ मिल रहा है। किसानों और पशुपालकों को लाभ है रहा है।

बनासकांठा में रोड शो में उमड़ा जन-सैलाब



शुरुआत में बनासकांठा में एक रोडशो के साथ करने वाले मोदी ने किसानों की एक सभा में कहा कि जब देश खाड़ी क्षेत्र में अनिश्चितताओं और तनाव का सामना कर रहा था, तब उनके विरोधियों ने अफवाहें फैलाईं। उन्होंने खाद की बढ़ती कीमतों पर बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरिया के एक बैग की कीमत 3,000 रुपए है, जबकि भारतीय किसानों को यह उस कीमत के दसवें हिस्से से भी कम, यानी 300 रुपए प्रति बैग से भी कम दाम पर मिल जाता है। मोदी ने बताया कि डाई-अमोनियम फॉस्फेट की अंतरराष्ट्रीय कीमत 5,000 रुपए प्रति बैग है, लेकिन भारतीय किसानों को यह 1,350 रुपए में ही मिल रही है।

विधानसभा चुनाव से पहले शाह बोले

अगर भाजपा यूपी में सत्ता में लौटी तो यूसीसी लागू करेंगे



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर बड़ा बयान दिया है। शाह ने भाजपा कार्यसमिति की बैठक में लखनऊ में कहा कि कई प्रदेशों में यूसीसी लागू हो चुका है, अगर पार्टी अगले साल विधानसभा चुनाव में सत्ता में वापस आती है तो वह उत्तर प्रदेश में यूसीसी लागू करेगी। शाह ने लखनऊ में दिन भर चली यूपी भाजपा स्टेट एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग में पार्टी नेताओं से कहा कि इस बार, जब सरकार सत्ता में आएगी, तो उत्तर प्रदेश में यूसीसी लागू किया जाएगा। कई राज्यों में यह पहले ही लागू हो चुका है। अगर आप उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाते हैं, तो हम इसे लागू करेंगे। इस बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार के पूरे मंत्रिमंडल, भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों तथा पार्टी की क्षेत्रीय और जिला इकाइयों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। गृह मंत्री शाह इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं।

मोदी चौथी बार भी पीएम बनेंगे

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने ऐलान कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद चौथी बार भी देश के पीएम बनेंगे। उत्तर प्रदेश भाजपा की नवगठित प्रदेश कार्यसमिति की पहली बैठक में शाह ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत तमाम बड़े नेताओं की मौजूदगी में लखनऊ से देश को एक तरह से संदेश दिया है कि नरेंद्र मोदी कहीं नहीं जा रहे हैं और आगे भी सरकार का नेतृत्व उनके ही पास होगा। पीएम मोदी के बाद भाजपा से प्रधानंत्री कौन को लेकर अटकलों के मद्देनजर अमित शाह का यह बयान काफी अहम और इच्छुक लोगों की जिज्ञासा शांत करने वाला दो टूक मैसेज है।

यह विनाश बनाम विकास और जातिवाद बनाम राष्ट्रवाद की लड़ाईः पंकज चौधरी

इससे पहले उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने आगामी चुनावी मुकाबले को विनाश बनाम विकास और जातिवाद बनाम राष्ट्रवाद के बीच एक निर्णायक लड़ाई बताया। चौधरी ने पार्टी के सहयोगियों से रक्षात्मक रुख न अपनाने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें विपक्ष के आरोपों का जवाब तथ्यों और ठोस प्रमाणों के साथ देना चाहिए। चुनावों की तैयारी के मद्देनजर रणनीति और आगे की रूपरेखा तैयार करने के लिए यह पूरे दिन चलने वाला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

500 करोड़ के ऑडियो क्लिप पर बवाल

सच्चाई दबाने में जुटीं भाजपा-शिवसेना, सही जांच होः जरांगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने 500 करोड़ रसे जुड़े कथित ऑडियो क्लिप को लेकर राज्य की सियासत में हलचल तेज कर दी है। उन्होंने भाजपा और शिवसेना पर इस मामले की सच्चाई दबाने का आरोप लगाया। जरांगे का दावा है कि ऑडियो क्लिप पूरी तरह असली है और इसे फर्जी साबित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले की जांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों या किसी जज की निगरानी में कराई जाए। जालना जिले के अंकुशनगर में जरांगे ने कहा कि कुछ लोग इस ऑडियो को फर्जी बताकर मामले को दबाना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सच्चाई सामने आने से कुछ नेताओं को परेशानी हो रही है। रिकॉर्डिंग को झूठा साबित करने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने दावा किया कि सीएम देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे साजिश रच रहे हैं।

आयुर्वेद ने 2 संस्थानों के साथ किया समझौता, आईपीआर शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने आयुर्वेद के क्षेत्र में तकनीक आधारित समाधान विकसित करने को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय एआई चैलेंज लॉन्च किया है। पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में अनुसंधान, नवाचार और व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने के लिए दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये घोषणाएं इनक्यूबेशन सेंटर के छठे स्थापना दिवस के अवसर पर की गईं। आयुर्वेद के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार सुविधा की शुरुआत भी की गई।



हाईकोर्ट की सख्त चेतावनी, वरना होगी अवमानना की कारवाई

निजी मेडिकल कॉलेजों में ईडब्ल्यूएस आरक्षण चार सप्ताह में लागू करने के निर्देश



जबलपुर। मध्य प्रदेश के निजी मेडिकल कॉलेजों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के छात्रों के लिए आरक्षण लागू न होने पर मप्र हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की स्पेशल डिवीजन बेंच ने केंद्र और राज्य सरकार समेत सभी 8 प्रतिवादियों को चार सप्ताह के भीतर पुराने आदेश का पालन करने का कड़ा निर्देश दिया है। कोर्ट ने साफ किया है कि तय समय सीमा में आदेश का पालन न होने पर सभी संबंधित पक्षों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी।

यह पूरा मामला जबलपुर के छात्र अथर्व चतुर्वेदी द्वारा शुरू की गई कानूनी लड़ाई से आगे बढ़कर अब एक व्यापक जनहित का मुद्दा बन चुका है। हाई कोर्ट ने 17 दिसंबर 2024 को अपने आदेश में स्पष्ट किया था कि निजी मेडिकल कॉलेजों में ईडब्ल्यूएस आरक्षण का लाभ देने के लिए सीटों की संख्या बढ़ाई जाए। तय समय बीत जाने के बावजूद प्रक्रिया पूरी न होने पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि कोई भी पक्ष अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकता।

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया कि उन्हें ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करने पर कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते तय नियमों और आयोग की मंजूरियों का पालन किया जाए। कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि जब काउंसिलिंग के जरिए अन्य श्रेणियों के छात्रों को लाभ मिल रहा है, तो ईडब्ल्यूएस वर्ग के छात्रों को इस सुविधा से वंचित क्यों रखा जा रहा है। मामले में प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग सचिव, तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं प्रशिक्षण विभाग सचिव,संचालक तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं प्रशिक्षण विभाग,आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, नेशनल मेडिकल कमीशन, सचिव नई दिल्ली सुख सागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल चरगवां जबलपुर,भारत सरकार सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली को नोटिस जारी कर अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

हाईकोर्ट का फैसला

स्लीमनाबाद के कब्रिस्तान विवाद पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश

जबलपुर। मप्र उच्च हाईकोर्ट ने स्लीमनाबाद के मुस्लिम समुदाय को बड़ी राहत देते हुए खसरा नंबर 54 स्थित कब्रिस्तान मामले में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। जस्टिस प्रणय वर्मा की सिंगल बेंच ने यह अंतरिम आदेश स्लीमनाबाद के नसीम शाह की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से कोर्ट को बताया गया कि खसरा नंबर 53 (1 एकड़) कब्रिस्तान के लिए चिन्हित था। इसके भरने के बाद पिछले 150-200 वर्षों से सटे खसरा नंबर 54 (3 एकड़ 17½ डिसमिल) के हिस्से का उपयोग दफन भूमि के रूप में किया जा रहा था। वर्ष 2025 में असामाजिक तत्वों द्वारा इसके कब्जे में बाधा डालने पर सिविल वाद दायर किया गया था, जिसे निचली अदालतों ने खारिज कर दिया था। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा था। कोर्ट के इस फैसले से समुदाय में खुशी की लहर है। स्थानीय मस्जिद में दुआ कर अल्लाह का शुक्रिया अदा किया गया। साथ ही, समाज ने स्थानीय मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर आपसी सद्भाव, शांति और देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को बनाए रखने का संकल्प लिया।



आधुनिक लैब का जायजा लेकर रोजगारपरक प्रशिक्षण के दिए निर्देश

जबलपुर आईटीआई की प्रशिक्षण क्षमता 2 हजार से बढ़ाकर 5 हजार होगी : मुख्य सचिव

जबलपुर। मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत शासकीय संभागीय आईटीआई, जबलपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान की प्रशिक्षण क्षमता 2 हजार से बढ़ाकर 5 हजार प्रशिक्षार्थी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को आधुनिक तकनीकी एवं रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक अधोसंरचना और संसाधनों का विस्तार किया जाए। मुख्य सचिव ने ड्रोन तकनीशियन, फैशन टेक्नोलॉजी, मैकेनिक मोटर व्हीकल एवं जेरियाट्रिक ओल्ड एज केयर की लैब और कार्यशालाओं का अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से सीधा संवाद कर उनके प्रोजेक्ट, प्रशिक्षण और रोजगार की संभावनाओं की जानकारी ली तथा उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अधिकारियों को प्रशिक्षण पाठ्यक्रम स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप तैयार करने, कैंपस प्लेसमेंट को बढ़ावा देने और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त धनंजय सिंह भदौरिया, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, संयुक्त संचालक डॉ. अर्पित शुक्ला, आईटीआई प्राचार्य अमित आठ्या सहित जिला प्रशासन एवं संस्थान के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जबलपुर संभाग के बंधपत्र चिकित्सकों से किया संवाद

मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने स्वास्थ्य कार्यक्रमों का करें प्रभावी क्रियान्वयन: उप मुख्यमंत्री

जबलपुर। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जबलपुर संभाग के अंतर्गत जबलपुर, मंडला एवं नरसिंहपुर जिलों में पदस्थ बंधपत्र चिकित्सकों से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सकों को पूरी प्रतिबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए मनोयोग से सेवा प्रदाय करने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, उनकी गुणवत्ता में सुधार और आम नागरिकों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। बंधपत्र चिकित्सक ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने चिकित्सकों से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, एनीमिया नियंत्रण, सिकल सेल रोग की पहचान एवं प्रबंधन तथा गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) से संबंधित कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बंधपत्र चिकित्सकों की पदस्थापना, ज्वाइनिंग, कार्यपरिस्थितियों एवं उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएमएचओ) को निर्देश दिए कि चिकित्सकों के रहने, भोजन, पेयजल, विद्युत तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। चिकित्सकों को सकारात्मक एवं सहयोगपूर्ण कार्य वातावरण उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे पूरी क्षमता और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दे सकें। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। जिला स्तर पर आवश्यक प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के साथ ही संबंधित खंड चिकित्सा अधिकारियों (बीएमओ) को भी अपने क्षेत्र में पदस्थ चिकित्सकों की सुविधाओं एवं कार्यप्रणाली की नियमित निगरानी के निर्देश दिए।

मंडला जिले की समीक्षा के दौरान सीएमएचओ डॉ. डी.जे. मोहंती ने जानकारी दी कि जिले में कुल 67 बंधपत्र चिकित्सक पदस्थ किए गए हैं, जिनमें से 50 चिकित्सक ज्वाइन कर सेवाएं दे रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने शेष चिकित्सकों की ज्वाइनिंग की स्थिति की समीक्षा करने तथा पदस्थ चिकित्सकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने मंडला जिले के बीजाडांडी विकासखंड के ग्राम जमथर में पदस्थ बंधपत्र चिकित्सक डॉ. आशीष पारस से सीधे संवाद कर उनकी कार्यस्थिति एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि चिकित्सक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे निर्धारित ओपीडी एवं सेवा स्थल पर उपस्थित रहें, ताकि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। उन्होंने बिजली एवं पानी की समस्या के निराकरण और स्वास्थ्य संस्था में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जबलपुर के मझगवां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ बंधपत्र चिकित्सक डॉ. अंजू मरावी से संवाद किया। उन्होंने चिकित्सक से कार्यक्षेत्र में आने वाली समस्याओं, ओपीडी के समय, टेलीमेडिसिन सेवाओं, अस्पताल में उपलब्ध दवाओं तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मानव संसाधनों की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जबलपुर कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी, बंधपत्र चिकित्सक नोडल डॉ. पंकज ग्रोवर, डॉ. कमलेश वर्मा, डॉ. वैशाली खन्ना सहित जबलपुर, मंडला एवं नरसिंहपुर के संबंधित बीएमओ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं अस्पताल प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित रहे।

कार और ऑटो की भिड़ंत दोनों चालक घायल

जबलपुर। संजीवनी नगर थाना क्षेत्र में लाल मैदान के पास कछपुरा मोड़ पर कार और ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में ऑटो चालक को चोटें आईं और दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद दोनों वाहन चालकों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस के अनुसार, संजीवनी नगर निवासी 61 वर्षीय सुनील कुमार झा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कार क्रमांक केए 51 एमपी 7978 से पत्नी और बेटी के साथ बाजार जा रहा था। लाल मैदान के पास कछपुरा मोड़ पर सामने से आ रहे ऑटो क्रमांक एमपी 20 एक्सए 5155 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार के बाईं ओर टक्कर मार दी। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। सुनील और उसकी बेटी ने ऑटो चालक को उठाने का प्रयास किया तो आरोप है कि वह गाली-गलौज करने लगा। वहीं, ऑटो चालक 42 वर्षीय अंशुल अग्रवाल, निवासी बस्ती नंबर-2 अमखेरा ने पुलिस को बताया कि वह दोपहर करीब 3.30 बजे रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 से रैपिडो के माध्यम से मिला सामान कछपुरा छोड़ने जा रहा था। लाल मैदान-कछपुरा मोड़ पर सामने से आ रही कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे उसका ऑटो बिजली के खंभे से टकरा गया। हादसे में ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया और अंशुल के हाथ, पैर तथा कमर में चोटें आईं। पुलिस ने सुनील झा की शिकायत पर धारा 281 एवं 324(4) बीएनएस और अंशुल अग्रवाल की शिकायत पर धारा 281 एवं 125(ए) बीएनएस के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

39 किलो 500 ग्राम कार्बाइड, 14 कार्बाइड गन, सात सर्किट और सात प्लास्टिक पाइप जब्त

प्रतिबंधित कार्बाइड गन के अवैध कारोबार पर पुलिस की दबिश, तीन आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर। प्रतिबंधित कार्बाइड गन के अवैध निर्माण और विक्रय के खिलाफ क्राइम ब्रांच, थाना कुंडम एवं थाना मदनमहल पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 39 किलो 500 ग्राम कैल्शियम कार्बाइड, 14 कार्बाइड गन, सात सर्किट और सात प्लास्टिक पाइप जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ जिला दंडाधिकारी के प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्रवाई की गई

पुलिस के अनुसार 29 अक्टूबर की शाम क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि बाजार मोहल्ला बघराजी निवासी 58 वर्षीय दशरथ बड़गइयां ने अपने मकान में बिक्री के लिए कार्बाइड गन रखी हैं। सूचना पर क्राइम ब्रांच और कुंडम पुलिस की संयुक्त टीम ने दबिश दी। तलाशी के दौरान मकान में सीढ़ियों के पास प्लास्टिक पाइप से तैयार 10 कार्बाइड गन, गन बनाने में इस्तेमाल होने वाले सात प्लास्टिक पाइप, सात सर्किट और बोरी में रखा 11 किलो 500 ग्राम कार्बाइड बरामद हुआ। पुलिस ने सामग्री जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 223 बीएनएस एवं विस्फोटक अधिनियम की धारा 9(बी) के तहत कार्रवाई की।इसी दौरान पुलिस टीम ने बघराजी स्थित एक दुकान पर



दबिश देकर दुकान संचालक 29 वर्षीय चित्रांश साहू निवासी ग्राम बघराजी के कब्जे से प्लास्टिक पाइप से तैयार चार कार्बाइड गन बरामद कीं। पुलिस ने गन जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 223 बीएनएस के तहत कार्रवाई की।

मदनमहल पुलिस ने भी जब्त किया 28 किलो कार्बाइड

दूसरी कार्रवाई में मदनमहल पुलिस ने 29 अक्टूबर को पेट्रोलिंग के दौरान बंसल ब्लड बैंक के पास सुखेजा टावर स्थित लाठिया ट्रेडर्स पर जांच की। दुकान संचालक 49 वर्षीय विजय साहू, निवासी गोल्डन टाउन, माढ़ोताल की दुकान में रखे ड्रम से 28 किलो कैल्शियम कार्बाइड बरामद हुआ। इसकी कीमत करीब 2800 रुपये बताई गई है। पुलिस ने कार्बाइड जब्त कर जिला दंडाधिकारी के 17 अक्टूबर 2026 के आदेश का उल्लंघन करने पर आरोपी के खिलाफ धारा 223(ए) बीएनएस के तहत कार्रवाई की।कार्बाइड गन एवं निर्माण सामग्री की जब्ती में क्राइम ब्रांच और कुंडम थाने के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका रही। वहीं मदनमहल क्षेत्र में कार्रवाई में बस स्टैंड चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जगन्नाथ यादव, प्रधान आरक्षक दीपक कुमार बकोड़े एवं आरक्षक लक्ष्मीनारायण का योगदान रहा।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने विभिन्न संगठनों के साथ की बैठक

गोलबाजार से निकलेगी पदयात्रा, मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष होंगे शामिल

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान पदयात्रा 2 नवंबर को

जबलपुर। लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत 2 नवंबर को जबलपुर में आयोजित होने वाली विशाल पदयात्रा में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने नागरिकों, प्रबुद्धजनों, युवाओं और सामाजिक संगठनों से पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर देश की एकता और लोकतंत्र की रक्षा का संदेश देने का आह्वान किया।

उल्लेखनीय है कि 2 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की उपस्थिति में शहीद स्मारक, गोलबाजार से पदयात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारियों को लेकर मंत्री राकेश सिंह ने निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, खेल संगठनों, बार एसोसिएशन, आईएमए, होटल, हॉस्पिटल, बिल्डर्स, टैक्स बार, सीए बार, कैट, जीतो, ऑटोमोबाइल एसोसिएशन सहित विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों के



प्रतिनिधियों से चर्चा की। बैठक में राकेश सिंह ने कांग्रेस के शासनकाल और वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए विपक्ष पर देश में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर कहा कि यह कोई नई प्रक्रिया नहीं है। निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 1952 से अलग-अलग समय पर विभिन्न सरकारों के कार्यकाल में मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण के लिए यह प्रक्रिया अपनाई जाती रही है। उन्होंने 1952 से लेकर 2002-03 तक के उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस और भाजपा, दोनों के शासनकाल में SIR की प्रक्रिया संपन्न हुई है। ऐसे में वर्तमान प्रक्रिया पर सवाल उठाना विपक्ष का दोहरा रवैया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाता सूची की शुद्धता आवश्यक है। भाजपा नेतृत्व, कार्यकर्ता और सामाजिक संगठनों के लोग पदयात्रा के माध्यम से जनता के बीच पहुंचकर संवाद करेंगे। बैठक में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

डेयरी स्टेट में डेयरियों की शिफ्टिंग नहीं होने पर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने उठाया सवाल

नर्मदा, परियट और गौर नदी किनारे की डेयरियों से जल प्रदूषण का आरोप, एनजीटी में नई याचिका

जबलपुर। नर्मदा, परियट और गौर नदियों के किनारों पर संचालित डेयरियों के कारण जल प्रदूषण की स्थिति को लेकर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) का दरवाजा खटखटाया है। मंच का आरोप है कि नदियों के किनारे स्थापित डेयरियों और शहर के अन्य स्थानों पर संचालित डेयरियों को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ग्राम खमरिया में आवंटित भूमि पर विकसित डेयरी स्टेट में स्थानांतरित नहीं किया गया है। इसके कारण नदियों का जल प्रदूषित हो रहा है और अन्य क्षेत्रों में भी प्रदूषण फैल रहा है।

मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नजपांडे ने 29 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रीय हरित अधिकरण की सेंट्रल जोन बेंच भोपाल में अवमानना याचिका दायर की है। याचिका में डेयरियों को निर्धारित डेयरी स्टेट में शिफ्ट नहीं किए जाने का मुद्दा उठाया गया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता प्रभात यादव के अनुसार डेयरियों से संबंधित मामले में पूर्व में ही राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा आदेश पारित किए जा चुके हैं,



लेकिन उनका पालन नहीं किया गया। मंच का कहना है कि आदेशों के बावजूद डेयरियों का स्थानांतरण नहीं होने से नदियों और आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण की समस्या बनी हुई है। मंच ने इस स्थिति को चिंताजनक बताते हुए संबंधित आदेशों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

रन फॉर यूनिटी आज

जबलपुर। देश के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर 31 अक्टूबर को सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही जबलपुर शहर में भी रन फॉर यूनिटी (एकता के लिये दौड़) का आयोजन किया जायेगा। रन फॉर यूनिटी सुबह 8 बजे रानीताल खेल परिसर से प्रारंभ होगी। तीन किलोमीटर लंबी यह दौड़ हनुमान मंदिर, महाराष्ट्र स्कूल, यातायात तिराहा, तीन पत्ती चौराहा और राइट टाउन स्टेडियम होते हुए वापस रानीताल खेल परिसर पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी के अनुसार रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह करेंगे। इसके पहले लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया जायेगा तथा राष्ट्रीय एकता की शपथ ली जायेगी। रन फॉर यूनिटी में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के छात्र सदस्य तथा विभिन्न खेल संघों से जुड़े खिलाड़ी शामिल होंगे। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने रन फॉर यूनिटी में सहभागिता करने वाले युवा एवं नागरिकों से सुबह 7.30 बजे तक रानीताल खेल परिसर पहुंचने का अग्रह किया है।

मक्का, सोया खरीदी व किसानों के हित में अवकाश में भी खुलेंगी मंडी

जबलपुर। राज्य सरकार सोयाबीन और मक्का उत्पादन किसानों के लिए हितों की संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सोया और मक्का उत्पादन किसानों की सुविधा के लिए अवकाश के दिनों में भी खरीदी के लिए मंडियाँ खुली रखने का निर्णय लिया गया है। किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंडी बोर्ड के सभी संयुक्त संचालक को निर्देश दिए गए है कि वे अवकाश के दिनों में भी किसानों के लिए मंडी खुली रखें। वर्तमान में प्रदेश की मंडियों में अधिसूचित कृषि उपज की आवक अधिक मात्रा में हो रही है। इस अवधि में कृषकों को अपनी कृषि उपज का शीघ्र विक्रय कर उसकी राशि प्राप्त करने की आवश्यकता रहती है। ऐसी स्थिति में मंडियों में अवकाश रहने से कृषकों को अपनी उपज के विक्रय के लिये आगामी कार्य दिवस तक प्रतीक्षा करनती पड़ सकती है, जिससे न केवल कृषि उपज के विक्रय में विलंब होगा, बल्कि कृषकों को आर्थिक एवं व्यावहारिक असुविधा का सामना भी करना पड़ेगा। कृषकों की सुविधा एवं उनके हितों को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक है कि अवकाश दिवसों में भी मंडियों में कृषि उपज के विपणन की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों के साथ आवश्यक चर्चा एवं बैठक कर समुचित समन्वय स्थापित करें। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें, जिससे अवकाश दिवसों में भी मंडी प्रांगण एवं उपमंडी प्रांगण में कृषि उपज विपणन गतिविधियाँ संचालित हो सकें। कृषकों को अपनी कृषि उपज के विक्रय में अनावश्यक विलंब अथवा किसी प्रकार की असुविधा न हो।



12 सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनर्स ने किया मौन प्रदर्शन

जबलपुर। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष एच.पी. उरमलिया के नेतृत्व में पेंशनर्स ने 12 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर दो घंटे का मौन प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र कलेक्टर के प्रोटोकॉल अधिकारी को सौंपकर शीघ्र निराकरण की मांग की। प्रमुख मांगों में जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई राहत एरियर्स सहित देने, पेंशनर्स को 20 लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, छठवें एवं सातवें वेतनमान के लंबित एरियर्स का भुगतान तथा जुलाई 2019 से केंद्र के समान महंगाई राहत देने की मांग शामिल रही। इसके अलावा 1 जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन संशोधित करने की मांग भी उठाई गई। प्रदर्शन में एच.पी. उरमलिया, एस.के. पांडेय, मोहन अग्रवाल, विजय चौकसे, आनंद कुमार शुक्ला, आर.एस. सक्सेना, पी.एस. परिहार, आर.के. श्रीवास्तव, आर.पी. चौबे, एस.के. खरे, राधारमण तिवारी, उमेश हंस सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सैकड़ों पेंशनर्स उपस्थित रहे।

सामान्य वर्ग के 16 अभ्यर्थियों ने शासन और पीएससी को भेजा लीगल नोटिस

ओबीसी के 13% होल्ड रिजल्ट पर गरमाई सियासत

जबलपुर। प्रदेश में 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण और 13 प्रतिशत होल्ड रिजल्ट का विवाद गहराता जा रहा है। हाईकोर्ट की जबलपुर प्रधान बेंच द्वारा 9 अक्टूबर को 27% ओबीसी आरक्षण एक्ट को असंवैधानिक घोषित कर 14% के तहत रिजल्ट जारी करने और 13% होल्ड पद अनारक्षित श्रेणी को देने के आदेश के बाद अब कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई है।



इसी क्रम में, पीएससी की विभिन्न परीक्षाओं के 13% होल्ड रिजल्ट वाले सामान्य वर्ग के 16 अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट के अधिवक्ता अंशुल तिवारी के माध्यम से मध्य प्रदेश शासन के मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव और एमपीपीएससी को लीगल नोटिस भेजा है।

नोटिस में कहा गया है कि हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद 13% होल्ड किए गए पदों का आवंटन मेरिट के आधार पर अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को देने में देरी की जा रही है। नोटिस भेजने वालों में राज्य सेवा परीक्षा 2019, 2021, 2022, स्टेट इंजीनियरिंग परीक्षा 2021, राज्य वन सेवा परीक्षा 2021, आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर परीक्षा 2021 और असिस्टेंट प्रोफेसर (रसायन, इतिहास, भूगोल) परीक्षाओं के अभ्यर्थी शामिल हैं।

अभ्यर्थियों ने मांग की है कि आदेश का पालन करते हुए उनके रुके हुए परिणाम तत्काल जारी किए जाएं। ऐसा न होने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है, जिससे प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है।



22 नवंबर को होगी सूर्य हाफ मैराथन सेना ने की सहभागिता की अपील

जबलपुर। सूर्य हाफ मैराथन 2026 के प्रचार-प्रसार एवं आयोजन में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से जबलपुर छावनी विधायक अशोक रोहाणी ने मध्य भारत एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल हरबिंदर सिंह वांद्रा (एवीएसएम, एसएम) से मुलाकात की। इस दौरान 22 नवंबर 2026 को जबलपुर में आयोजित होने वाली सूर्य हाफ मैराथन के प्रचार-प्रसार, युवाओं की भागीदारी एवं सामुदायिक सहयोग पर चर्चा हुई। मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में आयोजित इस मैराथन का उद्देश्य फिटनेस, स्वस्थ जीवनशैली एवं खेल भावना को बढ़ावा देने के साथ सिविल-सैन्य संबंधों को मजबूत करना है। भारतीय सेना ने नागरिकों, शैक्षणिक संस्थानों एवं फिटनेस प्रेमियों से आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर भाजपा करेगी माल्यार्पण

जबलपुर। लौह पुरुष एवं देश की एकता-अखंडता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर शनिवार को भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुबह 10:30 बजे विजय नगर स्थित एसबीआई चौक के पीछे सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

सरदार पटेल की जयंती पर होंगे आयोजन



सिहोरा। लौह पुरुष एवं देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर आज सिहोरा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ग्राम कचनारी एवं मझौली तहसील के ग्राम पोंडा स्थित सरदार पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कुर्मी क्षत्रिय पटेल समाज सिहोरा-मझौली के अध्यक्ष एडवोकेट रमेश पटेल ने बताया कि जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम पनागर तहसील के ग्राम कालाडूमर में सुबह 11 बजे आयोजित होगा। समाज के पदाधिकारियों ने सभी समाजजनों से कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है। अपील करने वालों में एडवोकेट रामगोपाल पटेल, राममिलन पटेल, बलराम पटेल, जिलाध्यक्ष छोटे पटेल, दिलीप पटेल, केके पटेल, बहादुर पटेल, जितेंद्र दीवान, विनय पटेल, सुरेंद्र पटेल, डीसी पटेल, गंगा पटेल, बृजेश पटेल, अवसर पटेल, अनिल पटेल, चंद्रजीत पटेल, भारत पटेल, अरविंद पटेल एवं विश्वेश्वर पटेल शामिल हैं।



चांद निकलते ही महिलाओं ने खोला करवा चौथ का व्रत

बरेला। अखंड सौभाग्य एवं पति की दीर्घायु की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ रखा। महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर शाम को भगवान शिव-पार्वती एवं करवा माता की पूजा-अर्चना की। रात्रि में चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य दिया और पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया।सरपंच आशीष शुक्ला के निवास पर प्रतिवर्ष की तरह सामूहिक पूजन का आयोजन हुआ। प्रारंभ में अरविंद तिवारी-शारदा, प्रसन्न उपाध्याय-लक्ष्मी, आशीष शुक्ला-प्रिया एवं अभय शुक्ला-सुष्मिता ने पूजन-अर्चन एवं आरती की।इसके बाद अशोक-गुड्डी यादव, बेनी-रेखा, अनिल-संध्या, दिनेश-रिंकी, सुनील-आरती, सुशील-वंदना, पिंटू नेमा, मोंटी-अंजलि, कुंदन-रोशनी, बृजेश-राखी, रोहणी-मुन्नी, अखिलेश-सविता, जितेंद्र-निधि एवं सचिन-अंजलि सहित महिलाओं ने करवा चौथ की कथा सुनकर व्रत का समापन किया।



रेल अधिकारियों को ईमानदारी और पारदर्शिता का दिया संदेश

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में सतर्कता सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ कार्य करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पश्चिम मध्य रेल के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी नीरज कुमार रहे। उनका स्वागत अपर मंडल रेल प्रबंधक दिनेश कुमार कलामे ने किया। नीरज कुमार ने सतर्कता प्रकरणों की जानकारी देते हुए नियमों के पालन और कार्यप्रणाली में सजगता रखने पर जोर दिया। उप मुख्य सतर्कता अधिकारियों ने पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभिन्न सतर्कता प्रकरणों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता, वरिष्ठ मंडल अभियंता राहुल जयपुरियार, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता अनुराग पांडेय

12वीं के बाद रक्षा तकनीक में मिले पांच साल का प्रशिक्षण

जबलपुर। युवाओं को रक्षा तकनीक में दक्ष बनाने और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को प्रस्ताव भेजकर 12वीं पास युवाओं के लिए पांच वर्षीय विशेष प्रशिक्षण योजना शुरू करने की मांग की है। संगठन के जबलपुर अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वाधवानी ने प्रस्ताव में ड्रोन, मिसाइल, रोबोटिक्स, अंतरिक्ष विज्ञान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा एवं आधुनिक रक्षा उपकरणों के निर्माण का प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया है। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान पढ़ाई के साथ मासिक वेतन अथवा वजीफा देने की मांग की है। प्रस्ताव में IIT, NIT, DRDO, ISRO एवं रक्षा उत्पादन संस्थानों के सहयोग से प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने तथा युवाओं को रोजगार एवं अनुसंधान के अवसर देने की बात कही गई है। योजना के लिए विशेषज्ञ समिति गठित कर पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने का भी आग्रह किया गया है। इस पहल में एडवोकेट भावना निगम, एडवोकेट आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. अशोक मेथवानी, डॉ. आशीष डेंगरा एवं डॉ. आनंद बेहरानी शामिल रहे।



ग्राम रीछी में कृषक संगोष्ठी आयोजित

सिहोरा। किसानों को रबी फसलों एवं सब्जियों की बेहतर पैदावार और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से पुष्कल एग्रोटेक लिमिटेड द्वारा ग्राम रीछी में कृषक संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में कंपनी के रिटेल स्टोर मैनेजर जुगल किशोर ठाकुर, कृषि अधिकारी अतुल मिश्रा, विनोद द्विवेदी एवं लवकुश कुशवाहा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा गेहूं, चना, मटर एवं सब्जियों में संतुलित उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, कीट एवं रोगों की पहचान और फसल सुरक्षा के उपाय बताए। किसानों को फसलों की आवश्यकता के अनुसार कृषि आदानों का उपयोग करने तथा वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य किसानों को जागरूक कर उत्पादन एवं पैदावार में सुधार करना रहा।

पेंशनर्स ने मांगा 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता

मझौली। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश की तहसील शाखा मझौली ने शासन से पेंशनरों को 5 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई राहत देने की मांग की है। एसोसिएशन ने जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत एवं जुलाई 2026 से 3 प्रतिशत वृद्धि के आदेश दीपावली के पूर्व जारी करने की मांग उठाई है। साथ ही जनवरी से अब तक की एरियर राशि का भुगतान एकमुश्त करने की मांग की गई है। तहसील अध्यक्ष नादिर कुरैशी सहित वेद प्रकाश साहू, बलवीर सिंह ठाकुर, राजेंद्र सोनी, उमेश गर्ग, हिमाचल सिंह, विजय पटेल, राजेंद्र दुबे, चरणलाल सेन, मुहम्मद हुसैन, लालजी दुबे, ओमप्रकाश शर्मा एवं सुरेंद्र कुमार तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों और पेंशनरों ने शासन से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है।



नहरों का बेहतर रखरखाव होगा: इंजी. अनिल तिवारी

सिहोरा। रबी फसल में किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सिहोरा एवं मझौली तहसील की नहरों का उचित रखरखाव एवं संधारण किया जाएगा। यह आश्वासन नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-4 के कार्यपालन यंत्री अनिल तिवारी ने जल उपभोक्ता संस्था के अध्यक्षों की बैठक में दिया। नर्मदा विकास संभाग कार्यालय में आयोजित बैठक में जल उपभोक्ता संस्था संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र पटेल मुख्य अतिथि रहे। बैठक की अध्यक्षता अनिल तिवारी ने की। इस दौरान संस्था अध्यक्षों ने नहरों के रखरखाव में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए बताया कि लमकना क्षेत्र की कई नहरें क्षतिग्रस्त हैं और उनमें झाड़ियां उग आई हैं। अध्यक्षों ने नहरों की मरम्मत, बाईं ओर मुरम डालकर सड़क निर्माण तथा निचली नहरों से खेतों तक पानी पहुंचाने की मांग की। उन्होंने निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में संस्था पदाधिकारियों को विश्वास में लेने की बात भी कही। बैठक में एसडीओ हिमांशु प्रजापति, नीतू कटेरे सहित चंद्रजीत पटेल, मनोज साहू, सतीश चौबे, अनिल कुमार पटेल, हुकुमचंद पटेल, भारत लाल पटेल, रोहित कुमार पटेल, अवधेश पटेल, देवी सिंह ठाकुर, अंकित कुमार भट्ट, इंद्र सिंह एवं वीरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

पेंशनर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

सिहोरा। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांतीय महामंत्री राकेश पाठक के नेतृत्व में संभागीय आयुक्त धनंजय सिंह भदौरिया एवं कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा से मुलाकात कर शिक्षकों की लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने जबलपुर एवं कटनी के जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा 35 वर्षीय चतुर्थ क्रमोन्नति के प्रकरण चार माह से अधिक समय तक लंबित रखने तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों के प्रकरण जिला कोषालयों में अटके होने की जानकारी देकर ज्ञापन सौंपा। इस पर संभागीय आयुक्त ने संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा तथा संयुक्त संचालक शिक्षा को फोन पर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भी समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संभागीय संयोजक कृष्ण गोपाल पाठक, जिला संयोजक राम निरंजन दुबे, प्रहलाद नायक, हरिशंकर गौतम, गणेश प्रसाद चतुर्वेदी एवं मैथिली शरण नायक उपस्थित रहे।



बस स्टैंड पर सट्टा कारोबार, दो आरोपी गिरफ्तार



बरेला। नगर के बस स्टैंड सहित बाजार मोहल्ला एवं किसानी मोहल्ला में सट्टे का कारोबार संचालित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार इस अवैध गतिविधि के कारण युवा और गरीब तबका इसकी चपेट में आ रहा है। दिनभर की कमाई सट्टे में गंवाने से कई परिवार प्रभावित हो रहे हैं। नागरिकों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। इधर, बरेला पुलिस ने बस स्टैंड पर सट्टा पट्टी लिखते हुए जीते अवस्थी एवं लक्ष्मण को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से क्रमशः 1260 और 260 रुपये नकद जब्त किए हैं। हालांकि, जब्त राशि को लेकर नगर में अलग-अलग चर्चाएं हैं। नागरिकों ने सट्टे के अवैध कारोबार पर लगातार कार्रवाई की मांग की है।



घोघरा वाटरफॉल: पर्यटकों के लिए बनेगी नई पार्किंग, रंगमंच का भी भूमिपूजन

भेड़ाघाट। नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा लमहेता घाट एवं घोघरा घाट में नवीन पार्किंग निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 12 में रंगमंच निर्माण का भूमिपूजन किया गया। पार्किंग निर्माण से घोघरा वाटरफॉल सहित आसपास के पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों को वाहन खड़े करने में सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, उपाध्यक्ष जगदीश दहिया, पार्षद महेश तिवारी, अजय पटेल, रमेश यादव एवं सुनीता मरावी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रम झरिया, इंजीनियर निधि परोहा, लक्ष्मी नारायण दुबे, अमित मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि एवं नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे। नगर परिषद की इस पहल से पर्यटन सुविधाओं के विस्तार एवं स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।

33 साल की सेवा के बाद दो कर्मचारी सेवानिवृत्त



मझौली। नगर परिषद मझौली में सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित कर दो वरिष्ठ कर्मचारियों लक्ष्मी नारायण राजपूत एवं संजय सोहनी को भावभीनी विदाई दी गई। राजस्व उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ लक्ष्मी नारायण राजपूत तथा सहायक ग्रेड-1 अकाउंटेंट संजय सोहनी लगभग 33 वर्षों की सेवाएं पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए।समारोह में दोनों कर्मचारियों के मिलनसार स्वभाव, ईमानदारी एवं उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना की गई। नगर परिषद के कर्मचारियों, पार्षदों एवं गणमान्य नागरिकों ने शाल एवं श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया।इस अवसर पर उपस्थितजनों ने दोनों के सेवाकाल को सराहनीय बताते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



श्री मोहित पांडे- चांदमारी ओम कला मंदिर रोड लालमाटी निवासी श्री हरिशंकर पांडे के पुत्र श्री मोहित पांडे (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री विजय कुमार जायसवाल- गंगासागर तालाब के पास गढ़ा रोड निवासी श्री विजय कुमार जायसवाल (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती राम बाई बेन- गुरंदी बाजार के निकट निवासी श्री धर्मेंद्र बेन की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई बेन (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती मीरा श्रीवास्तव- आनंद विहार शास्त्री नगर निवासी श्री बसंत श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा श्रीवास्तव (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सावित्री बाई पटेल- प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री सुंदर लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री बाई पटेल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री रामकृष्ण चमकेल- कजरवारा नई बस्ती निवासी श्री तुलसीदास चमकेल के पुत्र श्री रामकृष्ण चमकेल (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अरूण विश्वकर्मा- फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री अरूण विश्वकर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राम अवतार चौधरी- बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ के पास गौरीघाट रोड निवासी श्री राम अवतार चौधरी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती दुर्गा बाई जायसवाल- खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री शिव प्रसाद जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई जायसवाल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री सुदामा विश्वकर्मा- बीटी तिराहा गढ़ा निवासी श्री सुदामा विश्वकर्मा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती गुड्डी बाई चौधरी- बाबा टोला शास्त्री वार्ड निवासी श्री कन्छेदी चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गुड्डी बाई चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उद्घाटन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
डिस्प्ले साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
डिस्प्ले साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
डिस्प्ले साइज 1x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

खबर संक्षेप

एसजेवीएन का मुनाफा हुआ दोगुना से अधिक



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एसजेवीएन लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 657.72 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 307.60 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

एथर का लाभ 26 फीसदी बढ़कर 68 करोड़ रुपए

मुंबई। विशेष रसायन बनाने वाली कंपनी एथर इंडस्ट्रीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (सितंबर) तिमाही में 26.62 प्रतिशत बढ़कर 67.99 करोड़ रुपये हो गया। 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 53.95 करोड़ रुपये था। तिमाही में उसकी परिचालन आय 23.95 प्रतिशत बढ़कर 347.21 करोड़ रुपये हो गई।

वरुण बेवरेजेज का लाभ बढ़कर 830 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। पेप्सिको की सबसे बड़ी 'फ्रेंचाइजी बॉटलर' कंपनी वरुण बेवरेजेज लिमिटेड का तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 13.54 प्रतिशत बढ़कर 830.6 करोड़ रुपये रहा। भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बिक्री की मात्रा में दहाई अंक की वृद्धि से कंपनी का लाभ बढ़ा। तिमाही में शुद्ध लाभ 731.51 करोड़ रुपये रहा था।

मैक्स हेल्थकेयर का लाभ 10 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। मैक्स हेल्थकेयर इंस्टिट्यूट लिमिटेड का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 10.34 प्रतिशत बढ़कर 448 करोड़ रुपये हो गया। 2025-26 की दूसरी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 406 करोड़ रुपये था। मैक्स हेल्थकेयर ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी सकल आय 20 प्रतिशत बढ़कर 3,219 करोड़ रुपये हो गई।

एयरटेल अफ्रीका के लाभ में 16 फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। एयरटेल अफ्रीका का वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 16 प्रतिशत बढ़कर 25.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। कंपनी ने बीते वित्त 2025-26 की समान तिमाही में 21.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर का शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की आय 26 प्रतिशत बढ़कर 197 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गई।

जीएमडीसी के मुनाफे में 63 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की खनन एवं खनिज कंपनी गुजरात मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (जीएमडीसी) का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 63.3 प्रतिशत घटकर 170.79 करोड़ रुपये रहा। बीते वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी ने 465.75 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 986.78 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 635.76 करोड़ रुपये थी।

1 नवंबर से डायरेक्ट म्यूचुअल फंड होगा पहला विकल्प, निवेशकों को होगा लाभ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए 1 नवंबर से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अब डायरेक्ट म्यूचुअल फंड प्लान डिफॉल्ट ऑप्शन होंगे।

- रेगुलर प्लान में डिस्ट्रीब्यूटर से जुड़ा खर्च भी शामिल होता है

यानी निवेश करते समय निवेशकों को सबसे पहले डायरेक्ट प्लान का ऑप्शन दिखेगा। वहीं, रेगुलर प्लान चुनने वालों को उसके ज्यादा एक्सपेंस रेश्यो की जानकारी भी देनी होगी। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने यह जानकारी दी। सेबी के इस कदम का मकसद निवेशकों को निवेश की लागत समझने और बेहतर फैसला लेने में मदद करना है। डायरेक्ट प्लान में निवेशक बिना किसी डिस्ट्रीब्यूटर के म्यूचुअल फंड खरीदते हैं। वहीं, रेगुलर प्लान में डिस्ट्रीब्यूटर से जुड़ा खर्च भी शामिल होता है।

निवेशकों को निवेश की लागत समझने में मदद मिलेगी

निवेश से पहले लागत और जोखिम समझना जरूरी

तुहिन कांत पांडे ने कहा कि निवेश करना आसान होना ही काफी नहीं है, बल्कि निवेशकों को यह भी समझना चाहिए कि वे किस चीज में पैसा लगा रहे हैं, उसका खर्च कितना है और उसमें कितना जोखिम है। उन्होंने सेबी के निवेशक सर्वे का हवाला देते हुए बताया कि 63 प्रतिशत परिवारों को सिक्योरिटीज मार्केट के कम से कम एक प्रोडक्ट की जानकारी है। हालांकि, इनमें से सिर्फ करीब 9.5 प्रतिशत परिवार ही बाजार में निवेश करते हैं।



विदेशी निवेशकों के लिए भी आसान होगी प्रक्रिया

सेबी चीफ ने भारतीय बाजार में विदेशी निवेशकों की भागीदारी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार काफी हद तक दुनिया के बड़े बाजारों के बराबर हैं, लेकिन नियमों के पालन से जुड़ा बोझ कम करने की जरूरत है। सेबी यह देखेगा कि भारतीय बाजार में काम करने वाले लोगों और कंपनियों पर दूसरे विकसित और उभरते बाजारों के मुकाबले ज्यादा नियमों का बोझ तो नहीं है। इसके लिए रेगुलेटर कुछ मौजूदा नियमों में बदलाव को लेकर जल्द कंसल्टेशन पेपर भी जारी करेगा। इसके अलावा, तुहिन कांत पांडे ने बताया कि विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय बाजार में निवेश की प्रक्रिया को तेज और आसान बनाने के लिए सेबी, भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मिलकर काम कर रहा है।

दोनों प्लान एक ही स्कीम में निवेश करते हैं

दोनों प्लान एक ही म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश करते हैं और उनका पोर्टफोलियो भी एक जैसा होता है। लेकिन डायरेक्ट प्लान का एक्सपेंस रेश्यो आमतौर पर कम होता है। इससे लंबे समय में निवेशकों के रिटर्न पर असर पड़ सकता है। निवेशक चाहें तो रेगुलर प्लान भी चुन सकेंगे। हालांकि, ऐसा करने पर उन्हें ज्यादा एक्सपेंस रेश्यो के बारे में बताया जाएगा।

व्यापक दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया

दूरसंचार कंपनियों को एआई नीति की निदेशक मंडल से लेनी होगी मंजूरी: ट्राई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई ने दूरसंचार नेटवर्क और सेवाओं में कृत्रिम मेधा (एआई) के जिम्मेदार इस्तेमाल के लिए शुक्रवार को व्यापक दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किए। इसके तहत दूरसंचार कंपनियों को निदेशक मंडल से स्वीकृत एआई नीति बनानी होगी, विशेष निगरानी एवं सुरक्षा समितियां गठित करनी होंगी और एआई से जुड़ी गंभीर घटनाओं की जानकारी ट्राई को देनी होगी।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने संबंधित पक्षों से सुझाव मांगने के लिए जारी मसौदे में कहा है कि कंपनियां अपने नेटवर्क और सेवाओं में इस्तेमाल होने वाली एआई प्रणालियों के परिणामों के लिए जवाबदेह होंगी।

यह जिम्मेदारी इस बात से प्रभावित नहीं होगी कि एआई प्रणाली कंपनी ने खुद विकसित की है या आउटसोर्स की है। ट्राई ने मसौदा दिशानिर्देशों पर हितधारकों से 27 नवंबर तक सुझाव मांगे हैं।

खास बातें

- विशेष निगरानी एवं सुरक्षा समितियां गठित करनी होंगी
- गंभीर घटनाओं की जानकारी ट्राई को देनी होगी
- कंपनियां एआई प्रणालियों के परिणामों के लिए जवाबदेह होंगी

एआई प्रणालियों को तीन श्रेणियों में बांटना होगा

मसौदा दिशानिर्देशों के मुताबिक, एआई का इस्तेमाल करने वाली दूरसंचार कंपनियों और अन्य अधिकृत इकाइयों को अपनी एआई प्रणालियों को उच्च, मध्यम और निम्न जोखिम वाली श्रेणियों में बांटना होगा। यह वर्गीकरण नेटवर्क परिचालन, वित्तीय एवं परिचालन परिणामों और उपभोक्ताओं पर संभावित प्रभाव के आधार पर किया जाएगा।



शिकायतों के निपटारे की व्यवस्था शामिल होगी : प्रत्येक कंपनी को अपने निदेशक मंडल या समकक्ष संचालन निकाय से मंजूर एक आंतरिक एआई नीति बनानी होगी। इसमें जोखिम का वर्गीकरण, एआई प्रणाली को इस्तेमाल की मंजूरी, घटनाओं का प्रबंधन, मानवीय निगरानी, डेटा का प्रबंधन और उपभोक्ता शिकायतों के निपटारे की व्यवस्था शामिल होगी।

मानवीय निगरानी होगी अनिवार्य : मसौदे में कहा गया है कि जोखिम कम करने के लिए सभी एआई प्रणालियों पर पहले से तय व्यवस्था के तहत उचित मानवीय निगरानी अनिवार्य होगी। ट्राई ने एआई से जुड़ी घटनाओं को गंभीरता के आधार पर चार श्रेणियों-गंभीर, उच्च, मध्यम और निम्न में बांटने का प्रस्ताव किया है।

वर्ष में एक बार समीक्षा जरूरी होगी

समिति को प्रत्येक वित्त वर्ष में कम-से-कम एक बार एआई प्रणालियों के प्रदर्शन की समीक्षा करनी होगी। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त समीक्षा भी की जा सकेगी। इसके आधार पर जरूरी सुधारात्मक कदम उठाने होंगे। इनमें संबंधित एआई प्रणाली में बदलाव करना या जरूरत पड़ने पर उसे बंद करना भी शामिल है।

लागू करने से पहले आकलन अनिवार्य

दिशानिर्देशों में नई एआई प्रणाली लागू करने या मौजूदा प्रणाली में बदलाव करने से पहले उसका सत्यापन, निर्धारित मानकों के अनुरूप होने की जांच और प्रभाव का आकलन अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। इसमें प्रणाली की सटीकता, मजबूती, उसके कामकाज को समझने की क्षमता, निष्पक्षता, समय के साथ मॉडल के प्रदर्शन में बदलाव के प्रति उसकी संवेदनशीलता और मानवीय निगरानी की व्यवस्था का आकलन शामिल होगा।

उपभोक्ताओं के नुकसान व शिकायतों का रखना होगा रिकॉर्ड

गंभीर और उच्च श्रेणी की घटनाओं की जानकारी निर्धारित प्रारूप, तरीके और समयसीमा के भीतर ट्राई को देना अनिवार्य होगा। दूरसंचार कंपनियों को एआई से जुड़ी घटनाओं और इसके कारण उपभोक्ताओं को हुए नुकसान की शिकायतों का केंद्रीय रिकॉर्ड भी रखना होगा। इसके साथ ही ऐसी घटनाओं की जांच, नुकसान कम करने और समाधान के लिए व्यवस्था बनानी होगी।

देशभर में एक नवंबर से शुरू होगा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश भर में एक नवंबर से 2,000 शहरों और जिलों में डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान शुरू किया जाएगा। यह अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान है।

पेंशन जारी रखने के लिए पेंशनभोगियों को हर साल जीवन प्रमाणपत्र जमा करना होता है। डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र के जरिये यह प्रक्रिया 'जीवन प्रमाण' नामक बायोमेट्रिक आधारित डिजिटल सेवा से पूरी की जा सकती है।

कार्मिक मंत्रालय के बयान के अनुसार, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग एक नवंबर से से पांचवां राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान शुरू करेगा, जो 30 नवंबर, 2026 को समाप्त होगा। यह अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान होगा। सरकार ने कहा कि इस अभियान के लिए पेंशन वितरित करने वाले बैंकों, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, पेंशनभोगी कल्याण संघों, रक्षा महालेखा नियंत्रक (सीजीडीए), दूरसंचार विभाग, रेलवे, ईपीएफओ, राज्य सरकारों, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ समन्वय किया जाएगा।



- देश के 2000 शहरों और जिलों में शुरू किया जाएगा डीएलसी
- पेंशन जारी रखने पेंशनभोगियों को देना होता है डीएलसी

स्वास्थ्य की जांच व आधार अपडेट जैसी सुविधा शामिल

इनमें पेंशनधारकों के स्वास्थ्य की जांच और आधार में जानकारी 'अपडेट' करने जैसी सुविधाएं शामिल हैं। जरूरत पड़ने पर पेंशनधारकों को उनके घर पर भी सेवाएं दी जाएंगी। सरकार ने कहा कि डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र से जुड़ी शिकायतों के निपटान के लिए शिकायत अधिकारी तैनात किए जाएंगे, जो उनका तत्काल समाधान सुनिश्चित करेंगे।

बैंक ऋण 17.94% बढ़ा, जमा की वृद्धि दर से आगे निकला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बैंकों ऋण 15 अक्टूबर तक सालाना आधार पर 17.94 प्रतिशत बढ़कर 232.54 लाख करोड़ रुपये हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह कहा।

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान बैंक जमा में 16.60 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पंद्रह अक्टूबर, 2026 तक बैंकों में कुल जमा राशि बढ़कर 284.37 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो 17 अक्टूबर, 2025 तक 243.88 लाख करोड़ रुपये थी। इस तरह जमा में सालाना आधार पर 16.60 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 15 अक्टूबर, 2026 तक बैंक ऋण 232.54 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल 17 अक्टूबर को 197.17 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह इसमें सालाना आधार पर 17.94 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ऋण में तेज वृद्धि की एक वजह अक्टूबर के शुरुआती दिनों में बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त नकदी उपलब्ध होना और त्योहार रहा। आरबीआई की रियायती सुविधा के तहत बैंकों को बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) (एफसीएनआर-बी) जमा मिलने से बैंकों में नकदी की उपलब्धता बढ़ गई थी। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, एक से 15 अक्टूबर के बीच बैंकिंग प्रणाली में अतिरिक्त नकदी का स्तर दो लाख करोड़ रुपये से 4.5 लाख करोड़ रुपये के बीच रहा।



- आरबीआई ने कहा, बैंक ऋण बढ़कर हुआ 232 लाख करोड़
- बैंक जमा में 16 .60 प्रतिशत की वृद्धि हुई

बैंकों में औसत 5.9 लाख की नगदी रही

अगस्त 2026 में हुई पिछली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद से नकदी समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत शुद्ध स्थिति के आधार पर बैंकिंग प्रणाली में प्रतिदिन औसतन 5.9 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी रही। एलएएफ के तहत प्रतिदिन औसतन शुद्ध नकदी निकासी जुलाई 2026 में 1.2 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर अगस्त में 5.8 लाख करोड़ रुपये और सितंबर में 7.8 लाख करोड़ रुपये हो गयी।

- ट्रेंट, आईटी शेयरों में निवेशकों की रही खरीदारी
- विदेशी निवेशकों की खरीदारी सीमित रही

शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़ा, सेंसेक्स में 308 अंक की तेजी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों और खुदरा कंपनी ट्रेंट के शेयरों में जोरदार लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स 308 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 116 अंक की तेजी रही। वैश्विक बाजारों में कमजोर संकेतों के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेजी का रुख रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से शेयर बाजार की बढ़त सीमित रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 308.49 अंक चढ़कर 74,459.53 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 591.55 अंक बढ़कर 74,742.59 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 116.35 अंक के साथ 23,053.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में ट्रेंट का शेयर सर्वाधिक 5.20 प्रतिशत चढ़ गया। टाटा समूह की खुदरा कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया था कि सितंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 468 करोड़ रुपये रहा।



जियो प्लेटफॉर्म्स तीन सत्र में 28 प्रतिशत उछला : रिलायंस समूह की डिजिटल सेवा कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद से अब तक करीब 28 प्रतिशत चढ़ चुका है। बीएसई में कंपनी का शेयर शुक्रवार को निर्गम मूल्य से 27.89 प्रतिशत उछलकर 1,431.20 रुपये पर रहा।

एटमबर्ग और पंजाब कार्बोनिक को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

नई दिल्ली। घरेलू उपकरण बनाने वाली कंपनी एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज और कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) के संग्रहण एवं उपयोग के साथ औद्योगिक गैस समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी पंजाब कार्बोनिक को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये पूंजी जुटाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज के आईपीओ के लिए मसौदा दस्तावेज अगस्त में मिले थे, जबकि पंजाब कार्बोनिक ने अप्रैल में मसौदा दस्तावेज जमा किए थे। इन दस्तावेजों की समीक्षा के बाद नियामक ने 29-30 अक्टूबर के दौरान दोनों कंपनियों को अंतिम टिप्पणियां दीं।

चांदी 8,300 रु. टूटकर निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमत 8,300 रुपये लुढ़ककर करीब 11 महीने के निचले स्तर 1.90 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेज गिरावट के कारण कीमती धातुओं में बिकवाली से चांदी के दाम टूटे। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,300 रुपये टूटकर 1,45,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर रहा। बृहस्पतिवार को इसका भाव 1,46,500 रुपये प्रति 10 ग्राम था। पिछले कारोबारी सत्र में मामूली बढ़त दर्ज करने के बाद चांदी में गिरावट आई।

चांदी का भाव 8,300 रुपये गिरकर 1,90,200 रुपये प्रति किलोग्राम रहा, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,98,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। चांदी का भाव इससे पहले 10 दिसंबर, 2025 को इस स्तर के आसपास था।



- सोना 1,300 रुपए फिसलकर 1,45,200 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी लुढ़कर 1.90 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर

आदित्य बिड़ला कैपिटल का लाभ 38 प्रतिशत बढ़ा ...

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला कैपिटल का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 38 प्रतिशत बढ़कर 1,288 करोड़ रुपये रहा। विभिन्न कारोबारों में मजबूत वृद्धि से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 933.52 करोड़ रुपये था। आदित्य बिड़ला कैपिटल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 14,003 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 10,595 करोड़ रुपये थी।

इस साल सूखे के संकट के कारण फसलों को काफी नुकसान पहुंचा

देश में अब विदेश से आएगा आटा, तेल, सोयाबीन और मक्का

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कारोबारी साल 2026-27 में भारत खाने-पीने की तमाम चीजों के साथ-साथ पशु चारे और कृषि क्षेत्र से जुड़े कच्चे माल का आयात बढ़ा सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार दरअसल, इस साल सूखे के संकट के बीच फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। इससे घरेलू स्तर पर आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

- भारत कारोबारी वर्ष में खाने-पीने की तमाम चीजों का आयात बढ़ा सकता है

रिपोर्ट के मुताबिक, सोयाबीन और मूंगफली खरीफ सीजन की प्रमुख फसलें हैं। कमजोर मानसून से इन्हें नुकसान पहुंचने से देश के भीतर खाद्य तेलों और पशु-आहार की भारी किल्लत हो गई है। ऐसे में आने वाले समय में खाद्य तेल का आयात बढ़ सकता है। अब चूंकि मक्का और सोयाबीन मील जैसे पशु चारे के दाम बढ़े हैं, तो इसका बुरा असर डेयरी और पोल्ट्री उद्योग पर पड़ा है। इससे आम उपभोक्ताओं के लिए अंडे, दूध और चिकन की कीमतें बढ़ गई हैं।

सोयाबीन और मक्का आयात की मांग

पोल्ट्री फीड बनाने वाली कंपनियां सोयाबीन मील और मक्का आयात करने की अनुमति मांग रही हैं और कपड़ा निर्माता कपास पर आयात शुल्क हटाने की मांग कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि स्टार्च उद्योग को इस बात की चिंता है कि अगर मक्के का एक बड़ा हिस्सा इथेनॉल उत्पादन में चला जाता है, तो चीन से स्टार्च के आयात की जरूरत बढ़ सकती है। इन्हीं सब चिंताओं के बीच सर्दियों में होने वाली सरसों की फसल को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है।



सोयाबीन पर क्या है संकट?: सोयाबीन की फसलों पर मौसम की दोहरी मार पड़ी है। पिछले साल अत्यधिक और बेमौसम बारिश के कारण पकी हुई फसलें खेतों में ही सड़ गई थीं। वहीं, अब इस वित्तीय वर्ष (2026-27) में मानसून की बेरुखी ने मराठवाड़ा, विदर्भ, तेलंगाना और मध्य प्रदेश के सोयाबीन बेल्ट में फसलों को नुकसान पहुंचाया है। उद्योग जगत ने सरकार से 3 मिलियन टन सोयाबीन मील (सोयाबीन की खली) के आयात की अनुमति मांगी है। पोल्ट्री फीड में सोयाबीन मील और मक्के की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत है और इनकी ऊंची कीमतों के कारण लागत का दबाव बढ़ रहा है।

चीनी कारोबारियों को पहले ही राहत

चीनी उद्योग को कच्चे चीनी के आयात के लिए समयसीमा को पहले ही बढ़ा दिया है। इसके अलावा, अगर मक्के का ज्यादा इस्तेमाल इथेनॉल उत्पादन में होता है, तो स्टार्च उद्योग को आपूर्ति के लिए चीन पर और अधिक निर्भर रहना पड़ सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सूखे के कारण घरेलू स्तर पर तिलहन के उत्पादन पर असर पड़ने से, भारत का खाद्य तेल आयात 2025-26 के 16.5 मिलियन टन से बढ़कर 2026-27 में 17.5 मिलियन टन तक पहुंच सकता है।

खाद्य तेल का आयात सरसों के उत्पादन पर निर्भर : इस साल अंतिम अनुमान काफी हद तक सरसों के उत्पादन पर निर्भर करेगा। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पिछले साल अत्यधिक बारिश के कारण फसल को नुकसान पहुंचने के बाद, अफ्रीका के सबसे कम विकसित देशों से सोयाबीन का आयात रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।

परिणाम स्मार्टवर्क्स मुनाफे में आई, लाभ 26 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग स्पेसेज का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 25.64 करोड़ रुपये रहा। आय में वृद्धि से कंपनी मुनाफे में आई है। कंपनी को वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-तिमाही) तिमाही में 3.13 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग स्पेसेज ने बताया कि दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 37 प्रतिशत बढ़कर 605.3 करोड़ रुपये हो गई, जो गत वित्त वर्ष की समान अवधि में 441.06 करोड़ रुपये थी।

चिंतन

डिजिटल करंसी की बड़ी कमजोरी उजागर



एसआईआर
ओ. पी. चौधरी

डिजिटल अर्थव्यवस्था के दौर में क्रिप्टोकरेंसी को भविष्य की मुद्रा और वित्तीय लेन-देन की नई क्रांति के रूप में पेश किया जाता रहा है। दावा किया जाता है कि ब्लॉकचेन तकनीक पारंपरिक बैंकिंग व्यवस्था से अधिक पारदर्शी, तेज और सुरक्षित है। लेकिन दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस से महज 20 मिनट में 6.3 अरब डॉलर यानी करीब 60 हजार करोड़ रुपये की क्रिप्टो संपत्ति चोरी होना डिजिटल करेंसी की गंभीर खामियों को उजागर करता है। यदि इतनी बड़ी डिजिटल व्यवस्था में सेंध लग सकती है तो छोटे निवेशकों की पूंजी की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा? यह घटना केवल एक कंपनी की सुरक्षा में चूक का मामला नहीं, बल्कि तेजी से फैलते क्रिप्टो बाजार की संरचनात्मक कमजोरियों का संकेत है। खबरों के मुताबिक, साइबर हमलावरों ने बाइनेंस के ट्रांजेक्शन वॉयलेट्स को निशाना बनाया। कंपनी ने एहतियातन निकासी पर रोक लगाई और ग्राहकों को संभावित नुकसान की भरपाई का भरोसा दिया है। सुरक्षा जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय पुलिस और साइबर विशेषज्ञों की भी मदद ली जा रही है। ब्लॉकचेन रिसर्च फर्म टीआरएम लैब्स ने इस हमले के पीछे उत्तर कोरिया से जुड़े हैकरों की भूमिका का दावा किया है। बाइनेंस ने करीब तीन अरब डॉलर यानी लगभग 29 हजार करोड़ रुपये की डिजिटल संपत्तियां फ्रीज करने की जानकारी दी है। यह कार्रवाई बताती है कि डिजिटल दुनिया में चोरी की गई संपत्ति को रोकना संभव है, लेकिन उसे वापस हासिल करना आसान नहीं। वर्ष 2025 में बायबिट एक्सचेंज से 1.5 अरब डॉलर और 2022 में रोनिन नेटवर्क से 62.5 करोड़ डॉलर की चोरी हुई थी। इसके अलावा वजीरएक्स में भी करोड़ों की चोरी हो चुकी है। बाइनेंस से कथित 6.3 अरब डॉलर की चोरी इन दोनों घटनाओं से कहीं बड़ी है। यदि यह आंकड़ा जांच में पुष्ट होता है तो इसे क्रिप्टो बाजार की सबसे बड़ी सेंधमारी में गिना जाएगा। इस घटना के बाद बिटकॉइन सहित कुछ क्रिप्टोकरेंसी में पांच प्रतिशत से अधिक गिरावट भी दर्ज होने की खबर है। बाइनेंस के 100 से अधिक देशों में 30 करोड़ से ज्यादा पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं। इनमें अनुमानित दो से ढाई करोड़ भारतीय भी शामिल हैं। कंपनी का आश्वासन अहम है, लेकिन निवेशक का भरोसा केवल बयान से नहीं, पारदर्शी जांच और नुकसान की वास्तविक भरपाई से कायम होगा। निवेशकों को यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि डिजिटल संपत्ति होने के कारण उनका पैसा सुरक्षित हो जाता है। क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए स्वतंत्र सुरक्षा ऑडिट, नियमित खुलासा, पर्याप्त रिजर्व, मजबूत साइबर सुरक्षा और आपात स्थिति में ग्राहकों के हितों की रक्षा के स्पष्ट नियम जरूरी हैं। एक्सचेंजों को अपनी संपत्तियों और ग्राहकों की देनदारियों का नियमित सत्यापन कराना चाहिए। तकनीक अपने आप में न सुरक्षित होती है, न असुरक्षित; उसकी विश्वसनीयता उसे संचालित करने वाली व्यवस्था, सुरक्षा मानकों और जवाबदेही से तय होती है। क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया में विकेंद्रीकरण और स्वतंत्रता के बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन संकट के समय निवेशक उसी एक्सचेंज और उसकी व्यवस्था पर निर्भर हो जाता है। बाइनेंस प्रकरण का सबसे बड़ा सबक यही है कि डिजिटल मुद्रा का भविष्य केवल तकनीकी नवाचार से नहीं, बल्कि मजबूत सुरक्षा, पारदर्शिता और निवेशक संरक्षण से तय होगा। सरकारों और नियामक संस्थाओं को भी इसे केवल निवेश का नया विकल्प मानने के बजाय वित्तीय सुरक्षा से जुड़ी चुनौती के रूप में देखना होगा। भरोसा टूटने पर दोबारा बनाने में वर्षों लगते हैं।

संवैधानिक प्रक्रिया से परहेज क्यों

लोकतंत्र में जनता के आदेश को ही सर्वोपरि माना जाता है, लेकिन मुद्दाविहीन हो चुकी कांग्रेस चुनाव आयोग और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाकर एक गलत परिपाटी की शुरुआत कर रही है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है। संविधान के अनुच्छेद 324 में मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव के संचालन का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण आयोग को सौंपा गया है। अनुच्छेद 326 के अनुसार केवल भारत का नागरिक, जो 18 वर्ष का हो और अयोग्य न हो, मतदाता सूची में दर्ज होने का हकदार है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21(3) आयोग को विशेष पुनरीक्षण का अधिकार देती है, और धारा 16 गैर-नागरिकों को सूची से बाहर रखती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने बिहार एसआईआर को अनुच्छेद 324 और धारा 21 (3) के तहत वैध ठहराया।

लोकतंत्र में जनता के आदेश को ही सर्वोपरि माना जाता है, लेकिन मुद्दाविहीन हो चुकी कांग्रेस चुनाव आयोग और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाकर एक गलत परिपाटी की शुरुआत कर रही है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है। संविधान के अनुच्छेद 324 में मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव के संचालन का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण आयोग को सौंपा गया है। अनुच्छेद 326 के अनुसार केवल भारत का नागरिक, जो 18 वर्ष का हो और अयोग्य न हो, मतदाता सूची में दर्ज होने का हकदार है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21(3) आयोग को विशेष पुनरीक्षण का अधिकार देती है।

पीठ ने कहा कि यह प्रक्रिया संवैधानिक अधिदेश को जीवंत करती है। बाद में अदालत ने एसआईआर की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखते हुए कहा कि यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की संवैधानिक अनिवार्यता को आगे बढ़ाती है। जब देश की सर्वोच्च अदालत ने प्रक्रिया को वैध माना है, तब उसे 'लोकतंत्र पर हमला' बताना जनता को भ्रमित करने की कोशिश भर है। मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) भारतीय चुनावी व्यवस्था का पुराना हिस्सा है। आज़ादी के बाद 1952 से अब तक देश में ऐसे 8 बार मतदाता सूची पुनरीक्षण हो चुके हैं। इनमें से अधिकांश उस दौर में हुए जब केंद्र में कांग्रेस की सरकारें थीं। तब न इन्हें असंवैधानिक कहा गया, न 'वोट चोरी' का नाम दिया गया। पिछला गहन पुनरीक्षण 2002-04 में हुआ था। दो दशक से अधिक समय में तेज शहरीकरण, बड़े पैमाने पर पलायन, मृत मतदाताओं के नाम न हटने और एक से अधिक स्थानों पर दर्ज नामों जैसी समस्याएं बढ़ीं।

ऐसे में सूची की शुद्धता के लिए नया पुनरीक्षण स्वाभाविक कदम था। सवाल यह है कि जो पार्टी पहले ऐसी प्रक्रियाओं की साक्षी रही, वह आज इसे संदिग्ध क्यों बता रही है। कांग्रेस आज निष्पक्षता की दुहाई देती है, लेकिन चुनाव आयोग के साथ उसका अपना इतिहास सवालों से भरा है। 1989 तक चुनाव आयोग एकल सदस्यीय हुआ करता था। राजीव गांधी सरकार ने आम चुनाव की घोषणा से महज एक महीने पहले उसे तीन सदस्यीय बना दिया। आज ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरी का आरोप लगाने वाली कांग्रेस के शासन में पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन से लेकर आगे तक आयोग के कई शीर्ष अधिकारियों के राजनीतिक सफर पर भी नज़र डालिए। टी.एन. शेषन बाद में कांग्रेस के टिकट पर गांधीनगर में लालकृष्ण आडवाणी के खिलाफ चुनाव लड़े। एम.एस. गिल सेवानिवृत्ति के बाद कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और केंद्रीय मंत्री बने।

नवीन चावला की नियुक्ति और कार्यकाल को लेकर विवाद रहा, और आपातकाल की ज्यादतियों की जांच करने वाले शाह आयोग ने उनके क्रियाकलापों पर आपत्ति भी जताई थी। एसआईआर का उद्देश्य स्पष्ट है। मृत, स्थानांतरित और दोहरे नाम हटें, अपात्र या गैर-



नागरिक सूची में न रहें, और हर पात्र नागरिक का नाम दर्ज हो। लेकिन कांग्रेस सबसे बड़ा झूठ फैला रही है कि 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काट दिए गए। जबकि यह संख्या अंतिम सूची से हटाए गए नामों की नहीं, बल्कि मसौदा सूची बनाते समय अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहरी प्रविष्टि (एएसडीडी) की श्रेणी में रखे गए मतदाताओं की है। इनमें लगभग 2.8 करोड़ मृत, लगभग 3 करोड़ अनुपस्थित या खोजे न जा सके, लगभग 6.3 करोड़ स्थायी रूप से अन्यत्र बसे और लगभग 1 करोड़ एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाता हैं। यानी इस आंकड़े का हर हिस्सा मृतकों, पलायन कर चुके लोगों और दोहरी प्रविष्टियों का है। जिस सूची में 2.8 करोड़ दिवंगत लोग मतदाता बने हुए थे, उसे वैसे ही चलने देना चुनाव की शुचिता के साथ न्याय कैसे होता? और जिनके नाम एक से अधिक जगह थे, उन्हें दोबारा वोट डालने का मौका देना किसके हित में होता? कांग्रेस ने 2014 के बाद से हार के कारण खोजने की जगह आरोपों की राजनीति चुनाव-दर-चुनाव प्रदर्शन में गिरावट का ईमानदार आत्मविश्लेषण करने के बजाय बहाने खोजे। कभी ईवीएम पर सवाल उठाए, कभी 'वोट चोरी' का आक्षेप लगाया। लेकिन अपने किसी भी आरोप को वह न कानून की अदालत में प्रमाणित कर सकी, न जनता की अदालत में। जनता ने बार-बार अपने मत से इन आरोपों को खारिज किया है। राहुल गांधी भलीभांति समझते हैं कि संगठन की कमजोरी, नेतृत्व को लेकर असमंजस और जमीनी कार्यकर्ताओं से दूरी जैसे असली कारणों पर बात करने के बजाय संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करना सरल रास्ता है। लेकिन इसकी कीमत लोकतंत्र चुकाता है। जब हर हार के बाद चुनावी प्रक्रिया पर अविश्वास पैदा किया जाता है, तो नुकसान किसी एक दल का नहीं, पूरी व्यवस्था की साख का होता है। राहुल गांधी जिस प्रकार नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका की भांति रेजिम चेंज यानी सत्ता परिवर्तन की बातों को हवा दे रहे हैं और विदेशी समर्थन के सहारे भारत की चुनावी प्रक्रिया को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं, वह उनकी राजनीतिक छटपटाहट को दर्शाता है। जनता का विश्वास और जनाधार खो चुकी कांग्रेस अब चुनाव आयोग से लेकर न्यायपालिका व अन्य संवैधानिक संस्थाओं तक, हर संस्था की विश्वसनीयता पर संदेह खड़ा कर रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता परिवर्तन का रास्ता जनता का जनादेश है, न कि युवाओं को उकसाकर देश में अराजकता और अस्थिरता का माहौल पैदा करना। आपातकाल थोपकर लोकतंत्र का गला घोंटने और 1984 के सिख विरोधी दंगों में हुई भयावह हिंसा के दौर में कांग्रेस की भूमिका का इतिहास देश भूला नहीं है। लोकतंत्र में असहमति का अधिकार सबको है, और किसी भी प्रक्रिया की खामियां उजागर करना विपक्ष का दायित्व भी है। लेकिन शिकायत और दुष्प्रचार में फर्क होता है। शिकायत के लिए कानूनी रास्ते खुले हैं, और जहां कमी हो वहां सुधार की गुंजाइश भी, लेकिन बिना प्रमाण के संवैधानिक संस्था को बदनाम करना जनादेश का अपमान है। प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची का रखरखाव उसके निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी द्वारा किया जाता है, जो एक वैधानिक प्राधिकरण है। चुनाव आयोग का कहना कि मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए मसौदा तैयार करने के चरण के दौरान आयोग के सदस्यों द्वारा उठाए गए परिचालन संबंधी प्रश्न या सुझाव मानक प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं। कांग्रेस को चाहिए कि वह आत्ममंथन करे, जनता के बीच लौटे और मुद्दों की राजनीति करे। संस्थाओं पर सवाल उठाकर जनता का विश्वास नहीं जीता जा सकता।

(लेखक छत्तीसगढ़ राज्य के वित्त मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



राष्ट्रीय एकता व अखंडता के सुदृढ़ स्तंभ सरदार पटेल

सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद क्षेत्र में एक आत्मनिर्भर कृषक परिवार में हुआ था। प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत इन्होंने स्वाध्याय के माध्यम से ही शिक्षा प्राप्त की। 1910 में वे मिडिल टेबल लंदन में अध्ययन करने के लिए गए। उच्च सम्मान के साथ वहां पर दो वर्ष तक रहकर परीक्षा उत्तीर्ण की। 1913 में पुनः भारत लौटे। अहमदाबाद में रहकर वकालत के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़े। अपनी योग्यता तथा दृढ़ परिश्रम के बल पर आपराधिक कानून के अग्रणी बैरिस्टर बनकर उभरे। 1917 से 1924 तक पटेल जी अहमदाबाद नगर पालिका के आयुक्त रहे तथा 1924 से 1928 तक नगर पालिका अहमदाबाद के अध्यक्ष भी रहे। सन 1928 में बारडोली सत्याग्रह में वल्लभ पटेल ने जमींदारों और किसानों के आंदोलन का दृढ़तापूर्वक नेतृत्व किया, जिससे उनकी ख्याति पूरे भारत में राष्ट्रवादी नेता के रूप में होने लगी। अंग्रेज सरकार ने किसानों के लगान में 22% की वृद्धि की थी, जिसके विरोध में पटेल के नेतृत्व में यह बारडोली का किसान आंदोलन विराट रूप लेकर उभरा। अंग्रेज सरकार ने आंदोलन को कुचलने के लिए कठोर कदम उठाए परंतु लौह पुरुष पटेल के आगे अंग्रेज सरकार को झुकना पड़ा। इस सत्याग्रह आंदोलन की सफलता के बाद वहां की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को किसानों का 'सरदार' की उपाधि दी, जो हमेशा के लिए उनके नाम के साथ जुड़ गई। बारडोली के आंदोलन के सफल नेतृत्व तथा सरदार की उपलब्धि ने पटेल जी को गांधी के बाद भारत का दूसरा प्रसिद्ध राष्ट्रीय नेता बना दिया। अंग्रेज सरदार पटेल को अपने सबसे खतरनाक शत्रु के रूप में मानते थे। पटेल को स्वावलंबन, दृढ़ परिश्रम, आत्म संयम जैसे गुण बचपन से ही परिवार की विरासत में मिले थे। अपनी कार्यशैली तथा फौलादी व्यक्तित्व के कारण सरदार पटेल भारतीय जनमानस की पहली पसंद थे। सरदार पटेल का नाम तीन बार कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए प्रांतीय समितियों के माध्यम से भेजा गया परंतु महात्मा गांधी ने जवाहरलाल नेहरू के प्रति अपना स्नेह होने के कारण सरदार पटेल को पीछे रखकर नेहरू को अध्यक्ष बनाया। सरदार पटेल



निष्काम, निस्वार्थ भाव से भारत वर्ष की स्वतंत्रता को समर्पित थे। उन्होंने सदैव गांधी के द्वारा चलाए गए सभी आंदोलन में अपना योगदान दिया। सरदार पटेल एक प्रतिष्ठित वकील, दूरदर्शी राजनीतिज्ञ थे। दृढ़ इच्छा शक्ति, साहस, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता तथा ठोस व्यक्तित्व उनके विशेष गुण थे। अपनी कुशाग्र बुद्धि के बल पर इन्होंने वकालत के क्षेत्र में भी प्रतिष्ठा प्राप्त की। वल्लभ जी ऐसे मुकदमे लड़ते थे जिनमें निर्दोष को फंसाया गया हो तथा जिसे अपने अकाट्य तर्कों से काटा जा सके। महात्मा गांधी भी सरदार पटेल के फौलादी व्यक्तित्व से प्रभावित थे इसलिए उन्होंने वल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष की उपाधि प्रदान की थी। इतिहासकारों ने पटेल को बिस्मार्क ऑफ इंडिया का नाम दिया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वल्लभ जी भारत के पहले उप प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री जैसे पदों पर सुशोभित रहे। सन 1947 में भारत तो आजाद हो गया था परंतु सबसे बड़ी समस्या जो अंग्रेज चालाकी से छोड़ गए थे, वह थी बिखरी हुई 562 रियासतें। इन सभी रियासतों को भारतीय गणराज्य में विलय करना एक चुनौती पूर्ण कार्य था। वल्लभ भाई पटेल ने इस कार्य को अपने हाथों में लिया और अपने सचिव बीपी मेनन के साथ मिलकर राजवाड़ों की रियासतों का अंतिम समाधान करने का निश्चय किया। अपनी सूझबूझ और विवेक के द्वारा राजवाड़ों को पेंशन तथा अन्य लाभ देकर इन्होंने हटा दिया परंतु प्रतिरोध करने वाली रियासतों में मुख्य रूप से जूनागढ़, कश्मीर तथा हैदराबाद यह तीन प्रमुख थे। जूनागढ़ में जनमत संग्रह करवा कर इन्होंने भारत में शामिल करवाया। कश्मीर के शासक महाराजा हरि सिंह स्वतंत्र रूप से अलग रहना चाहते थे परंतु पाकिस्तानी कव्वाली सुना ने अचानक आक्रमण कर देने पर सरदार पटेल ने सेना भेजकर उनकी सहायता की और फिर कश्मीर को भारत में मिला दिया गया। हैदराबाद के निजाम में वल्लभ जी का प्रतिरोध किया तथा अंत में वहां पर भी सेना भेज कर हैदराबाद रियासत को भारत वर्ष में मिला लिया गया। विश्व के इतिहास में एक व्यक्ति भी ऐसा नहीं हुआ, जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। सरदार पटेल मनसा, वाचा, कर्मणा पूर्ण रूप से भारतवर्ष को समर्पित थे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं



संकलित
दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

धुएं वाली दिवाली से बचें

कभी दिवाली मिट्टी के दीयों की सौंधी महक, घर में बनते पकवानों की मिठास व रिश्तों के अपनत्व के साथ मनाई जाती थी। आज भी यह परिदृश्य कहीं-कहीं देखा जा सकता है। लेकिन अब समय बदल चुका है और लोग दिवाली के दिन खूब पटाखे जलाते हैं। इससे चारों ओर प्रदूषण फैल जाता है। महानगर में तो सांस लेना भी कठिन हो जाता है। कुछ हद तक पटाखे जलाने की छूट है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि थोक में ही पटाखे जला दिए जाएं। हमें दिवाली इस तरह मनानी चाहिए कि बूढ़े और बीमार लोगों को कोई तकलीफ न हो।

- निहाल, रोहतक

ट्रेंड

उद्देश्यपूर्ण नवाचार



बनासकांठा स्थित 'भारत बोवाइन ब्रीडिंग एंड रिसर्च सेंटर' पशुपालन के क्षेत्र में मौजूद अपार संभावनाओं को दर्शाता है। यह वास्तव में एक उद्देश्यपूर्ण नवाचार है, जो हमारे किसानों के लिए अधिक समृद्धि सुनिश्चित करता है! -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सांस्कृतिक विरासत



राष्ट्रीय राजधानी में स्थित गोवा सदन, गोवा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और विशिष्ट पहचान का एक सुंदर प्रतीक है। यह इमारत दिल्ली और गोवा के बीच गहरे संबंधों, प्रशासनिक समन्वय और आपसी सहयोग को और अधिक मजबूत करेगी। -रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र का हिस्सा



चुनाव में हार-जीत लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन हार के बाद अराजकता फैलाना और संवैधानिक संस्थाओं को दोष देना दुर्भाग्यपूर्ण है। यही कारण है कि आज देश की जनता ने राहुल गांधी और कांग्रेस को नकार दिया है, और भविष्य में भी जनता ही उनसे जवाब मांगेगी।

- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

सिन्हा का निधन दुःखद



वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद आर. के. सिन्हा का निधन अत्यंत दुःखद है। वे भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक, संगठन की विचारधारा और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहे। दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

- धर्मेंद्र प्रधान, सांसद, भाजपा

करंट अफेयर

किम ने दिया ड्रोन तकनीक के तेजी से विस्तार का निर्देश



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश की ड्रोन तकनीक का तेजी से विस्तार करने का आह्वान किया है, साथ ही विभिन्न हथियारों के परीक्षणों का जायजा भी लिया। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच भारी सैन्य किलेबंदी वाली सीमा पर तनाव है। उन्नत ड्रोन तकनीक हासिल करना किम की प्राथमिकताओं में शामिल है और वह अब उत्तर कोरिया की पारंपरिक सैन्य क्षमता के साथ-साथ परमाणु हथियारों की ताकत भी बढ़ाना चाहते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में सहयोग के लिए भेजे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूसी सेना और युद्धक्षेत्र के अनुभवों से ड्रोन युद्ध की महत्वपूर्ण जानकारी और विशेषज्ञता हासिल हुई होगी। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के मुताबिक, किम ने बृहस्पतिवार को विभिन्न प्रकार के हमलावर और अन्य ड्रोन की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में मानवरहित विमानन तकनीक के क्षेत्र में हालिया उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया था। प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए किम ने ड्रोन तकनीक में 'पूर्ण श्रेष्ठता' हासिल करने की जरूरत पर जोर दिया।

ऑफ बीट

डॉक्टर से पहले चैटजीपीटी से पूछते हैं सेहत संबंधी सवाल



स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के लिए चैटजीपीटी या अन्य बड़े भाषा मॉडल अथवा चैटबॉट का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह चलन लगातार बढ़ रहा है। भले ही आप एआई चैटबॉट का इस्तेमाल न करते हों, लेकिन गूगल पर कुछ खोजने पर भी अक्सर आपको एआई की ओर से तैयार किया गया सारांश दिखाई देता है। ऐसे में सवाल उठता है कि इसका मरीजों के इलाज और स्वास्थ्य सेवाओं पर क्या असर पड़ रहा है? और इस प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित तथा प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है? लोग स्वास्थ्य संबंधी सवालों के लिए एआई चैटबॉट का इस्तेमाल क्यों करते हैं। ब्रिटेन में हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि कुछ लोग अपनी जिज्ञासा शांत करने के लिए चैटबॉट से स्वास्थ्य संबंधी सवाल पूछते हैं, लेकिन एक-तिहाई से अधिक लोग यह तय करने के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं कि उन्हें डॉक्टर के पास जाने की जरूरत है या नहीं। करीब आधे लोगों ने चैटबॉट को सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं की तुलना में अधिक सुविधाजनक पाया। चैटबॉट का इस्तेमाल करने वाले आधे से अधिक लोगों का मानना था कि इससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



प्रदेश की 14 नोडल टीमों ने लिया हिस्सा

श्रीराम कॉलेज में राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

जबलपुर। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खेल कैलेंडर के अनुसार श्रीराम कॉलेज में 28 अक्टूबर 2026 को राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश की 7 महिला नोडल टीमों एवं 7 पुरुष नोडल टीमों सहित कुल 14 टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में जबलपुर शहर के महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू भैया' मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम ग्रुप्स के डायरेक्टर डॉ. एल.के. पटेल एवं डॉ. वाई.एम. दुबे ने की। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के चेयरमैन राजुल करसोलिया एवं रामेंद्र करसोलिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उद्घाटन मुकाबलों में जबलपुर और इंदौर की शानदार जीत - प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गए पहले मुकाबलों में पुरुष वर्ग में जबलपुर नोडल और उज्जैन नोडल की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। इसमें जबलपुर नोडल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 38-25 से जीत हासिल की।वहीं महिला वर्ग के पहले मुकाबले में भोपाल नोडल और इंदौर नोडल की टीमें आमने-सामने रहीं। इस मुकाबले में इंदौर नोडल की महिला टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 32-18 से शानदार विजय प्राप्त की।

खेल अधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति- इस अवसर पर जबलपुर स्पोर्ट्स नोडल ऑफिसर भगवान सिंह, श्रीराम कॉलेज के खेल अधिकारी हरविंदर सिंह, भानु सूर्यवंशी सहित विभिन्न नोडल केंद्रों के स्पोर्ट्स ऑफिसर उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इस प्रकार की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का बेहतर अवसर प्रदान करती हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ के साथ ही श्रीराम कॉलेज परिसर में खेल उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। सभी टीमों ने पूरे जोश एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया।

एमपीपीजीसीएल की दो इकाइयों ने लगातार 100 दिन बिजली उत्पादन कर बनाया रिकॉर्ड

जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल) की दो ताप विद्युत इकाइयों ने लगातार 100 दिनों तक बिजली उत्पादन कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इसमें श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया की 660 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट-4 तथा संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 500 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट-5 शामिल हैं। श्री सिंगाजी की यूनिट-4 ने 16 जुलाई से तथा संजय गांधी ताप विद्युत गृह की यूनिट-5 ने 22 जुलाई 2026 से लगातार संचालन का रिकॉर्ड बनाया। दोनों इकाइयों ने परिचालन दक्षता एवं विश्वसनीयता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस उपलब्धि पर कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि टीमवर्क, तकनीकी दक्षता और समर्पण से यह उपलब्धि संभव हुई है। दोनों इकाइयों का प्रदर्शन प्रदेश की विद्युत व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।



शाहनाला कब्रिस्तान के मुद्दे पर मुस्लिम समाज ने सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। सदर स्थित शाहनाला कब्रिस्तान के मुद्दे को लेकर मुस्लिम समाज ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। तीसरे पुल पर एसडीएम ने ज्ञापन प्राप्त किया। समाज ने मांग की कि स्टेशन सेल आर्मी द्वारा शवों को दफनाने पर रोक लगाने संबंधी मौखिक आदेश वापस लिया जाए। मुख्यमंत्री के जबलपुर आगमन को देखते हुए प्रशासन के आग्रह पर घंटाघर के बजाय तीसरे पुल पर ज्ञापन सौंपा गया। इस संबंध में अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष जाखंड के आश्वासन पर समाज ने स्थान परिवर्तन किया। मुस्लिम समाज ने प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए मांग पूरी नहीं होने पर सदर पैंटीनाका पर चक्काजाम की चेतावनी दी। इस अवसर पर मो. अकबर खान सरवर, अब्दुल शफीक कुरैशी, अमजद खान, मुईनुद्दीन, मौलाना मुईनुद्दीन, महमूद भाई, अब्दुल सलाम, इनायत अली शाह, पार्षद अमरचंद बाबरिया, गुलाम हुसैन, अख्तर अंसारी, गुड्डू नबी, पूर्व पार्षद सैयद ताहिर अली, शाबान मंसूरी, मौलाना चांद कादरी, तारिक रजा, अधिवक्ता तौरीफ अंसारी, इरफान राईन, आदिल खान, अजीम खान, मतीन कवि, फैयाज खान सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

बिजली कंपनी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 2% बढ़ा

जबलपुर। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पात्र कार्मिकों को अक्टूबर माह के वेतन में 2 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ते का लाभ मिलेगा। इससे महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया है। बढ़ी हुई दर 1 जनवरी 2026 से प्रभावशील होगी। मध्यप्रदेश शासन के वित्त विभाग द्वारा महंगाई भत्ते में वृद्धि का आदेश जारी किया गया है। कंपनी के आदेशानुसार बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भुगतान नवंबर 2026 में मिलने वाले अक्टूबर माह के वेतन में किया जाएगा। वहीं 1 जनवरी से 30 सितंबर 2026 तक के एरियर का भुगतान नवंबर 2026, दिसंबर 2026 एवं जनवरी 2027 में तीन समान किस्तों में किया जाएगा। इस वृद्धि से कंपनी के पात्र कर्मचारियों को आर्थिक लाभ मिलेगा।

41 साल की सेवा के बाद सूर्यकांत शुक्ला सेवानिवृत्त



जबलपुर। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक कार्यालय में निज सहायक के पद पर पदस्थ सूर्यकांत शुक्ला 41 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया।

समारोह में प्रबंध संचालक ने शुक्ला की कार्यशैली, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पूरे सेवाकाल में जिम्मेदारी और तत्परता से कार्य किया। उनकी कार्यक्षमता एवं समयबद्ध कार्यशैली अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक मो. आरिफ कुरैशी, अशोक सिंह धुर्वे, मुख्य वित्तीय अधिकारी गोरेश कुमार वारमाठे, ए.के. तिवारी, संजय निगम, विवेक चंद्रा, मुख्य अभियंता एस.के. गिरिया सहित वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं परिवारजन उपस्थित रहे। सभी ने शुक्ला के सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की।



अंतर हितकारिणी कबड्डी में बीटी तिराहा और लॉ कॉलेज विजेता

जबलपुर। हितकारिणी महोत्सव के अंतर्गत हितकारिणी बीटी तिराहा में अंतर हितकारिणी कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालिका वर्ग में बीटी तिराहा ने बीएमडी को तथा बालक वर्ग में सहजपुर ने गोविंदगंज को हराकर खिताब जीता। महाविद्यालय स्तर पर महिला वर्ग में हितकारिणी महिला महाविद्यालय और पुरुष वर्ग में हितकारिणी लॉ कॉलेज विजेता रहे। लॉ कॉलेज ने देवताल कॉलेज को रोमांचक मुकाबले में हराया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या परिषद के मंत्री जयेश सिंह राठौड़ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। हितकारिणी सभा के उपसभापति अशोक गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। निर्णायक शानू यादव, संजीव कुमार, गौरव लोधी, निशांत जैन एवं सुमन नामदेव रहे। इस अवसर पर प्राचार्य निलेश पांडे, प्रियंका पाठक, लता डिग्रेस्कर, सारिका मिश्रा, सचिन पेंडके सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। खेल अधिकारी दिनेश ठाकुर का विशेष सहयोग रहा तथा मंच संचालन राजीव श्रीवास्तव ने किया। शिव ट्रॉफी चैंपियनशिप में बालक वर्ग में देवताल, बालिका वर्ग में बीटी तिराहा, पुरुष महाविद्यालय वर्ग में लॉ कॉलेज तथा महिला वर्ग में महिला महाविद्यालय जॉन्सगंज विजेता रहे।

जबलपुर-भागलपुर सीधी ट्रेन चलाने की मांग

जबलपुर। बिहार फाउंडेशन जबलपुर चैप्टर ने जबलपुर से भागलपुर के बीच सीधी रेल सेवा शुरू करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री एवं मध्यप्रदेश-बिहार के मुख्यमंत्रियों सहित संबंधित जनप्रतिनिधियों को पत्र भेजा है। संस्था ने बताया कि जबलपुर से कटनी, मैहर, सतना, प्रयागराज, वाराणसी, पटना एवं भागलपुर जाने वाले हजारों यात्रियों को सीधी ट्रेन नहीं होने से परेशानी होती है। यात्रियों को बीच में ट्रेन बदलनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों खर्च होते हैं। वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं बच्चों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। संस्था का कहना है कि सीधी रेल सेवा शुरू होने से मध्यप्रदेश और बिहार के बीच संपर्क मजबूत होगा तथा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस मांग को अध्यक्ष वेद प्रकाश (सेवानिवृत्त आईएएस), उपाध्यक्ष मुकेश दास, सचिव रंजीत चौहान एवं कोषाध्यक्ष राजीव सिंह ने यात्रियों के हित में महत्वपूर्ण बताया। पत्र की प्रतिलिपि सांसद आशीष दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को भी भेजी गई है।



संदल-चादर जुलूस में गूंजे 'दम मदार' के नारे

जबलपुर। रहीम शाह की तकिया कब्रिस्तान स्थित मदार टेकरी के चिल्ला शरीफ में जिन्दा शाह कुतबुल मदार मदारुल आलमीन का उर्स मुबारक गद्दीनशीन एवं मुतवल्ली बाबा मोहम्मद कलीम शाह की सरपरस्ती में मनाया गया। सुबह कुरआन ख्वानी के बाद लंगर आयोजित हुआ। जोहर की नमाज के बाद संदल-चादर जुलूस बड़ी मदार टेकरी, हनुमानताल, घोड़ा नक्कास, नालबंद मोहल्ला एवं मंडी मदार टेकरी सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए चिल्ला शरीफ पहुंचा। यहां संदल-चादर और गुलपोशी के बाद फातिहा, शिजरा शरीफ एवं सलातो सलाम पेश किया गया तथा तबर्रुक वितरित किया गया।इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद गुलाम हुसैन का इस्तकबाल किया गया। उर्स में अलीम शाह, शमीम शाह, वसीम शाह, कादिर शाह, तनवीर शाह, रिजवान शाह, आसिफ शाह सहित सैकड़ों अकीदतमंद शामिल हुए। अंत में जायरीनों और अहले वतन की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गईं।



परशुराम धाम में हुआ दशहरा मिलन कार्यक्रम व महाआरती

जबलपुर। ग्वारीघाट स्थित परशुराम धाम में दशहरा मिलन समारोह एवं भगवान परशुराम की महाआरती आयोजित की गई। इस अवसर पर डॉ. अरुण मिश्रा, रवींद्र तिवारी एवं यदुवंश मिश्रा सहित उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में संपूर्ण ब्राह्मण मंच ने शीघ्र ही मानस भवन में निःशुल्क उपनयन संस्कार एवं विवाह परिचय सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की। संयोजक धनंजय बाजपेई ने बताया कि समाज में विवाह योग्य युवक-युवतियों के विवाह संबंध स्थापित कराने और परिवारों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है। इसमें सभी ब्राह्मण परिवारों से सहभागिता की अपील की गई। कार्यक्रम में धनंजय बाजपेई, पं. राजकुमार दुबे, सीताराम कुर्चानिया, निशांत शर्मा, सुधा मिश्रा, आभा तिवारी, पुष्पा तिवारी एवं अभिलाषा दुबे सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। समारोह में सामाजिक एकता, राष्ट्रीय सेवा एवं समाज के उत्थान का संकल्प लिया गया।

हनी जॉन बने कांग्रेस मसीही समाज समिति के प्रदेश अध्यक्ष

जबलपुर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हनी जॉन को कांग्रेस मसीही समाज समन्वय समिति का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर अल्पसंख्यक कांग्रेस नेता सरदार दलवीर जस्सल, सुमन कुमार जैन, हाजी मुईन खान, एडवोकेट हाजी अयाज खान, शाकिर कुरैशी, हाजी हामिद खान, आसिफ मंसूरी, फैजान कुरैशी, अल्बर्ट एंथोनी, अशरफ मंसूरी, ताहिर खोकर, हूर बी, कहकशां सहित अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

नौ सूत्रीय मांगों को लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ की संभागीय शाखा जबलपुर के बैनर तले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने प्रदेश महामंत्री अजय दुबे के नेतृत्व में संभागीय आयुक्त को नौ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

अजय दुबे ने बताया कि शासकीय विभागों, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण सहित विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारी लंबे समय से पदोन्नति, नियमितीकरण एवं अनुकंपा नियुक्ति जैसी सुविधाओं से वंचित हैं। प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, लंबित पदोन्नति, कार्यभारित कर्मचारियों का नियमित स्थापना में विलय, 300 दिन के अर्जित अवकाश का नगदीकरण, अनुकंपा नियुक्ति, अंशकालीन कर्मचारियों को 25 हजार रुपये मासिक वेतन तथा पांच माह का बकाया वेतन भुगतान शामिल हैं। संभागीय अध्यक्ष विपिन पीपरे ने मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। उन्होंने संभागीय प्रकरणों का निराकरण कर शासन स्तर की मांगों को भोपाल भेजने की मांग की। ज्ञापन सौंपते समय रोहित पटेल, दिवेंद्र पटेल, नरेश कुलस्ते, ओमप्रकाश पनगरहा, संजय रजक, सुरेश वाल्मीकि, प्रेम नारायण ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।



पश्चिम मध्य रेलवे के 64 रेलकर्मी सेवानिवृत्त

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों सहित विभिन्न कारखानों और निर्माण इकाइयों के 64 रेलकर्मी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए।इनमें जबलपुर मंडल के 17, भोपाल मंडल के 23, भोपाल कारखाने के 7, भोपाल निर्माण इकाई का 1, कोटा मंडल के 11, कोटा कारखाने के 3 तथा कोटा निर्माण इकाई के 2 कर्मचारी शामिल हैं। सेवानिवृत्ति समारोह में सभी कर्मचारियों को अंतिम निपटान राशि का भुगतान एनईएफटी के माध्यम से किया गया। साथ ही पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ), मानार्थ पास, परिचय पत्र एवं चिकित्सा सुविधा कार्ड प्रदान किए गए।रेल प्रशासन ने कर्मचारियों को अपनी सेवानिवृत्ति राशि का सावधानीपूर्वक निवेश करने और साइबर ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी। इस अवसर पर रेल प्रशासन ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवाओं की सराहना करते हुए उनके सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना की।

महंगाई भत्ते में 5% वृद्धि की मांग, लाखों कर्मचारी इंतजार में

जबलपुर। मध्यप्रदेश के शासकीय कर्मचारी केंद्रीय कर्मचारियों की तुलना में महंगाई भत्ते में पीछे चल रहे हैं। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को वर्तमान में 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है, जबकि केंद्र सरकार जनवरी 2026 से 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता दे रही है। वहीं जुलाई से केंद्रीय कर्मचारियों के लिए 3 प्रतिशत अतिरिक्त वृद्धि का निर्णय लिया गया है। संघ ने प्रदेश के कर्मचारियों को जनवरी से लंबित 2 प्रतिशत महंगाई भत्ते का 10 माह का एरियर तथा जुलाई से 3 प्रतिशत अतिरिक्त वृद्धि सहित कुल 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग की है। साथ ही 10 माह का एरियर एकमुश्त देने की मांग उठाई है। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, बृजेश मिश्रा, इन्द्रप्रताप यादव, नरेश शुक्ला, विवेक रंजन शुक्ला, अर्जुन सोमवंशी, सुशील गुप्ता एवं राजाराम डेहरिया ने दीपावली के पूर्व शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्रीय कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता देने की मांग की है।

2 दिवसीय कुश्ती स्पर्धा आज से: 80 पहलवानों ने कराया पंजीयन



जबलपुर। इंडियन स्टाइल कुश्ती संघ के तत्वावधान में 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को शिवाजी नगर, मांडवा रामपुर में दो दिवसीय कुश्ती स्पर्धा आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन शाम 4 बजे महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के मुख्य आतिथ्य में होगा। विशिष्ट अतिथि नगर निगम अध्यक्ष रिंकू ब्रिज होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी कपिल मलैया तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष तिवारी करेंगे। संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्जुन यादव ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए जिले के विभिन्न अखाड़ों के लगभग 80 पहलवानों ने वजन कराकर पंजीयन कराया है। स्पर्धा भारतीय शैली कुश्ती के नियमों के अनुसार जबलपुर किशोर, जबलपुर कुमार एवं वीर अभिमन्यु टाइटल के लिए होगी। प्रतियोगिता के संचालन हेतु निर्णायक समिति में देवेंद्र उपाध्याय, राकेश यादव, चंदन चक्रवर्ती एवं विनय प्रजापति को शामिल किया गया है।

CHANGE OF NAME

I, **ABDUL MALIK ANSARI** S/O MUSTAQ AHMAD ANSARI DECLARE THAT MY MINOR DAUGHTER WAS KNOWN AS AZZA SHERIN,I HAVE CHANGED THE SPELLING OF HER FIRST NAME AND HENCEFORTH SHE SHALL BE KNOWN AS **AZZA SHIREEN ANSARI** D/O ABDUL MALIK ANSARI RESIDENT OF 444/1,PARWEEN PARSHAD KI GALI, BENI SINGH KI TALIYA,ASHFAQULLA KHAN WARD, JABALPUR,482001, MADHYA PRADESH.

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.स.क्रं /11/एम/188/2026-27/ दिनांक 30/10/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सीमा कोरी पति श्री शंकर लाल कोरी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम वीरांगना अवंती बाई के भू. क्रमांक 02 संपत्ति के पिन क्रमांक 200016041 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 595 वर्गफुट भूमि विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री अफजल खान पिता श्री सलीम अहमद खान का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.स.क्रं /11/एम/190/2026-27/ दिनांक 30/10/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सीमा कोरी पति श्री शंकर लाल कोरी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के ख. क्रमांक 129/17 भाग प्लॉट नं. 3 संपत्ति के पिन क्रमांक 2000021038 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 292 वर्गफुट भूमि विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री सलीम अहमद खान पिता स्व. श्री मुजतबा खान का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.स.क्रं /11/एम/191/2026-27/ दिनांक 30/10/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुब्रोतो तेहबिलदार पिता पी.के.तेहबिलदार ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक के 5 चग्गर फार्म शिव मंदिर के पास संपत्ति के पिन क्रमांक 10003785518 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1453 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री वीरेन्द्र कुमार मट्टू पिता बी.डी. मट्टू का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/184/2026-27
दिनांकः- 29/10/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ईवोन शालिनी फर्नांडिस पति लिनुस फर्नांडिस ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के फ्लेट नं. 412 ब्लॉक जी चतुर्थ तल दत्त गार्डन समपत्ति के पिन क्रमांक 1004468177 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1300 वर्गफुट चतुर्थ तल 1300 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री/ श्रीमति सुनील कुमार जैन पिता/पति सुगमचंद जैन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.स.क्रं /11/एम/189/2026-27/ दिनांक 30/10/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री रोशन उधवानी पिता श्री नवेन्द राम उधवानी (2)श्री संदीप उधवानी पिता श्री नवेन्द राम उधवानी (3)श्री रोहित श्री नवेन्द राम उधवानी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम वीरांगना अवंती बाई के भवन क्रमांक Flat No. 901 संपत्ति के पिन क्रमांक 2000277386 पर निर्मित 9Th Floor 3604 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती सानवी पारवानी पति श्री संकल्प पारवानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

नौसेना के स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर उतरा राफेल मरीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राफेल मरीन फाइटर जेट ने आईएनएस विक्रांत पर 29 अक्टूबर को पहली ही कोशिश में सफल लैंडिंग की। यह ऐतिहासिक मौका था जब इस आधुनिक लड़ाकू विमान का पहिया विक्रांत के फ्लाइट डेक पर पड़ा। आईएनएस विक्रांत भारत का पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर है। भारतीय नौसेना इस समय राफेल-एम विमान के ट्रायल्स कर रही है। जल्द ही राफेल मरीन नौसेना में एक ऑपरेशनल जेट की तरह कमिशन हो सकता है।

अभी और परीक्षण किए जाएंगे

पहली ही कोशिश में सफलता

जल्द शामिल होगा



आईएनएस विक्रांत पर उतरता राफेल मरीन

समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी

भारतीय नौसेना के लिए यह लैंडिंग सिर्फ एक तकनीकी ट्रायल नहीं है। यह देश के समुद्री सुरक्षा चक्र को मजबूत बनाने की बड़ी शुरुआत है। विक्रांत पर राफेल की पहली लैंडिंग ने साबित कर दिया है कि नौसेना का स्वदेशी कैरियर आधुनिक जेट्स के ऑपरेशंस के लिए पूरी तरह तैयार है। यह सफल परीक्षण राफेल मरीन को नौसेना के बेड़े में शामिल करने की दिशा में पहला ठोस कदम है। इससे पहले नौसेना की एविएशन विंग लगातार जमीन और सिमुलेटर पर इसकी तैयारियां कर रही थी।

अगला चरण और चुनौतीपूर्ण

विक्रांत पर पहली लैंडिंग के बाद अब ट्रायल्स का अगला और अधिक चुनौतीपूर्ण चरण शुरू होगा। नौसेना के टेस्ट पायलट अलग-अलग मौसम और समुद्री परिस्थितियों में विमान की लैंडिंग कराएंगे। इसमें दिन के अलावा रात के समय टेकऑफ और टचडाउन के कठिन परीक्षण शामिल हैं। इसके साथ ही विमान में हथियारों की लोडिंग और हैंगर में मूवमेंट की जांच होगी। ये सभी ट्रायल्स पूरे होने के बाद ही फाइटर जेट को औपचारिक रूप से कॉम्बैट रोल के लिए क्लियर किया जाएगा।



जटिल मिशन को दिया अंजाम

आईएनएस विक्रांत पर लड़ाकू विमान को उतारने के लिए बेहद सटीक रफ्तार और संतुलन की जरूरत होती है। राफेल मरीन ने अपने पहले ही प्रयास में अरेस्टर वायर को पकड़कर सुरक्षित लैंडिंग की। पायलट और नौसेना के इंजीनियरों ने इस जटिल मिशन को पूरी सटीकता के साथ अंजाम दिया।

खबर संक्षेप

पाक के लिए जासूसी करने वाला जवान अरेस्ट

सिलीगुड़ी। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारी



साझा करने के आरोप में पंजाब पुलिस, स्टेट स्पेशल ऑपरेशंस सेल ने बंगाल में अलीपुरद्वार जिले के अधीन हासीमारा से एक सेना के जवान को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजबीर सिंह के रूप में हुई है। वह असम का निवासी है। हासीमारा स्थित 15 जाट रेजिमेंट में कार्यरत था। पंजाब पुलिस की टीम ने उसे हासीमारा से गिरफ्तार करने के बाद सिलीगुड़ी कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसके ट्रांजिट रिमांड की मंजूरी दी।

अटलांटा पहुंचे जयशंकर जी20 में शामिल हुए

अटलांटा। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर शुक्रवार को जी20 विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में



शामिल होने के लिए अटलांटा पहुंचे। अमेरिका के अनुसार, इस बैठक में एनर्जी, सप्लाई चेन और समुद्री रास्तों को खुला रखने पर फोकस रहेगा। ये मुद्दे भारत के तेल, एलएनजी और उर्वरक आयात के लिए बेहद अहम हैं। वे इस बैठक के दौरान क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भी हिस्सा लेंगे और कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। जयशंकर 1 से 4 नवंबर तक राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक के लिए एंटीगुआ और बारबुडा जाएंगे।

19वां संयुक्त आयोग सत्र आयोजित

भारत-बेल्जियम-लक्जमबर्ग आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए हुए सहमत



बैठक को संबोधित करते राजेश अग्रवाल (दाएं)

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत, बेल्जियम और लक्जमबर्ग के बीच व्यापार एवं आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से 19वें भारत-बेल्जियम-लक्जमबर्ग आर्थिक संघ (बीएलईयू) संयुक्त आर्थिक आयोग (जेईसी) का लक्जमबर्ग में आयोजित किया गया। बैठक में तीनों देशों के बीच मौजूदा व्यापार और निवेश संबंधों की समीक्षा की गई और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा हुई। सत्र की सह-अध्यक्षता भारत सरकार के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल, बेल्जियम के विदेश मामलों, विदेशी व्यापार एवं विकास सहयोग से जुड़े संघीय सार्वजनिक सेवा विभाग के जियो-इकोनॉमी और आर्थिक कूटनीति महानिदेशक फिलिप वैनडेन बुल्के तथा लक्जमबर्ग के विदेश एवं यूरोपीय मामलों, रक्षा, विकास सहयोग और विदेशी व्यापार मंत्रालय के महासचिव हेनरी शूमाकर ने की। तीनों पक्षों ने एयरोस्पेस, अनुसंधान एवं नवाचार, उच्च शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाएं तलाशने पर भी सहमति जताई।

आर्थिक भागीदारी करेंगे मजबूत

बैठक में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने, कारोबार को सुगम बनाने तथा आपसी हित के क्षेत्रों में आर्थिक भागीदारी मजबूत करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। चर्चा में लॉजिस्टिक्स, हवाई संपर्क, बंदरगाह, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाएं, फिनटेक, डिजिटल बदलाव, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, जीवन विज्ञान, आयुर्वेद एवं पारंपरिक चिकित्सा और कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्र शामिल रहे। तीनों देशों ने अपनी आर्थिक प्राथमिकताओं पर विचार साझा किए और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। साथ ही, कारोबार और निवेश साझेदारी को आगे बढ़ाने के रास्तों पर चर्चा की गई।

कंपनियों के सीईओ से की मुलाकात

संयुक्त आर्थिक आयोग के सत्र के बाद वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने लक्जमबर्ग स्थित कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि और निवेश की संभावनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने वित्तीय सेवाओं, उन्नत विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा तथा अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वाणिज्य सचिव ने लक्जमबर्ग की कंपनियों को भारत में दीर्घकालिक निवेश, प्रौद्योगिकी साझेदारी और भारतीय कंपनियों के साथ जुड़कर वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का हिस्सा बनने के अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा का बड़ा बयान

ऐतिहासिक घोषणा पहले हो चुकी

भारत-ईयू एफटीए पर हस्ताक्षर करने दिसंबर में ब्रसेल्स जाएंगे पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ मॉन्ट्रियल

- पीएम मोदी ब्रसेल्स में ईयू नेताओं की बैठक से ठीक पहले पहुंचेंगे
- भारत चौथी और ईयू दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था
- वस्तुओं के अलावा सेवाओं के क्षेत्र में भी सहयोग

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने गुरुवार को बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी दिसंबर में ब्रसेल्स का दौरा करेंगे। इस दौरान वे भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर करेंगे। दोनों पक्षों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। कनाडा में मॉन्ट्रियल काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कोस्टा ने कहा कि पीएम मोदी दिसंबर में इस समझौते पर हस्ताक्षर करने आएंगे। यह दौरा ब्रसेल्स में यूरोपीय नेताओं की बैठक से ठीक पहले होने की उम्मीद है, जो 17 दिसंबर से शुरू होगी।

कोस्टा दो दिवसीय ईयू-कनाडा शिखर सम्मेलन के लिए मॉन्ट्रियल में हैं। बता दें, यूरोपीय नेताओं की भारत यात्रा के दौरान पीएम मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने संयुक्त रूप से भारत-ईयू एफटीए के पूरा होने की घोषणा की थी। यह भारत-ईयू आर्थिक संबंधों और प्रमुख वैश्विक साझेदारों के साथ व्यापारिक जुड़ाव में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुई। इस एफटीए के पूरा होने से भारत और यूरोपीय संघ ऐसे भरोसेमंद साझेदार बन गए हैं, जो खुले बाजार, स्थिरता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

भारत-ईयू के बीच 11.5 लाख करोड़ का व्यापार



फाइल फोटो

(बाएं से दाएं) एंटोनियो कोस्टा, पीएम मोदी, उर्सुला लेयेन

यूरोपीय संघ भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है। पिछले कुछ वर्षों में वस्तुओं और सेवाओं के क्षेत्र में दोनों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ा है। 2024-25 में ईयू के साथ भारत का वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 11.5 लाख करोड़ रुपए (136.54 अरब डॉलर) रहा। इसमें 6.4 लाख करोड़ रुपए (75.85 अरब डॉलर) का निर्यात और 5.1 लाख करोड़ रुपए (60.68 अरब डॉलर) का आयात शामिल है। 2024 में दोनों के बीच सेवाओं का व्यापार 7.2 लाख करोड़ रुपए (83.10 अरब डॉलर) तक पहुंच गया।

दो अरब लोगों का विशाल बाजार

भारत और यूरोपीय संघ ने इस साल की शुरुआत में व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी कर ली थी। इस समझौते से दो अरब से अधिक लोगों का एक बाजार तैयार होगा, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था का लगभग एक-चौथाई हिस्सा होगा। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले हफ्ते कहा था कि यूरोपीय संघ के साथ भारत का प्रस्तावित एफटीए हस्ताक्षर होने के चार से पांच महीने के भीतर लागू हो सकता है।

जीडीपी में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी

भारत और ईयू क्रमशः चौथी और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। ये वैश्विक जीडीपी का 25 प्रतिशत हिस्सा हैं और वैश्विक व्यापार में एक-तिहाई योगदान देती हैं। इन दो बड़ी, विविध और एक-दूसरे की पूरक अर्थव्यवस्थाओं के जुड़ने से व्यापार और निवेश के अभूतपूर्व अवसर पैदा होंगे। यह केवल एक पारंपरिक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि रणनीतिक महत्व वाली व्यापक साझेदारी है। भारत ने ईयू में अपने निर्यात (व्यापार मूल्य के आधार पर) के 99 प्रतिशत से अधिक हिस्से के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच हासिल की है, जो 'मेक इन इंडिया' पहल को भी मजबूती देगा। वस्तुओं के अलावा सेवाओं के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएं हैं। साथ ही, इसमें एक व्यापक मोबिलिटी फ्रेमवर्क शामिल है, जो कुशल भारतीय पेशेवरों की निर्बाध आवाजाही को संभव बनाएगा।

भारत के एफटीए से वैश्विक जीडीपी के 76 प्रतिशत बाजार तक पहुंचः मंत्री गोयल

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत के एफटीए के कारण देश को अब लगभग 115 ट्रिलियन डॉलर की वैश्विक अर्थव्यवस्था के 76 प्रतिशत हिस्से तक वरीयता प्राप्त बाजार पहुंच मिल रही है। उन्होंने बताया कि भारत वर्तमान में आठ अन्य द्विपक्षीय और बहुपक्षीय व्यापार समझौतों पर भी बातचीत कर रहा है, जिनके जुड़ने से लगभग 15 ट्रिलियन डॉलर की अतिरिक्त वैश्विक अर्थव्यवस्था तक पहुंच मिल सकती है। गोयल ने बताया कि भारत के मौजूदा व्यापार समझौतों ने देश को 70 ट्रिलियन डॉलर की वैश्विक जीडीपी वाले बाजारों तक वरीयता प्राप्त पहुंच प्रदान की है। इनमें से लगभग 10 ट्रिलियन डॉलर की पहुंच पुराने समझौतों से मिली, जबकि हाल के वर्षों में संपन्न नौ नए व्यापार समझौतों के जरिए 60 ट्रिलियन डॉलर की अतिरिक्त बाजार पहुंच प्राप्त हुई है। केंद्र और राज्य सरकार, उद्योग जगत, निवेशकों की साझी भागीदारी इस लक्ष्य को साकार कर सकती है।



एपी सिंह ने राष्ट्रपति और रक्षामंत्री से की मुलाकात





नई दिल्ली। 'ऑपरेशन सिंदूर' में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय वायुसेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह शनिवार को 42 वर्षों की शानदार सेवा के बाद सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। सेवानिवृत्ति से पहले वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पत्नी सरिता सिंह के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की है। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयर चीफ मार्शल एपी सिंह को एक समारोह में सम्मानपूर्वक विदाई दी। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने राष्ट्र के प्रति उनके लंबे समर्पण, विशिष्ट सेवाओं और अनुकरणीय नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने भारतीय वायुसेना को मजबूत बनाने में एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के योगदान को विशेष रूप से याद किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

भारत-श्रीलंका नौसेना का शक्ति प्रदर्शन

युद्धपोतों ने किया संयुक्त अभ्यास आपसी तालमेल को दी मजबूती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के युद्धपोतों ने श्रीलंकाई नौसेना के साथ एक महत्वपूर्ण समुद्री अभ्यास भी किया है। इस नौसैनिक अभ्यास में भारत के तीन बड़े समुद्री जहाज आईएनएस तीर, आईएनएस सुजाता और भारतीय तटरक्षक जहाज आईसीजीएस सारथी शामिल हुए। दोनों नौसेनाओं ने समुद्र में समन्वित गतिविधियां कीं। इससे एक-दूसरे के साथ तालमेल बढ़ाने और मिलकर समुद्री अभियान संचालित करने की क्षमता को मजबूत करने में मदद



भारत-श्रीलंका नौसेना युद्धाभ्यास करती

मिली। अभियान में शामिल यह भारतीय नौसेना का पहला प्रशिक्षण स्क्वाड्रन है। 29 अक्टूबर को श्रीलंका के कोलंबो से सफल दौरा पूरा कर पहला प्रशिक्षण स्क्वाड्रन आगे रवाना हो गया। वापसी के दौरान तीनों जहाजों ने श्रीलंका के जहाज एसएलएनएस विजयबाहु के साथ संयुक्त समुद्री अभ्यास किया।

म्यांमार से जुड़े ड्रग्स तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़

50 किलो मेथामफेटामाइन और क्रिस्टल मेथ के सहित 3 वाहन बरामद, 4 अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मिजोरम और असम में एक के बाद एक दो खुफिया नेतृत्व वाले अभियानों में गोलियों (याबा) और क्रिस्टल मेथ के रूप में बड़ी मात्रा में 50 किलो मेथामफेटामाइन जब्त किया है। बरामदगी में 30 किलो मेथामफेटामाइन की गोलियां और 20 किलो क्रिस्टल मेथामफेटामाइन शामिल हैं। 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। आइजोल-चंपाई रोड के साथ आइजोल के बाहरी इलाके



में एक महिंद्रा बोलेरो कैंपर को रोका। वाहन की गहन तलाशी में 30 ईंट के आकार के 30 पैकेट बरामद हुए, जिनमें गुलाबी-नारंगी गोलियों का वजन 30 किलो था, जो एक भंडारण कैबिनेट के साथ एक कार्यालय की मेज के अंदर एक विशेष रूप से निर्मित गुहा में छिपाए गए थे।

यूपी में 1,100 किलो ड्रग्स जब्त, 2 अरेस्ट

डीआरआई ने अवैध सिंथेटिक ड्रग्स बनाने के खिलाफ कार्रवाई करते हुए यूपी के जालौन जिले के एक दूर-दराज के गांव में मादक पदार्थ बनाने वाली एक बड़ी गुप्त लैब का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई में लगभग 1,100 किलो मादक पदार्थ और उन्हें बनाने में इस्तेमाल होने रसायनों के साथ-साथ भारी मात्रा में निर्माण उपकरण जब्त किए गए हैं। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहां सिंथेटिक ड्रग्स बनाने की एक पूरी तरह से तैयार और चालू लैब मिली।

भारत की सांस्कृतिक परंपराओं और त्योहारों का परिचय कराएंगे नवीन

50 देशों के राजनयिकों के लिए दिवाली मिलन समारोह का आयोजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में राजनयिक समुदाय के लिए दिवाली मिलन समारोह आयोजित करेंगे। इसमें लगभग 50 देशों के 90 से अधिक राजनयिकों के शामिल होने की संभावना है। इस समारोह में विभिन्न देशों के मिशन के प्रमुख, उप-मिशन प्रमुख और वरिष्ठ राजनयिक शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के भी इसमें शामिल होने की संभावना है। भाजपा ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम में करीब 50 देशों के 90 से अधिक राजनयिक प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिनमें मिशन के प्रमुख, उप-मिशन प्रमुख और वरिष्ठ राजनयिक शामिल हैं। केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के भी इसमें शामिल होने की संभावना है।

90 से अधिक राजनयिकों के शामिल होने की उम्मीद | नंदिनी शंकर और महेश राघव संगीत प्रस्तुति देंगे

युवाओं को भाजपा से जोड़ें



नितिन नवीन

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज हालात ऐसे हैं कि जो लोग भाजपा को वोट नहीं भी देते, उनका भी यही मानना है कि केवल मोदी जी ही देश को सुरक्षित भविष्य और सही दिशा दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047' का ऐतिहासिक संकल्प इसी मजबूत नींव पर टिका है और इसे पूरा करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी देश के युवाओं के कंधों पर है। उन्होंने युवा मोर्चा से देश के युवाओं को भाजपा की विचारधारा से जोड़ने और एनडीए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को जनता तक पहुंचाने की अपील की।

मित्रता और आपसी संबंध मजबूत होंगे

बयान में कहा गया कि इस कार्यक्रम में नंदिनी शंकर वायलिन पर और महेश राघवन आईपैड पर 'परंपरा और नवाचार' की अनूठी संगीत प्रस्तुति भी देंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राजनयिक समुदाय के साथ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और त्योहारों के उल्लास को साझा करना तथा सद्भावना, मित्रता और लोगों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करना है।

'विकसित भारत 2047' के रोडमैप पर चर्चा

मुख्य सत्र को संबोधित करते हुए नितिन नवीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा (बीजेवाईएम) की नई टीम को बधाई दी और पिछले 40-45 सालों में पार्टी के वैचारिक सफर पर बात की। पार्टी के विस्तार को याद करते हुए उन्होंने कहा कि एक दौर ऐसा था जब भाजपा की विचारधारा आम जनता तक ज्यादा नहीं पहुंची थी, लेकिन आज पीएम नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियां देश के हर गांव, शहर और चौपाल तक पहुंच चुकी हैं। इस बैठक में 'विकसित भारत 2047' के रोडमैप और 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान को लेकर गहराई से चर्चा की गई।

केदारनाथ में मौसम की पहली बर्फबारी हुई

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के केदारनाथ और गंगोत्री में मौसम की पहली बर्फबारी हुई। जनपद मुख्यालय सहित गुप्तकाशी, फाटा, जखोली और ऊखीमठ में आसमान बादलों से ढका रहा। सुबह कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश भी हुई। केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी है। 29 अक्तूबर को 7,328 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। इसके साथ ही धाम में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या बढ़कर 18,60,360 हो गई है। चारों ओर बर्फ की सफेद चादर, बीच में बाबा केदार का धाम और मनमोहक नजारे। बर्फबारी और कड़ाके की ठंड के बीच भी श्रद्धालुओं की आस्था कम नहीं हुई है, भक्त बाबा के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

केवल सोचने भर से चलेगा कंप्यूटर

एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने बनाई खास डिवाइस 'टेलीपैथी'

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने अपना पहला डिवाइस 'टेलीपैथी' पेश किया है। कंपनी का दावा है कि इस डिवाइस की मदद से यूजर सोचने भर से कंप्यूटर को कंट्रोल कर सकेंगे। यह ऐसे लोगों के काफी आम आएगा, जो बोलने और लिखने में असमर्थ हैं। इस डिवाइस ने ने ऐसे लोगों के जीवन में फिर से उम्मीद की किरण जगा दी है, जो चलने, बोलने और भावनाओं को व्यक्त करने में असमर्थ हैं। न्यूरालिंक लोगों की दिमाग में एक छोटी सी चिप फिट करती है, जो दिमाग को सीधे कंप्यूटर



तकनीक को समझाता युवक

से जोड़ती है। यह डिवाइस यूजर्स को बिना कुछ बोले, टाइप किए या किसी डिवाइस को छुए, केवल अपने विचारों के जरिए कंप्यूटर से बातचीत करने की सुविधा देगा। साफ शब्दों में कहें तो यह डिवाइस यूजर के विचारों से काम करेगा। मस्क का दावा है कि यह तकनीक भविष्य में इंसानों की तुलना में ज्यादा तेजी से जानकारी भेज सकेगी।

वीआईटी चेन्नई में विकसित कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीकों को मिली पहचान

प्रधानमंत्री मोदी ने मेड एक्स एआई इनोवेशंस की स्वास्थ्य तकनीकों की सराहना की

सर्वाइकल कैंसर की शुरुआती जांच और नई दवाओं की खोज में होंगी सहायक

हरिभूमि न्यूज.चेन्नई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी), चेन्नई में स्थापित स्वास्थ्य क्षेत्र के नवाचार आधारित स्टार्टअप मेड एक्स एआई इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित स्वास्थ्य तकनीकों की सराहना की। कंपनी के ये स्वदेशी तकनीकी समाधान चिकित्सा जांच को बेहतर बनाने, सर्वाइकल कैंसर की शुरुआती पहचान और नई दवाओं की खोज को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विकसित किए गए हैं।

चेन्नई में पोरूर मेट्रो रेल परियोजना के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शीना सी. प्रवीन और वीआईटी चेन्नई के संकाय सदस्यों से बातचीत की। इस अवसर पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय भी उपस्थित थे। बातचीत के दौरान डॉ. शीना ने कंपनी की कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम संगणकीय बुद्धिमत्ता आधारित तकनीकों की जानकारी प्रधानमंत्री को दी।

इस अवसर पर कंपनी के दो प्रमुख तकनीकी मंच प्रस्तुत किए गए। पहला, सर्विलेंस, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक है। इसे सर्वाइकल कैंसर की प्रारंभिक जांच में सहायता के लिए विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य जांच सुविधाओं तक पहुंच आसान बनाना और बीमारी की समय रहते पहचान को प्रोत्साहित करना है। दूसरा मंच क्वांटम फार्मएक्स है, जो नई दवाओं की खोज और औषधि अनुसंधान में सहायता करता है। इसमें अणु विश्लेषण और जीनोम रूपरेखा विश्लेषण जैसी उन्नत सुविधाएं शामिल हैं। यह मंच दवा अनुसंधान की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने में मददगार हो सकता है। मेड एक्स एआई इनोवेशंस का चयन तमिलनाडु प्रौद्योगिकी केंद्र (आईटीएनटी हब) के आईएक्सेलरेट कार्यक्रम के लिए किया गया था। इसके बाद कंपनी के उत्पादों का विवरण सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क्स ऑफ इंडिया और प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजा गया। ऑनलाइन चयन प्रक्रिया के बाद कंपनी को प्रधानमंत्री के साथ संवाद का अवसर मिला।

उत्पादों की सराहना को वीआईटी ने महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया

कंपनी की स्थापना वीआईटी चेन्नई के इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी विद्यालय की संकाय सदस्य डॉ. शीना सी. प्रवीन और डॉ. रीना मोनिका पी. ने की है। डॉ. शीना कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी और डॉ. रीना मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी हैं। प्रधानमंत्री द्वारा उत्पादों की सराहना को कंपनी ने महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। साथ ही कंपनी ने वीआईटी के संस्थापक एवं कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन और उपाध्यक्ष डॉ. जी.वी. सेल्वम के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। यह उपलब्धि स्वास्थ्य क्षेत्र में स्वदेशी तकनीकी नवाचार और अनुसंधान आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

सातवें राष्ट्रीय एडैक्स अवॉर्ड्स में विश्वविद्यालय को मिली पहचान

वीआईटी को मिला 'मप्र का सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान-2026' का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रयासों को सराहना



सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान-2026 का सम्मान प्राप्त करते हुए

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 'मध्य प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान-2026' का सम्मान प्राप्त किया है। पुणे में आयोजित सातवें राष्ट्रीय एडैक्स अवॉर्ड्स-2026 में विश्वविद्यालय को शैक्षणिक पुरस्कार श्रेणी के अंतर्गत यह सम्मान प्रदान किया गया। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की तकनीक आधारित शिक्षण व्यवस्था, शैक्षणिक लचीलेपन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान है।इंडियन एंटरप्रेन्योर मैगजीन द्वारा आयोजित इस समारोह में 'द फ्यूचर यूनिवर्सिटी 2035 : भविष्य के विश्वविद्यालयों का स्वरूप' विषय पर परिचर्चा भी आयोजित की गई। इसमें वीआईटी भोपाल के कुलपति प्रो. सतीश कुमार मोढ़ ने उच्च शिक्षा के बदलते स्वरूप और विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में विश्वविद्यालयों की भूमिका पर अपने विचार साझा किए।

- शंकराचार्यों सहित देशभर के विभिन्न गुरु-परंपराओं के संतों की मिली सनातन शास्त्र शुद्धि अभियान के लिए सर्वसम्मति
- पतंजलि में देशभर के धर्माचार्यों ने बनाई 'सनातन शास्त्र शुद्धि समिति'
- 'सनातन शास्त्र शुद्धि समिति' के तहत विद्वत परिषद व संत-संन्यासी परिषद का भी गठन किया गया

पतंजलि विवि : अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन में जुटे साधु संत; शास्त्र शुद्धि को लेकर समिति गठित

योगऋषि स्वामी रामदेवजी महाराज व आचार्य बालकृष्णजी महाराज द्वारा लिखित सनातन धर्म के प्रसंगों पर आधारित वैज्ञानिक ग्रंथ "वैदिक आख्यान विज्ञान" का विमोचन



हरिद्वार। सनातन परंपरा, संस्कृति और शास्त्रों की प्रामाणिकता के संरक्षण के लिए देशभर के संतों और विद्वानों ने एकजुट होकर बड़ा कदम उठाया है। पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार में आयोजित अखिल भारतीय प्राच्य विद्या महासम्मेलन के दूसरे दिन जगद्गुरु शंकराचार्यों, अखिल भारतीय संत समिति, अखाड़ों, विभिन्न गुरु-परंपराओं के संतों, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न सनातनी संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 'सनातन शास्त्र शुद्धिकरण समिति' के गठन के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति बनी। सर्वसम्मति से सभी धर्माचार्यों द्वारा समिति के गठन का सुझाव दिया गया। इस पहल के तहत समिति के अंतर्गत एक विद्वत परिषद का गठन किया गया। परिषद में आचार्यों, शास्त्रों के जानकारों और विभिन्न विषयों के विद्वानों को शामिल किया जाएगा। सनातन शास्त्र शुद्धि समिति में सिख, जैन और बौद्ध परंपराओं का भी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा। विद्वत परिषद सनातन परंपरा और शास्त्रों में समय-समय पर हुई कथित मिलावट, प्रक्षेपण एवं विकृतियों से जुड़े विषयों का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट संत-संन्यासी परिषद को सौंपेगी। परिषद की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट का परीक्षण सनातन शास्त्र शुद्धि समिति का मार्गदर्शक मंडल करेगा। आवश्यक विचार-विमर्श और संशोधनों के बाद ही इसे अंतिम स्वरूप देकर लागू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। इस प्रकार शास्त्रों की प्रामाणिकता और सनातन परंपराओं के संरक्षण से जुड़े विषयों पर विद्वानों के अध्ययन और संतों के मार्गदर्शन के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

संत-संन्यासी परिषद के संयोजक की जिम्मेदारी पूज्य स्वामी परमात्मानंद जी (आचार्य महासभा) को सौंपी गई है, जबकि विद्वत परिषद के संयोजक के रूप में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रोफेसर श्रीनिवास वरखेड़ी को जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि समिति के गठन के दौरान एक पल भावुक हुये योग गुरू स्वामी रामदेव ने सभी संतों से इस बात का आग्रह किया कि उन्हें इसका लेशमात्र भी श्रेय नहीं चाहिये, वे चाहते हैं कि सनातन का गौरव लौटना चाहिए। इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज व आचार्य बालकृष्ण जी महाराज द्वारा लिखित सनातन धर्म के प्रसंगों पर आधारित वैज्ञानिक ग्रंथ "वैदिक आख्यान विज्ञान" का विमोचन किया गया।सम्मेलन में परम श्रद्धेय स्वामी रामदेव जी महाराज ने कहा कि वेद विरुद्ध, सनातन विरुद्ध आचरण करने वालों तथा गौहत्या करने वालों का सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक तथा धार्मिक आदि सब प्रकार से बहिष्कार होना चाहिए, यहाँ न किसी का वैयक्तिक स्वार्थ है, न कोई एजेंडा है, सबके मन का एक ही संकल्प है, करोड़ों-करोड़ों वर्ष पुरानी हमारी वेद परंपरा, श्रुति परंपरा, सनातन परंपरा, ऋषि परंपरा शुद्धतम रूप में हमारे सामने हो तथा सम्पूर्ण विश्व के कल्याण हेतु सनातन धर्म की वैज्ञानिकता का प्रचार हो।पूज्य स्वामी जी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मिलावटी शास्त्रों व AI टूल्स आदि का प्रयोग करके कुछ जड़बुद्धि, मूर्ख, अविवेकी, सनातन विरोधी लोग हमारे देवी-देवताओं को दुराचारी, व्यभिचारी कहते हैं, हमारी अवतारी सत्ताओं को बदनाम करते हैं, चैट-जीपीटी, गूगल जैमिनी आदि से उद्धरण मांगते हैं कि राम मांसभक्षण करते हैं, माता सीता मदिरापान करती थीं और ये AI टूल्स कहीं से भी संदर्भ लेकर डाटा उपलब्ध करा देते हैं, हमारे ब्रह्मा जी, भगवान शिव, योगेश्वर कृष्ण तथा देवता, इंद्र आदि के विषय में न जाने कैसे-कैसे मिथ्या आरोप लगाए जा रहे हैं।हमारे विद्वानों, तपस्वियों, योगियों, ब्राह्मणों व द्विजों ने पुरुषार्थ करके वेदों में कोई प्रक्षेप (अशुद्धि) नहीं होने दिया। जब देश का संविधान भी नहीं था, लोकतंत्र भी नहीं था, तब भी युगों-युगों से हमारा वेद और भगवान का विधान था, यही विधान है और भविष्य में भी रहेगा। किसी भी राष्ट्र का वैचारिक, दार्शनिक, सैद्धांतिक अधिष्ठान उस राष्ट्र की आत्मा होती है, भारत की आत्मा यहाँ का सनातन है। उस सनातन के अनुरूप हमारे संविधान तथा लोकतंत्र के मूल्य प्रतिष्ठापित हैं। भारत दरिद्र था नहीं, भारत को साजिश करके आर्थिक, वैचारिक व चारित्रिक दृष्टि से दरिद्र बनाया गया। हमें जाति, धर्म, वर्ग, समुदाय, क्षेत्रवाद, भाषा, आर्य-द्रविड़ों के आधार पर लड़वाया गया, आपस की फूट, विदेशियों की लूट और मूर्ख-पाखण्डियों के झूठ ने इस देश को पीछे धकेला। स्वामी जी महाराज ने कहा कि हमें प्रयास करना चाहिए कि भारत का नागरिक, नागरिकों का चरित्र, इकोनॉमी, जीडीपी, ग्रोथ रेट और भारत की करेंसी प्रथम कोटि की हो, तभी भारत का यश पुनः बढ़ेगा, मनुस्मृति का उद्घोष पुनः गुंजायमान होगा।

पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने कहा सभी संतो ने सनातन शास्त्र शुद्धि अभियान का जो बीड़ा उठाया है उसको पूर्ण करने के लिए पूरी शक्ति, प्रमाणिकता तथा योजनाबद्ध कार्य किया जाएगा तथा षड्यंत्रपूर्वक विकृत किये गए भारतीय इतिहास को सनातन की दृष्टि से पुनर्लेखन का बड़ा कार्य पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में चल रहा है।

कार्ष्णि पीठाधीश्वर स्वामी श्री गुरु शरणानंद जी महाराज ने सनातन शास्त्र शुद्धि समिति के गठन को लेकर सुझाव दिया कि इसमें विद्वान लोगों को शामिल किया जाना चाहिए, अर्थात जिन्हें ये सेवा करनी है, उन्हें खुद को पहले से तैयार होना पड़ेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि समिति में शुद्ध आचरणयुक्त, धर्मात्मा, योगियों आदि त्रिकाल संध्या करने जैसे विद्वान शामिल होने चाहिए। उन्होंने गुरू कृपा पर जोर देते हुए कहा कि विद्या गुरु की कृपा से आती है, पढ़ने से नहीं आती है, जब तक गुरू की कृपा नहीं होगी, शास्त्र भी उड़कर किसी के अंदर नहीं चला जायेगा। वेद वाणी अमर रहेगी, सत्य से बढ़कर कोई धर्म नहीं, मनुष्य से बढ़कर कोई नहीं, सारी उपासना मानवता की उपासना है, सारी उपासना समग्रता की उपासना है। विराट की उपासना है।

सम्मेलन में श्री मलूक पीठाधीश्वर श्री राजेंद्र दास जी महाराज ने कहा कि जो सनातन के प्रति अनुचित आक्षेप विधर्मियों द्वारा किया जा रहा है, उसका प्रत्युत्तर भी यही है कि हम सभी परंपराओं के पूज्य आचार्य व संतगण मिलकर कड़े से कड़े स्वर में उसका प्रतिरोध करें, विधर्मियों की पहचान कर उनका तब तक पूर्ण हृदय से बहिष्कार करें, जब तक वे अपनी मूल धारा में वापस न आ जाएँ, उन्होंने कहा कि परम प्रमाण श्रुति है, वेद ही नित्य, सिद्ध व अनादि है, परम प्रमाण है। महर्षि पाणिनि ने सूत्र में कहा कि जो परलोक और पुनर्जन्म की सत्ता को स्वीकार करता है वह आस्तिक है और जो उसे नकारता है वह नास्तिक है, न तो हर किसी ने पुनर्जन्म देखा है और न हर किसी को पुनर्जन्म की अनुभूति हो रही है, वह अनुभूति हमें नित्य, सिद्ध वेदों के माध्यम से ही हो सकती है, सनातन शास्त्र शुद्धि वर्तमान युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज ने ऑनलाइन उद्बोधन में कहा कि हमारे धर्मग्रंथों में कुछ बातें बाद में जानबूझकर, भ्रांतियाँ पैदा करने, समाज में भेद पैदा करने तथा द्वेष पैदा करने के लिए जोड़ी गईं। आज ऐसा वातावरण बना दिया है कि सब सनातन के विरोध में खड़े हैं, वर्तमान सरकार का सीधा विरोध हो रहा है। यह भारत पर बड़ा प्रहार है, पश्चिमी देशों ने हमारी संस्कृति व देश को डीप स्टेट में डाल दिया है, हजारों करोड़ रुपया भारत को अस्थिर करने, अराजकता फैलाने के लिए खर्च किया जा रहा है। छद्म वेश धारण कर कालनेमियों द्वारा हमारे धर्म के गलियारे में घुसकर, हमारी परंपराओं, लोकतंत्र तथा संवैधानिक संस्थाओं तथा संस्कृति पर प्रहार किया जा रहा है। उन्होंने शास्त्र शुद्धि अभियान में अपनी सहमति जताते हुए कहा कि इसका एक ही समाधान है कि भारत के सभी शीर्षस्थ, शिखरस्थ महापुरुष एकजुट हों और उनकी बात सभी सभी मानकर अभियान को सफल बनाएँ। पूज्य स्वामी गोविंददेव गिरि जी महाराज ने ऑनलाइन माध्यम से कहा कि स्वामी रामदेव जी महाराज तथा आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने हमारे धर्मशास्त्रों का चिंतन करने के लिए देश के शीर्ष संतों को एक मंच पर एकत्र किया, इसके लिए उनका अभिनंदन है, धर्मानुकूल, वेदानुकूल चिंतन करने की आवश्कता बार-बार होती है। उन्होंने कहा कि समिति की स्थापना कर हमारे धर्मशास्त्रों में आए प्रक्षेप को शुद्ध करने के काम को गति दी जाए, पूज्य स्वामी रामदेव जी का यह विचार अति उत्तम है, हम सब मिलकर शास्त्र शुद्धि के संकल्प को पूर्ण करेंगे। हम सब मिलकर साथ चलेंगे तो सारे बादल अपने आप छटेंगे, सनातन व भारतीय राष्ट्र का सूर्य उदय सम्पूर्ण विश्व को आलोकित करेगा।

ज्योतिष पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज ने सनातन शास्त्र शुद्धिकरण समिति का समर्थन करते हुए कहा कि लार्ड मैकाले के समय से सनातन को खत्म करने की योजना चली आ रही है। अंग्रेजी शासक से लेकर मुस्लिम शासक सभी ने सनातन को खत्म करने की कोशिश की, इसलिए सनातन समिति वर्तमान युग की आवश्यकता है। जगद्गुरू ने शास्त्रों से प्रक्षेपों को निकालने के लिए किए जाने वाले पुनीत कार्य को लेकर स्वामी रामदेव को साधुवाद दिया, बल्कि उन्होंने जोड़ा कि शिक्षा में भी सनातन का पूरे देश में विस्तार होना वक्त की मांग है।आचार्य महासभा से स्वामी परमात्मानंद जी महाराज ने कहा कि आज सनातन धर्म की रक्षा के लिए सनातन शास्त्र शुद्धि अभियान अत्यंत आवश्यक है, हम सब सनातनधर्मियों को मिलकर सनातन धर्म की रक्षा का कार्य करना है। विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आलोक कुमार जी ने कहा कि सनातन का अर्थ है- जो पुरातन है, नित्य नूतन है, सनातन धर्म सबकी समानता की बात करता है, यदि हम किसी को अछूत कहकर भेदभाव करते हैं तो हम भगवान का अपमान करते हैं।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख आदरणीय रामलाल जी ने हमें सनातन धर्म की चुनौतियों पर चिंतन व चिंता करनी है, परंतु चिंतित नहीं होना, संघ शताब्दी वर्ष में 10 करोड़ परिवारों से सम्पर्क किया गया, उन्होंने सनातन धर्म की वैज्ञानिकता व भारत राष्ट्र को मजबूत करने पर बल दिया, सनातन धर्म केवल टोलरेट नहीं करता, बल्कि सबको एक्सेप्ट करते हैं और सबका सम्मान करते हैं। गीता मनीषी पूज्य स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने अभियान की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि संसार की सारी समस्याओं का समाधान सनातन धर्म के सिद्धांतों, वेद व गीता आदि में है, हमें डिजिटल युग में सनातन शास्त्र शुद्धि का अभियान चलाकर समस्त संसार का कल्याण करना है।

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृष — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

मिथुन — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

वृश्चिक — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

धनु — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

मकर — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

मीन — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

सुनील भारती मित्तल

'लीजन ऑनर' से नवाजे गए

नई दिल्ली। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'नेशनल ऑर्डर ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' के शेवेलिए की उपाधि से सम्मानित किया गया है। फ्रांस सरकार ने मित्तल को यह सम्मान भारत और फ्रांस के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने तथा दूरसंचार, डिजिटल अवसंरचना के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया है। समारोह को संबोधित करते हुए फ्रांसीसी राजदूत थिएरी माथू ने कहा कि मित्तल ने दोनों देशों के व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सुनील भारती मित्तल ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के प्रति आभार व्यक्त किया। फ्रांस के साथ उनका व्यावसायिक जुड़ाव वर्ष 1992 में एयरटेल की स्थापना के समय शुरू हुआ था।

OFFICE OF THE DEAN
NETAJI SUBHASH CHANDRA BOSE MEDICAL COLLEGE JABALPUR

No.10267/Purchase/2026 Jabalpur dt. 21/10/2026

E-TENDER NOTICE

Netaji Subhash Chandra Bose Medical College Jabalpur inviting online e-tender for "Supply of Kits, Stationary, Furniture & General Items" as per the particular mentioned below.

S.No.	Particular	Date and Time
01	Online Purchase of Tender Start Date	01-11-2026 up to 17:30 Hrs
02	Online Bid Submission End Date	21-11-2026 up to 18:00 Hrs
03	Technical Proposal Opening Date	23-11-2026 up to 14:30 Hrs

The bid document with all information relating to the bidding process including cost of bid document, EMDs, Pre-qualification criteria and terms & conditions are available in the websites: www.mptenders.gov.in.The Authority reserves the right to accept / reject any part thereof or all the bids without assigning any reason thereof.

Dean
NSCB Medical College Jabalpur
G-20751/26



म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि. भोपाल
वन भवन, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, लिंक रोड नं. 2, तुलसी नगर, भोपाल

वनोपज के घोष विक्रय की सूचना

मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम के विभिन्न परियोजना मंडलों के काष्ठागारों में माह नवम्बर 2026 हेतु विभिन्न स्थलों पर विभिन्न तिथियों में इमारती काष्ठ, जलाऊ चट्टे, बांस एवं अन्य सामग्री के नीलाम हेतु तिथियां पूर्व से अधिसूचित हैं। नीलाम की तदर्थ तिथियां तथा काष्ठागारों में विक्रय हेतु उपलब्ध वनोपज एवं राजसात/अपेलेखित वाहनों की जानकारी मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम की वेबसाइट www.mpsfdc.com पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु नीलाम दिनांक से पूर्व वेबसाइट को देखना सुनिश्चित करें।

म.प्र. माध्यम/128864/2026 प्रबंध संचालक

कृषि उपज मण्डी समिति जबलपुर दमोह नाका
मनमोहन नगर, जिला जबलपुर (म.प्र.)
ई-मेल -mpapmcjabalpur@gmail.com दूरभाष क्रं.-0761-2648830, 4031091

क्र./मण्डी/जबल./निर्माण/2026-27/M-653 जबलपुर दिनांक : 30/10/2026

अल्पकालीन नवनिर्मित कैंटीन आमंत्रण सूचना

कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर के अतिरिक्त फल सब्जी मण्डी प्रांगण ग्राम औरिया/करमेता में नवनिर्मित कैंटीन में हरा मटर सीजन के दौरान प्रांगण में आने वाले कृषकों, व्यापारियों एवं अन्य कृत्यकारियों के लिये कैंटीन का संचालन 04 माह (माह दिसम्बर से मार्च) हेतु किया जाना है के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक - 2026_MPSAM_546675_1 के अंतर्गत ऑनलाईन निविदाएं दिनांक 25/11/2026 को सायं 03:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म. प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.co.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति, जबलपुर (म.प्र.)

शब्द पहेली - 6394



बाएँ से दाएँ
1. राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4. उदारता,बड़प्पन-4
7. भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8. प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9. अपशिष्ट पदार्थ-2
10. कामदेव,चंद्रमा-4
11. नाड़ी,नस-2
13. जबरन,जबरदस्ती-3
14. वायदा,वचन-2
15. भवन,आलय-3
17. आर्ट,हुनर-2
19. ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22. उद्देश्यहीनता-5
25. परिणाम-2
26. अंजन,नेत्रांजन-3
28. सांझ,संध्या-2
29. अधीन-3
30. निश्चित-2
32. निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34. बेइमान,सेंधमार-2
36. दाम,मूल्य-3
37. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38. मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39. अश्रु,आंसू-5

ऊपर से नीचे
1. स्वर्ण,कनक-2
2. गुजर करना-3
3. धैर्यवान-3,2
4. राशिचक्र की एक राशि-3
5. आंशिक भीगा हुआ-2
6. सामंजस्य-4
7. यायावर,बंजारा-5
10. चुनाव,वोटिंग-4
12. दुख,कष्ट-2
16. यज्ञ,होम-3
17. कमरा,रूम-2
18. उम्मीद,आस-2
20. जुड़वा-3
21. प्याला-2
22. हृदय,हार्ट-2
23. निकृष्टतर-4
24. बलवान,दमदार-5
25. स्वदेशवासी-5
26. आलसी,निठल्ली-4
27. बुरी आदत-2
31. भरोसा,विश्वास-3
33. आंचल,पल्लू-3
35. अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37. समय, वक्त-2

शब्द पहेली -6393 का हल

	भ	स्मा	सु	र		दा	न	वी	र	
नौ			ब	स		न	ग			म
ज	प		ह	म	ला	व	र		म	ल
बा	र				न				न	म
न	व	जा	त		त		अ	न	मो	ल
	र		ह	रा	म	खो	र		ह	
अ	दि	क्षी	त		ला		ज	मा	न	त
स	ग				म				सिं	ह
मा	र		क	म	त	र	ता		ह	ल
न				मा	ही		ज	ड़		का
	म	स	ल	न		क	ना	ग	त	

सूडोकु नवताल - 6404

कठिन

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
							3	5
	6						7	
4	8							
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6403 का हल

4	2	5	8	6	1	9	7	3
7	3	1	9	4	2	8	5	6
6	9	8	7	3	5	4	2	1
1	6	2	3	8	9	5	4	7
9	4	3	5	1	7	6	8	2
8	5	7	4	2	6	3	1	9
2	1	9	6	5	8	7	3	4
5	7	4	1	9	3	2	6	8
3	8	6	2	7	4	1	9	5



राघव की इकाई का बीटीएस वीडियो हुआ वायरल

नई दिल्ली। विकास बहल की आगामी फिल्म 'इकाई' की शूटिंग का एक बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो ऑनलाइन सामने आया है, जिसमें राघव जुयाल और फिल्म से हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने जा रहीं कोमल पावस्कर नजर आ रहे हैं। यह वीडियो फिल्म की शूटिंग की एक झलक पेश करता है।'किल और द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपने अभिनय से पहचान बनाने वाले राघव जुयाल लगातार अलग-अलग तरह के किरदारों के साथ प्रयोग कर रहे हैं। अब वह इस आगामी प्रोजेक्ट में कोमल पावस्कर के साथ एक नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी के रूप में नजर आएंगे। लीक हुए बीटीएस वीडियो में राघव और कोमल को एक पारंपरिक बाजार जैसे माहौल में सीढ़ियों पर बैठे देखा जा सकता है।

लाइफ Style

श्रीनिधि

सिर्फ पैसों के लिए फिल्में साइन नहीं करती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साउथ की मशहूर अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी ने साल 2018 में कन्नड़ फिल्म केजीएफ: चैप्टर 1 से अपना एक्टिंग डेब्यू किया था। इस फिल्म के बाद वह घर-घर में पहचानी जाने लगीं। केजीएफ की सफलता के बाद श्रीनिधि शेट्टी ने हिट: द थर्ड केस, कोबरा और तेलुसु कडा जैसी फिल्मों में काम किया।

8 साल के कॅरियर में उनकी चुनिंदा फिल्में आईं। ऐसे कयास लगाए जाते हैं कि केजीएफ की सफलता के बाद श्रीनिधि ने अपनी फीस 7 से 8 करोड़ रुपए प्रति फिल्म कर दी थी। अब खुद श्रीनिधि शेट्टी ने इन अफवाहों पर पहली बार चुप्पी तोड़ी है। एक बातचीत में एक्ट्रेस ने कहा कि पैसा उनके लिए मायने नहीं रखता है। केजीएफ फिल्मों (चैप्टर 1 और चैप्टर 2) की सफलता के बाद कहा जा रहा है कि मैं 7 से 8 करोड़ रुपए मांग रही हूं। मैंने अब तक कुछ ही फिल्मों में काम किया है। ऐसे में मैं इतनी बड़ी रकम कैसे मांग सकती हूं? इसलिए, यह सिर्फ एक अफवाह है। अगर पैसा कमाना ही मेरा एकमात्र लक्ष्य होता तो मैं पिछले कुछ सालों में 30 से 40 फिल्मों में काम कर सकती थी, लेकिन मैं सिर्फ पैसों के लिए फिल्में साइन नहीं करती। मैं अच्छी कहानियों और बेहतरीन किरदारों को प्राथमिकता देती हूं। श्रीनिधि शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'आदर्श कुटुंबम हाउस नंबरः 47 - एके47' के प्रमोशन में बिजी हैं। इस फिल्म का निर्देशन त्रिविक्रम श्रीनिवास कर रहे हैं। फिल्म में श्रीनिधि के अलावा लीड रोल में वेंकटेश हैं। वहीं, नारा रोहित, निवेथा पेथुराज और युविना पार्थवी सहायक भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



हॉलीवुड मसाला



'लव इन वेन' में मिला लीड रोल

लॉस एंजिल्स। फैंस के 'आइरन मैन' और हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर के तो हम सभी दीवाने हैं। हर सिनेमा दर्शक को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार है। लेकिन, इस बीच एक बड़ी खबर ये है कि उनके 33 साल के बेटे इंडियो फाल्कनर डाउनी भी जल्द ही बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। इंडियो को बतौर लीड हीरो उनकी पहली फीचर फिल्म 'लव इन वीन' में काम मिला है। विल डी लॉस सैंटोस के निर्देशन में बनने वाली यह इंडिपेंडेंट फिल्म राइटर रयान लियोन के नॉवल 'वेस्टिंग टैलेंट' पर बेस्ड है।



ऑस्कर की रेस में भारतीय फिल्म का देंगी साथ

लॉस एंजिल्स। फिल्ममेकर प्रणव भसीन की फिल्म 'वी वर हीअर' को अब ऑस्कर की दौड़ के लिए तैयार किया जा रहा है। उनकी मदद के लिए अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने हाथ आगे बढ़ाया है। प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर भारतीय सिनेमा को इंटरनेशनल लेवल पर पहचान दिलाने की दिशा में कदम बढ़ाती नजर आ रही हैं। प्रणव भसीन के निर्देशन और लेखन में बनी शॉर्ट फिल्म 'वी वर हीअर' को अब तक 80 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जा चुका है। फिल्म से जुड़ने को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने एक प्रेस नोट में कहा, 'यह फिल्म एक ऐसे विषय को नए और मजेदार अंदाज में पेश करती है, जो आज के समय में काफी प्रासंगिक है।



35 हजार फीट ऊंचाई पर तोड़ा व्रत

नई दिल्ली। परिणीति चोपड़ा ने भी पति की लंबी उम्र के लिए करवाचौथ का व्रत रखा था। जहां तमाम फिल्म स्टार्स की पत्नियों और एक्ट्रेसेस ने एकसाथ मिलकर इसे सेलिब्रेट किया वहीं एक्ट्रेस ने इसे अलग अंदाज में मनाया है। उन्होंने एक वीडियो पोस्ट कर बताया कि एक्ट्रेस ने अपना व्रत 35 हजार फीट ऊपर पहुंचकर आसमान में तोड़ा। इसी के साथ परिणीति की इन झलकियों नें उनकी बहन प्रियंका चोपड़ा के उस किस्से को ताजा कर दिया है जब चांद न निकलने पर करवाचौथ का व्रत तोड़ने के लिए निक प्रियंका को लेकर प्राइवेट प्लेन से बादलों के पार पहुंच गए थे। परिणीति चोपड़ा ने आज 30 अक्टूबर को इंस्टाग्राम पर ये मजेदार वीडियो शेयर किया है। इन झलकियों में कपल एक एयरक्राफ्ट केबिन के अंदर नजर आ रहे हैं।



ओम चैप्टर 1 में आईपीएस ऑफिसर बनीं साई

मुंबई। अगले महीने 5 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली 'रामायणम' में सीता का किरदार निभाने के बाद, साई पल्लवी अब 'ओमः चैप्टर 1 – उधिरमः द ब्लड वुड' में एक बिल्कुल अलग रोल में नजर आएंगी। इस आने वाली एक्शन थ्रिलर के मेकर्स ने उनके किरदार, नित्या रेड्डी, से पर्दा उठाया है। फिल्म में वह एक सीबीआई ऑफिसर की भूमिका में हैं, जिन्हें लाल चंदन की अवैध तस्करी की जांच करने का काम सौंपा गया है। फिल्म की पहली झलक में उनके किरदार के अतीत और उस निजी नुकसान की झलक मिलती है, जो उन्हें इस जांच के लिए प्रेरित करता है। इसी वजह से वह धनुष और ममूटी के किरदारों के संपर्क में आती हैं। प्रमोशनल वीडियो में नित्या को 'ईमानदारी, समझदारी और युवा जोश के साथ अनुभव' का एक बेहतरीन मिश्रण बताया गया है।

टीवी मसाला

'फैमिली फुल हाउस' में पहुंचे राजपाल, कॉमेडी से सबको हंसाया



नई दिल्ली। रोहित शर्मा इन दिनों 'फैमिली फुल हाउस' के चलते चर्चा में हैं। क्रिकेटर और होस्ट रोहित शर्मा के शो में हाल ही में राजपाल यादव पहुंचे थे जहां उन्होंने बताया कि कैसे राजपाल यादव की फिल्मों ने उन्हें मैदान पर मुश्किल दिनों से उबरने में मदद की। रोहित शर्मा ने अपनी कुछ पुरानी यादों को शेयर करते हुए कहा, 'जब मैं खेलता हूं, आउट हो जाता हूं या हम मैच हार जाते हैं, तो होटल जाकर मैं काफी दुखी होता हूं। ऐसे में मैं आपकी फिल्में देखता हूं। फिल्म देखने के बाद, जब मैं सुबह उठता हूं, तो मुझे ऐसा लगता है जैसे कल कुछ हुआ ही नहीं। जैसे मैं जल्दी आउट हुआ ही नहीं।' रोहित शर्मा ने इस बात का सबूत भी दिया कि उन्हें राजपाल यादव की कॉमेडी कितनी पसंद है। उन्होंने अभिनेता से पूछा, 'क्या आप सबूत देखना चाहेंगे?' इसके बाद 2016 का एक वीडियो दिखाया गया, जिसमें रोहित ने एक ऐप का इस्तेमाल करके राजपाल यादव के डायलॉग्स वाले वीडियो बनाए थे।

यंग और स्काउट की दोस्ती में दरार

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' का दर्शकों के बीच अच्छा खासा बज देखने को मिल रहा है। जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच इक्वेशन भी बदलते नजर आ रहे हैं। अब हाल ही में घर में कैप्टेंसी टास्क के दौरान जमकर हंगामा देखने को मिला। टास्क के बीच यंग और गुल्लू के बीच धक्का-मुक्की हो गई, जिसके बाद घर का माहौल गरमा गया। इस झगड़े ने उस वक्त और तूल पकड़ लिया, जब स्काउट ने दोनों के बीच हुए विवाद पर अपनी राय रखी। हालांकि, स्काउट की बात यंग को बिल्कुल पसंद नहीं आई और देखते ही देखते दोनों के बीच भी बहस शुरू हो गई। दरअसल, जब यंग और गुल्लू के बीच धक्का-मुक्की हुई, उस वक्त स्काउट वहां मौजूद नहीं था। वह वॉशरूम गया हुआ था। वापस लौटने के बाद जब उसे पूरे मामले की जानकारी मिली तो उसने गुल्लू से कहा कि लड़ाई मुंह से करनी चाहिए, हाथ-पैर से नहीं।



नाचते हुए मरी तो मिसाल बन जाऊंगी, विठाबाई बन छाईं श्रद्धा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में श्रद्धा कपूर एक बिल्कुल अलग और दमदार अवतार में नजर आ रही हैं। यह फिल्म 4 दिसंबर, को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'स्त्री' के जरिए दर्शकों को डराने और एंटरटेन करने वाली श्रद्धा इस बार महाराष्ट्र की मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जिंदगी को पर्दे पर उतारने जा रही हैं। फिल्म के ट्रेलर में लोककला, संघर्ष, जुनून और एक कलाकार की जिंदगी के कई रंग देखने को मिलते हैं। 3 मिनट 2 सैकेंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक जबरदस्त डॉयलॉग के साथ होती है, जिसमें सुनने को मिलता है कि तुम्हीं ने कहा था ना कि देखते हैं क्या टूटता है? मेरा भरोसा या मेरा घमंड, मेरा भरोसा ही मेरा घमंड था रे, जब वो टूट गया ना सब टूट गया। इसके बाद ट्रेलर में विठाबाई की जिंदगी के संघर्ष को दिखाया गया है।



प्रोफेसर चार्ल्स बनकर दिमाग पर छाए, आखिरी बार 'एवेंजर्स-डूम्सडे में नजर आएंगे पैट्रिक

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज कलाकार पैट्रिक स्टीवर्ट का बुधवार को 86 साल की उम्र में निधन हो गया। अभिनेता ने एक्स-मेन सीरीज में अपने किरदार प्रोफेसर चार्लस जेवियर से दर्शकों का दिल जीता है। उन्होंने एक्स-मेन' फिल्मों में प्रोफेसर एक्स के अलावा कई दूसरे प्रोजेक्ट में यादगार किरदार निभाए हैं। यहां उनके कुछ किरदारों का जिक्र है। पैट्रिक स्टीवर्ट की आखिरी फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' होगी, जो 17 दिसंबर को भारत में रिलीज होने वाली है।

नोबलमैन : मिस्टर स्टीवर्ट अपने देश ब्रिटेन में मंच (स्टेज) के एक मशहूर अभिनेता थे। उन्होंने 1966 में रॉयल शेक्सपियर कंपनी के साथ काम करना शुरू किया। उनके सबसे चर्चित किरदारों में 'मैकबेथ' में मुख्य किरदार यानी परेशान कुलीन व्यक्ति (नोबलमैन) शामिल है। मिस्टर स्टीवर्ट ने इस किरदार



के बारे में कहा था, 'मैंने पूरे 365 दिनों तक मैकबेथ का किरदार निभाया। यह किरदार मेरे अंदर इतनी गहराई तक उतर गया था कि उस समय इसने मेरी पूरी जिंदगी पर कब्जा कर लिया था'

प्रोफेसर एक्स : मिस्टर स्टीवर्ट ने कई 'एक्स-मेन' फिल्मों में चार्ल्स जेवियर, यानी प्रोफेसर एक्स का किरदार निभाया। इसमें वह व्हीलचेयर पर बैठे एक अमीर टेलीपैथ (जो दिमाग से दूसरों से जुड़ सकता है) के रूप में नजर आए। उनका यह किरदार काफी मशहूर हुआ।

प्रोफेसर एक्सः हाल ही में मिस्टर स्टीवर्ट ने 'एवेंजर्सः डूम्सडे' में फिर से यही किरदार निभाया है, जो दिसंबर में रिलीज होने वाली है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि 'मुझे अभी भी दिलचस्प ऑफर मिलते रहते हैं और मुझे नए काम की चुनौतियों का सामना करना अच्छा लगता है। मैं कभी भी आधिकारिक तौर पर रिटायर होने के बारे में सोच भी नहीं सकता। मैं हमेशा और हमेशा के लिए एक एक्टर ही रहूंगा।'

कैप्टन पिकार्ड : कैप्टन पिकार्ड 20वीं सदी के टेलीविजन के सबसे मशहूर किरदारों में से एक हैं। मिस्टर स्टीवर्ट ने 'स्टार ट्रेकः द नेक्स्ट जेनरेशन' में इस किरदार को बहुत ही शांत और गंभीर अंदाज में निभाया।

पौराणिक कथाओं को बड़े पर्दे पर भव्य रूप में पेश करने की तैयारी

सिनेमा की तकदीर बदलेगा 'सनातन' का नया फॉर्मूला

मुंबई। पौराणिक कहानियों पर आधारित फिल्मों को बड़े बजट में बनाने के जोखिम पर ट्रेड एनालिस्ट अतुल मोहन कहते हैं कि हर तरह की फिल्म में जोखिम होता है। फिल्म अच्छी बनेगी तो कमाई होगी और अच्छी नहीं बनी तो नुकसान उठाना पड़ेगा। निर्माता भी समझ रहे हैं कि दर्शक बॉलीवुड के पुराने फार्मूले से ऊब रहे हैं।ऐसे में उन्हें पौराणिक कहानियों के रूप में एक नया फार्मूला नजर आ रहा है। हर कोई जल्द से जल्द इस तरह की फिल्म बनाने और अपनी घोषणा को बड़ा दिखाने में जुटा है। वहीं, ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श का मानना है कि पौराणिक फिल्मों पर बड़ा दांव लगाने के पीछे वैश्विक बाजार में भारतीय सिनेमा की बढ़ती पहुंच एक अहम वजह है।

हाल के वर्षों में मूल रुप से कन्नड़ में बनी ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म कांतारा की सफलता ने साबित किया कि स्थानीय लोककथाओं, परंपराओं और आस्था से जुड़ी कहानियां भी देशभर के दर्शकों को आकर्षित कर सकती हैं। अब रामायणम , वाराणसी, जय हनुमान , नाम ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव और महावतार जैसी बड़े बजट की फिल्मों के जरिए मेकर्स पौराणिक कथाओं को बड़े पर्दे पर भव्य रूप में पेश करने की तैयारी में हैं।



कमाई के खुल रहे हैं नए रास्ते

वह कहते हैं, 'कोई निर्माता बड़े पैमाने पर फिल्म बनाना चाहता है, तो उसे रोका नहीं जा सकता। भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए बड़े स्तर पर सोचने और कोशिश करने की जरूरत है। फिल्म का बजट कितना होगा, यह उसकी कहानी की मांग पर निर्भर करता है।

रिस्क नहीं लेंगे तब तक आगे कैसे बढ़ेंगे?

पौराणिक फिल्मों का यह दौर भारतीय सिनेमा के विस्तार के लिहाज से अच्छी बात है। जब तक हम एक रिस्क नहीं लेंगे तब तक आगे कैसे बढ़ेंगे? रामायणम से शुरुआत हो रही हो, उसके बाद कई और फिल्में आएंगी और ये बहुत अच्छी निशानी है क्योंकि हमें कहीं न कहीं ग्रो होना चाहिए। एक दायरे में रहकर हम अपनी सोच बड़ा नहीं करते हैं। 'फिल्मों के बढ़ते बजट पर पूर्ण पुरुषोत्तम कृष्णावतारम : पार्ट 1 द हार्ट (हृदयम) फिल्म के निर्देशक हार्दिक गज्जर कहते हैं- सबसे पहले यह समझने की जरूरत है कि फिल्में इतनी महंगी क्यों दिखाई देती हैं

4000 करोड़ की रामायण

नए कलाकारों के साथ इस तरह के विषय को कम बजट में बनाया जा सकता है, और तब फिल्म के सफल होने की उम्मीद और उसकी विश्वसनीयता, दोनों कहीं ज्यादा होती हैं। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीक की मदद से अब फिल्म निर्माण की लागत को अधिक कुशलता से नियंत्रित करना भी संभव हुआ है। दो पार्ट में बन रही रामायणम का चार हजार करोड़ रुपये का बजट काफी चर्चा में रहा है। हालांकि फिल्म के निर्माता और अभिनेता यश ने स्पष्ट किया कि यह एक गलतफहमी है। चार हजार करोड़ रुपए का बजट दोनों फिल्मों का संयुक्त बजट है। इसमें फिल्म की रिलीज और प्रमोशन का खर्च भी शामिल है। हॉलीवुड में भी इसी तरह बजट की गणना की जाती है। निर्माता नमित मल्होत्रा ने सभी खर्चों को जोड़कर यह आंकड़ा बताया है। वहां फिल्म के निर्माण पर खर्च होने वाली रकम के बराबर, और कभी-कभी उससे भी ज्यादा पैसा प्रमोशन पर खर्च किया जाता है, क्योंकि फिल्म को वैश्विक स्तर पर रिलीज किया जाना होता है, लेकिन उससे होने वाली कमाई भी वैश्विक होती है। हालांकि बड़ा बजट होने पर दर्शकों की अपेक्षाएं भी बढ़ जाती है।

फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी से चूके जोकोविच



स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट : जर्मन खिलाड़ी स्ट्रफ से हारे नोवाक

एजेंसी ▶▶| बासेल

नोवाक जोकोविच ने स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट में हारने के कारण स्विट्जरलैंड के दिग्गज रोजर फेडरर के करियर के 103 खिताब की बराबरी करने का मौका गंवा दिया। जोकोविच के पास फेडरर के गृहनगर बासेल में यह उपलब्धि हासिल करने का मौका था लेकिन वह विश्व में 47वें नंबर के जर्मन खिलाड़ी जान-लेनार्ड स्ट्रफ से 6-7 (4), 7-5, 7-6 (5) से हार गए।

रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन जोकोविच ने इस महीने बीजिंग में अपना 102वां टूर खिताब जीता था। एटीपी टूर में सर्वाधिक 109 खिताब जीतने का रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम पर है। उनके बाद फेडरर और जोकोविच का नंबर आता है।

शेल्टन नहीं जीत पाएंगे आठवां खिताब

शीर्ष वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन भी अपना आठवां करियर खिताब नहीं जीत पाएंगे। उन्हें वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले विश्व में 222वीं रैंकिंग के स्विस खिलाड़ी जेरोम किम से 6-3, 6-7 (4), 7-6 (1) से हार का सामना करना पड़ा। किम का अगला मुकाबला जिरी लेहेका से होगा, जिन्होंने डेनियल अल्टमायर को 7-5, 6-4 से हराया। इससे पहले दूसरी वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स ने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन को एक कड़े मुकाबले में 4-6, 6-3, 7-6 (5) से पराजित किया। क्वार्टरफाइनल में फिल्स का सामना एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी छठी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने डेनिस शापोवालोव पर 6-4, 6-3 से आसान जीत दर्ज की।

नंबर वन ताज पर ज़्वेरेव का कब्जा



एजेंसी ▶▶| वियना

पिछले कुछ समय से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अलेक्जेंडर ज़्वेरेव आखिरकार सोमवार को दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन जाएंगे। सोमवार को जब नई टेनिस रैंकिंग जारी होगी तो 29 वर्षीय ज्वेरेव नंबर एक पर काबिज होंगे। उन्होंने एस्टर्ं बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर अपने लिए नंबर एक रैंकिंग सुनिश्चित की। उन्होंने टैलन ग्रीक्सपोर को 6-4, 7-5 से हराया।

शीर्ष पर होने का अहसास अद्भुत : ज्वेरेव

इस साल फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन जीतने वाले ज्वेरेव ने कहा, 'दुनिया के शीर्ष पर होने का अहसास अद्भुत है। यह किसी टूर्नामेंट या खिताब को जीतने से अलग है, लेकिन यह जानकर बहुत खास अहसास होता है कि जब नई रैंकिंग जारी होगी तो आपका नाम नंबर एक पर लिखा होगा।'

सिनर की लेंगे जगह

इस टूर्नामेंट में आगे के परिणाम कुछ भी रहें ज्वेरेव यानिक सिनर की जगह रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंच जाएंगे
ज्वेरेव नंबर एक पर पहुंचने वाले 30वें पुरुष खिलाड़ी और 1974 में 30 वर्षीय जॉन न्यूकोम्ब के बाद शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। एटीपी रैंकिंग की शुरुआत इससे एक साल पहले ही हुई थी।

सीरीज पर कब्जा जमाने उतरेगी भारत 'ए' टीम

आज से न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा अनौपचारिक टेस्ट

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

देवदत्त पडिक्कल की शानदार फॉर्म और अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की वापसी से भारत ए को मजबूती मिली है और वह शनिवार से शुरू होने वाले दूसरे अनौपचारिक चार दिवसीय टेस्ट में न्यूजीलैंड ए को हराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय खिलाड़ियों को चार दिवसीय मैच से तैयार होने में मदद मिलेगी।

शानदार फार्म में पडिक्कल

पडिक्कल निस्संदेह अब तक भारत ए के लिए सबसे सकारात्मक पहलू रहे हैं, जिन्होंने पहले मैच में शतक बनाकर टीम को वापसी दिलाई थी। भारत ए की टीम पहली पारी में 39.3 ओवर में केवल 113 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद बाएं हाथ के प्रतिभाशाली बल्लेबाज पडिक्कल ने शानदार 199 रन बनाकर टीम को दूसरी पारी में 516 रन तक पहुंचाने में मदद की और न्यूजीलैंड ए के सामने 313 रन का लक्ष्य रखा। उन्होंने अपनी स्पिन गेंदबाजी से दो विकेट भी लिए।



तेज गेंदबाजी आक्रमण को मिलेगी मजबूती

सिराज के शामिल होने से तेज गेंदबाजी आक्रमण को और मजबूती मिलेगी क्योंकि वह आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला में जसप्रीत बुमराह के साथ नई गेंद संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार होने की कोशिश करेंगे। बुमराह और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के लिंकन में होने वाले तीसरे अनौपचारिक टेस्ट में खेलने की संभावना है, जिसमें नीतीश कुमार रेड्डी की भी वापसी होगी। जहां तक न्यूजीलैंड की टीम का सवाल है तो उसने पहले दो दिन तक दबदबा बनाया लेकिन अपनी लय बरकरार नहीं रख सका। उसकी टीम अब अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

चौथे टी20 में न्यूजीलैंड ने भारत को 87 रन से हराया

न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा स्कोर

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

ग्लेन फिलिप्स के तूफानी शतक और तेज गेंदबाज जैकब डफी की घातक गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के चौथे मुकाबले में शुक्रवार को भारत को 87 रन से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम शुरुआती तीन मुकाबले जीतकर पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुकी है। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में हार का अंतर 1-3 कर दिया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' फिलिप्स ने 49 गेंदों में 107 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि माइकल ब्रेसवेल ने महज 25 गेंदों में 65 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 41 गेंदों में 115 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को 7 विकेट पर 259 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के खिलाफ किसी भी टीम का सर्वोच्च स्कोर है। इसके जवाब में भारतीय टीम अतिरिक्त उछाल वाली पिच पर 9 विकेट पर 172 रन ही बना सकी।

फिलिप्स का तूफानी शतक और डफी की घातक गेंदबाजी



शांत रहा ईशान और सैमसन का बल्ला

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत की दरकार थी, लेकिन तेज गेंदबाज डफी ने पहले ही ओवर में संजू सैमसन (चार) और ईशान किशन (शून्य) को आउट कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। भारत ने पहले ओवर के बाद दो विकेट पर महज चार रन बनाए थे। इस शुरुआती झटके से टीम अंत तक नहीं उबर सकी। भारत की ओर से तीसरे विकेट के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर (22) और अभिषेक शर्मा (27) के बीच 46 रन की साझेदारी सबसे बड़ी रही। यह भारतीय बल्लेबाजी की नाकामी को बयां करने के लिए काफी थी। आमतौर पर आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले अभिषेक इस बार लय में नहीं दिखे। वह मैथ्यू फिशर की गेंद पर कवर में मिचेल सैंटनर को कैच थमा बैठे। अय्यर ने एडम मिल्ने की गेंद पर जगह बनाकर शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन 143 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आई गेंद उनके बल्ले को छकाती हुई सीधे स्टंप पर जा लगी। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिए।

फिलिप्स ने बनाए 49 गेंदों में 107 रन

फिलिप्स ने 49 गेंदों में 107 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि ब्रेसवेल ने महज 25 गेंदों में 65 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए केवल 41 गेंदों में 115 रन की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजी की कलई खोल दी। टिम सीफर्ट और डेरिल मिचेल को तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पवेलियन भेजकर न्यूजीलैंड को शुरुआती झटके दिए। इसके बाद फिलिप्स और फिन एलन ने तीसरे विकेट के लिए 59 रन जोड़कर पारी को संभाला। फिलिप्स और ब्रेसवेल ने पारी का रुख बदल दिया। फिलिप्स ने प्रिंस यादव के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए एक ओवर में एक छक्का और तीन चौके लगाए। इसके बाद उन्होंने नीतीश कुमार रेड्डी को भी निशाने पर लिया।

ब्रेसवेल ने 18 गेंदों में किया अर्धशतक पूरा

ब्रेसवेल भी दूसरे छोर से भारतीय गेंदबाजों पर कहर बनकर टूटे। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के एक ओवर में लगातार तीन चौके और एक छक्का जड़ा। ब्रेसवेल ने महज 18 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत की ओर से मयंक यादव सबसे प्रभावशाली गेंदबाज रहे। उन्होंने 140 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर बल्लेबाजों को परेशान किया।

3 महीने बाद मैदान में उतरने को तैयार जेमिमा



नई दिल्ली। बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने घोषणा की कि वह अगस्त में लगी चोट से पूरी तरह उबर चुकी हैं और मुकाबलों के लिए मैदान पर उतरने को तैयार हैं। जेमिमा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए चोट से उबरने के बाद खुद को पूरी तरह फिट घोषित किया। उन्होंने लिखा, 'जीवन से जुड़ा अपडेट, मुझे (हैमस्ट्रिंग) फिट घोषित कर दिया गया है। तीन महीने तक चोट से उबरने (रिहैब) के बाद अब मैं मैदान पर वापसी करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती।' भारतीय महिला क्रिकेट टीम का अगला दौरा दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका का होगा, जिसमें टीम कई प्रारूपों की सीरीज खेलेगी। इसके अलावा जेमिमा मौजूदा सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में मुंबई की टीम की ओर से भी खेल सकती हैं।

खबर संक्षेप



अंडर 15 वर्ल्ड कप : भारत ने क्यूबा को हराया

बाकू। भारत ने फीफा अंडर 15 वर्ल्ड कप एंड फेस्टिवल में शुक्रवार को अपने आखिरी मैच में क्यूबा को 6-4 से हराया।
भारत 189 देशों की भागीदारी वाले टूर्नामेंट में 87वें स्थान पर रहा। भारत के लिए विक्टर लालावम्पुइया , निबास मीतेइ और आर लालरेम्रूआत्फेला ने दो-दो गोल किए। भारत ने टूर्नामेंट में लाओस, कैमरून, बहरीन, त्रिनिदाद और टोबैगो और क्यूबा को हराया जबकि सेनेगल, होंडुरास, अफगानिस्तान और कजाखस्तान से हारा। ग्रेनेडा के खिलाफ भारत का मुकाबला ड्रॉ रहा।

हांगकांग सिक्सेस : पाक से हारी टीम इंडिया

कोवलून। भारत को हांगकांग इंटरनेशनल सिक्सेस के मैच में पाकिस्तान ने 4 विकेट से हराया।
पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर भारत 6 ओवर में 5 विकेट पर 88 रन ही बना सका। शशांक सिंह ने 11 गेंद में 40 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने 3.5 ओवर में 2विकेट पर 92 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज ख्वाजा नफे और अब्बास अफरीदी ने 13 गेंद में 59 रन की साझेदारी की। अफरीदी ने पहले ही ओवर में कृणाल पंड्या को 5 छक्के लगाए। इससे पहले भारत को राहुल त्रिपाठी और नीतीश राणा अच्छी शुरुआत नहीं दे सके। कप्तान पंड्या और राहुल तेवतिया भी नाकाम रहे। पहले मैच में यूएई से हारी पाकिस्तानी टीम अब ग्रुप सी में शीर्ष पर है जबकि भारत आखिरी स्थान पर खिसक गया है।

अन्वय द्रविड़-आर्यवीर सहवाग अंडर 19 भारतीय टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज खिलाड़ियों राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग के बेटे अन्वय द्रविड़ और आर्यवीर सहवाग को अंडर-19 एशिया कप के लिए शुक्रवार को घोषित भारतीय टीम में शामिल किया गया है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) पुरुष अंडर-19 एशिया कप का आयोजन वनडे प्रारुप में 5 से 14 नवंबर तक ओमान की राजधानी मस्कट में किया जाएगा। कर्नाटक के अन्वय और दिल्ली के आर्यवीर ने हाल ही में संपन्न वीनू मांकड़ ट्रॉफी में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित करते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा था। 17 साल के अन्वय ने इस



महीने की शुरुआत में अंडर-19 प्रतियोगिता में गुजरात के खिलाफ महज 100 गेंदों पर 151 रन की विस्फोटक पारी खेली थी। उनकी इस पारी की बदौलत कर्नाटक ने 300 से अधिक रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था। उन्नीस वर्षीय आर्यवीर सहवाग ने भी वीनू मांकड़ ट्रॉफी में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विजयनगरम में चंडीगढ़ के खिलाफ 143 गेंदों पर 173 रन की तूफानी पारी खेली थी।

लक्ष्य रायचंदानी को भारतीय टीम की कप्तानी

लक्ष्य रायचंदानी को भारतीय टीम की कप्तानी सौंपी गई है तो वहीं यशवर्धन सिंह चौहान उपकप्तान होंगे। भारत को ग्रुप-ए में पाकिस्तान, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ रखा गया है। ग्रुप-बी में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और मलेशिया की टीमें शामिल हैं। दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।

एमआई के बल्लेबाजी कोच बने उथप्पा

नई दिल्ली। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2027 के सत्र से पहले शुक्रवार को अपने कोचिंग स्टाफ में व्यापक फेरबदल करते हुए पूर्व भारतीय बल्लेबाज रोबिन उथप्पा को अपना बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया।



उथप्पा के अलावा न्यूजीलैंड के मिशेल मैक्लेनाघन को गेंदबाजी कोच, जबकि पूर्व भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप को इसी भूमिका में नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने धवल कुलकर्णी को विकास गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। इस तरह से उथप्पा, मैक्लेनाघन और कुलकर्णी की मुंबई इंडियंस की टीम में वापसी हो रही है, जो पहले खिलाड़ी के तौर पर इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा रह चुके हैं। यह तीनों नवनियुक्त मुख्य कोच कीरोन पोलार्ड के साथ मिलकर नए कोचिंग स्टाफ का हिस्सा बनेंगे। उथप्पा 2007 में पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। यह 40 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल के पहले सत्र में मुंबई इंडियंस की तरफ से खेला था।

पैन पैसिफिक ओपन

गर्दन की चोट के कारण हटीं एलेना रिबाकिना

सेमीफाइनल में पहुंचीं लेयला फर्नांडीज



एजेंसी ▶▶| टोकियो

दुनिया की नंबर 1 एलेना रिबाकिना का पैन पैसिफिक ओपन में अभियान शुक्रवार को समय से पहले समाप्त हो गया। कजाकिस्तान की इस खिलाड़ी ने गर्दन की चोट के कारण डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। इस वजह से कनाडा की लेयला फर्नांडीज सेमीफाइनल में पहुंच गईं। रिबाकिना ने गर्दन में सूजन और दर्द को नाम वापस लेने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि इस समस्या ने उनके बेस्ट परफॉर्म करने की क्षमता पर असर डाला था। रिबाकिना ने कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मुझे अपने अगले मैच से हटना पड़ा है। बदकिस्मती से, मेरी गर्दन में सूजन और दर्द हो रहा है, जिससे मैं अपना बेस्ट नहीं दे पा रही हूं।

यह बहुत मुश्किल फैसला है, क्योंकि मुझे यहां खेलना पसंद है और मैं हमेशा फैंस के जबरदस्त सपोर्ट की तारीफ करती हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं अगले साल फिर वापस आऊंगी। आप सभी की समझदारी और समर्थन के लिए धन्यवाद।

जमीनी स्तर पर क्रिकेट का वैश्विक उत्सव, जुड़े 10 लाख खिलाड़ी

1 नवंबर को मनाया जाएगा पहला 'क्रिओ डे'

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जमीनी स्तर पर क्रिकेट के वैश्विक उत्सव 'क्रिओ डे' की शुरुआत की घोषणा की, जो 1 नवंबर को आयोजित होगा। यह पहल दुनिया भर में इस कार्यक्रम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों की संख्या 10 लाख पहुंचने की उपलब्धि के मौके पर शुरू की गई है। 'क्रियो' कार्यक्रम ने 2021 में शुरुआत के बाद से दुनिया के विभिन्न हिस्सों में क्रिकेट के खेल को पहुंचाने में मदद की है। नए दर्शकों और खिलाड़ियों को क्रिकेट से



परिचित कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया 'क्रिओ' कार्यक्रम 18 भाषाओं में मुफ्त और आसानी से अपनाए जा सकने वाले पाठ्यक्रम के माध्यम से संचालित होता है। यह आईसीसी का शुरुआती स्तर का और दुनिया भर में सभी के लिए सुलभ क्रिकेट कार्यक्रम है।

क्रिकेट 'कभी भी, कहीं भी'

आईसीसी के अनुसार यह कार्यक्रम इस सिद्धांत पर आधारित है कि क्रिकेट 'कभी भी, कहीं भी और कोई भी खेल सकता है'। वर्ष 2021 से 'क्रिओ' ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समुदाय को एकजुट करके इस खेल के विकास में योगदान दिया है। इस वैश्विक अभियान से जुड़ने वाली 10 लाखवीं खिलाड़ी नाइजीरिया की 13 वर्षीय सैदत हमजात बनी हैं। यह कार्यक्रम दुनिया के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंच चुका है। आईसीसी के 65 एसोसिएट सदस्य देशों ने अपने राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम शुरू किए हैं। वहीं, आईसीसी के सभी 12 पूर्ण सदस्य देशों में प्रमाणित 'क्रिओ' प्रशिक्षक मौजूद हैं।



ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने दायर की जनहित याचिका, एससी-एसटी और ओबीसी के प्रतिनिधित्व की मांग

हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति को चुनौती, सात नामों पर उठाए सवाल



जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की नियुक्ति में सामाजिक प्रतिनिधित्व का मुद्दा उठाते हुए ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट कालेजियम की सात नामों की सिफारिश को चुनौती दी है। एसोसिएशन के सचिव रामभजन सिंह लोधी की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। इसमें 26 अक्टूबर 2026 को की गई सिफारिशों पर पुनर्विचार कराने और प्रस्तावित नियुक्तियों के वारंट जारी करने की प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की गई है।

ये सात नाम हैं प्रस्तावित

सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त करने के लिए डा. विवेक शरण, राजेश कुमार शुक्ला, कनक गहरवार उर्फ कनक लता सिंह, भक्ति व्यास, श्रेयस पंडित, मृणाल एलकर उर्फ मृणाल मजूमदार और अविनाश जरगर के नामों की अनुशंसा की है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर के अनुसार, इन सात नामों में छह सामान्य वर्ग और एक ओबीसी वर्ग से है। एससी और एसटी वर्ग से किसी नाम की सिफारिश नहीं की गई। याचिका में दावा किया गया है कि हाई कोर्ट में कार्यरत 38 न्यायाधीशों में 36 सामान्य अथवा उच्च जातियों से हैं, जबकि एससी और ओबीसी वर्ग से एक-एक न्यायाधीश हैं। एसटी वर्ग का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। याचिकाकर्ता का कहना है कि एसोसिएशन वर्ष 2020 से न्यायपालिका में वंचित वर्गों की भागीदारी के लिए ज्ञापन दे रही है। याचिका में 15 मई और चार सितंबर 2026 को राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय और संबंधित संस्थाओं को भेजे गए अभ्यावेदनों का भी उल्लेख है। याचिका में कालेजियम की सिफारिशों पर पुनर्विचार के साथ न्यायाधीशों तथा अतिरिक्त महाधिवक्ता, उप महाधिवक्ता और शासकीय अधिवक्ताओं के पदों पर एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए पारदर्शी दिशा-निर्देश बनाने की मांग की गई है।

हाईकोर्ट ने छह माह में नीति बनाने के दिए निर्देश, 23 हजार कर्मचारियों को राहत की उम्मीद

रोजगार सहायकों के तबादले पर सरकार को देना होगा भत्तों का लाभ

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने ग्राम रोजगार सहायकों के स्थानांतरण को लेकर अहम फैसला सुनाया है । कोर्ट ने राज्य शासन को निर्देश दिया है कि स्थानांतरण की स्थिति में इन कर्मचारियों को निर्धारित यात्रा भत्ते और अन्य अनुमन्य सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने राज्य रोजगार गारंटी परिषद के आयुक्त को छह माह के भीतर इस संबंध में सुव्यवस्थित नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्णय से प्रदेश के लगभग 23 हजार ग्राम रोजगार सहायकों की सेवा शर्तों और स्थानांतरण नीति को लेकर महत्वपूर्ण पहल हुई है। सरकार की नीति तैयार होने के बाद स्थानांतरण संबंधी व्यवस्था अधिक स्पष्ट होने की उम्मीद है। सिंगरौली निवासी अमित कुमार मिश्रा, शहडोल के शिवाकांत मिश्रा व राजेश कुमार, सागर के रानू राजपूत और टीकमगढ़ के अभिषेक पटेरिया ने 18 जुलाई 2025 को संयुक्त याचिका दायर की थी। न्यायालय ने 14 अक्टूबर को निर्णय सुरक्षित रखने के बाद अपना फैसला सुनाया। याचिका कर्ताओं की ओर से बताया गया कि ग्राम रोजगार सहायकों को लगभग 18 हजार रुपये मासिक मानदेय मिलता है। ऐसे में मूल कार्यस्थल से 100 किलोमीटर दूर पदस्थ किए जाने पर यात्रा और आवास का अतिरिक्त खर्च उठाना कठिन हो जाता है। कोर्ट ने स्थानांतरण पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग स्वीकार नहीं की। हालांकि, स्थानांतरण की स्थिति में कंपलसरी ट्रैवलिंग अलाउंस, यात्रा भत्ता और डोमेस्टिक अलाउंस सहित नियमानुसार देय सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आदेश में आवास किराया भत्ता और स्थानांतरण व्यय की भरपाई के लिए भी प्रशासनिक प्रावधान किए जाने का उल्लेख है।

आयुध स्क्रैब निस्तारण की व्यवस्था पर बड़ा सवाल

कबाड़ के रास्ते नागपुर पहुंचे ओएफके के कारतूस..?

जबलपुर। नागपुर के पास जाम नदी पर बन रहे पुल के नजदीक ओएफके (ऑर्डनेंस फैक्ट्री खमरिया) के निशान वाले लावारिस कारतूस मिलने के मामले ने अब कबाड़ के कारोबार और पुराने गोला-बारूद के निस्तारण की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। करीब 40 साल पुराने बताए जा रहे इन कारतूसों के नागपुर तक पहुंचने की कहानी को लेकर खमरिया निर्माणी में अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच चर्चाओं का दौर जारी है।

निर्माणी से जुड़े जानकारों के मुताबिक, करीब चार दशक पहले ही इस तरह के कारतूसों का निर्माण बंद हो चुका है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतने पुराने कारतूस अब तक कहां और किसके पास थे और वे नागपुर के पास कैसे पहुंच गए? नागपुर पुलिस के अनुसार बरामद कारतूसों पर ओएफके का निशान है। इसी आधार पर निर्माणी में भी पुराने दस्तावेजों और उपलब्ध रिकॉर्ड के जरिए उनके संबंध में जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है।

बताया जा रहा है कि जिस दौर में इन कारतूसों का निर्माण हुआ था, उस समय कंप्यूटर आधारित रिकॉर्ड व्यवस्था नहीं थी। ऐसे में चार दशक पुराने रजिस्टरों और दस्तावेजों से किसी खास खेप की जानकारी निकालना आसान नहीं होगा। जानकारों का कहना है कि गोला-बारूद की निर्धारित उपयोग अवधि होती है और अवधि पूरी होने के बाद उसके सुरक्षित निस्तारण की प्रक्रिया अपनाई जाती है। निर्माणी विशेषज्ञों की एक आशंका यह भी है कि बरामद कारतूस पुराने गोला-बारूद के विनष्टीकरण की प्रक्रिया के दौरान इधर-उधर हुए हो सकते हैं।

वहीं आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह मामला सीधे निर्माणी से जुड़ा होने के बजाय पुराने कारतूसों के विनष्टीकरण के दौरान उनके बाहर पहुंचने अथवा किसी अन्य माध्यम से कबाड़ियों या दूसरे लोगों के हाथ लगने से भी जुड़ा हो सकता है। कबाड़ के कारोबार में पुराने सामान की छंटाई और आवाजाही के दौरान कई बार सामान अलग-अलग जगह पहुंच जाता है। हालांकि, नागपुर में मिले कारतूस कबाड़ के रास्ते पहुंचे हैं या उनका कोई दूसरा स्रोत है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

जांच अभी भी जारी है

गौरतलब है कि पिछले दिनों जबलपुर में भी शमीम कबाड़ी के यहां खमरिया निर्माणी से जुड़े विस्फोट की घटना सामने आई थी, जिसकी जांच अभी जारी है। ऐसे में नागपुर में ओएफके के निशान वाले पुराने कारतूसों की बरामदगी ने एक बार फिर पुराने सैन्य सामान और कबाड़ के कारोबार के बीच संभावित कड़ियों को लेकर चर्चा तेज कर दी है। अब निगाहें पुलिस की जांच और निर्माणी के पुराने रिकॉर्ड से मिलने वाली जानकारी पर टिकी हैं।

रुपये नहीं देने पर चाकू से हमला

जबलपुर। शराब पीने के लिए रुपये देने से इनकार करने पर एक युवक के साथ मारपीट और चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, महाराष्ट्र के औरंगाबाद निवासी 20 वर्षीय इमरान खान प्लंबर का काम करता है। वह अपने साथी मनीष यादव के साथ पिंडरई में काम कर रहा था। 28 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे वह गौर से पैदल पिंडरई जा रहा था। गौर स्थित शराब दुकान के सामने एक व्यक्ति ने उससे शराब पीने के लिए रुपये मांगे। इमरान के इनकार करने पर आरोपी ने गाली-गलौज कर हाथ-मुक्कों से मारपीट की।

7 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

राहर की फसल के बीच उगा रखे थे गांजे के 12 पेड़

जबलपुर। बरगी थाना क्षेत्र के ग्राम सिलुआ रमनपुर में एक किसान ने अपने खेत में लगी राहर की फसल के बीच गांजे के पेड़ उगा रखे थे। मुखबिर से मिली सूचना पर बरगी पुलिस ने खेत में दबिश देकर आरोपी को रंगेहाथ पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से गांजे के 12 पेड़ उखाड़कर कुल 7 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई है।

बरगी थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि 28 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सिलुआ रमनपुर निवासी 50 वर्षीय सुम्मेरा गौंड ने अपने खेत में गांजे के पेड़ लगा रखे हैं। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी। यहां मुखबिर के बताए हुलिए का व्यक्ति मिला, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

पुलिस ने खेत की तलाशी ली तो राहर की फसल के बीच गांजे के 12 पेड़ लगे मिले। इनकी लंबाई करीब ढाई से सात फीट तक थी। पुलिस ने पेड़ों को उखाड़कर मिट्टी अलग की और तौल की तो कुल वजन 7 किलो 200 ग्राम निकला। जब्त गांजे की कीमत करीब एक लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी सुम्मेरा गौंड के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है। कार्रवाई में उप निरीक्षक अनिल कुमार, आलोक सिंह, प्रधान आरक्षक प्रभूदयाल डेहरिया तथा आरक्षक मिथलेश, सुधीर और उमाशंकर डेहरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मदनमहल में अवैध 250 पाव देशी और 22 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त

जबलपुर। मदनमहल थाना पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में देशी और अंग्रेजी शराब जब्त की है। आरोपी लोहे के बॉक्स में शराब भरकर बिक्री के लिए रखे हुए था। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर 250 पाव देशी शराब और बैगपाइपर ब्रांड की अंग्रेजी शराब की 22 बोतलें बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार 29 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दिव्नू उर्फ दिनेश विश्वकर्मा निवासी शर्मा आटा चक्की के पास शिवनगर, गौरैया प्लॉट मदनमहल में सौरभ कुशवाहा के घर के सामने लोहे के बॉक्स में बड़ी मात्रा में शराब रखकर बेचने की तैयारी में है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी।

गांजा बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार 2.442 किलो मादक पदार्थ जब्त

जबलपुर। क्राइम ब्रांच और चरगवां पुलिस की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 2 किलो 442 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 1 लाख 22 हजार रुपये बताई गई है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लाल गमछा और गुलाबी टी-शर्ट पहने एक व्यक्ति घुघरी तिराहे पर गांजा लेकर ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना पर संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश देकर 42 वर्षीय शिवकुमार चौबे, निवासी ग्राम जमुनिया, थाना चरगवां को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके थैले से गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने गांजा शहपुरा क्षेत्र के फुलर निवासी संदीप लोधी से खरीदना बताया।

इसके बाद पुलिस टीम ने शहपुरा भीटा तिराहे पर पान का टपरा चलाने वाले 32 वर्षीय संदीप लोधी के यहां दबिश दी। तलाशी में टपरे के पास रखी थैली से 1 किलो 860 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 2 किलो 442 ग्राम गांजा जब्त कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की।

अदालत ने प्रत्येक पर लगाया 500 रुपये का जुर्माना

रुपए न देने पर चाकू मारने वाले तीन आरोपियों को दो-दो साल का कारावास

जबलपुर। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिमरन गुप्ता की अदालत ने रुपयों की मांग कर मारपीट और चाकू से हमला करने के मामले में तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए दो-दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक आरोपी पर 500 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन के अनुसार, 23 अगस्त 2015 की रात करीब 10 बजे मोहनलाल श्रीवास्तव दुकान बंद कर अपनी बेटी को साइकिल पर बैठाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान खेरमाई मंदिर के पास दीपू उर्फ दीपचंद, पप्पू उर्फ आकाश गुप्ता, राघव भूषण उर्फ मोंटी सोलंकी और दो अन्य युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए शराब पीने के लिए एक हजार रुपये मांगे। विरोध करने पर चाकू और डंडे से हमला कर फरियादी के दोनों पैरों और हाथ में चोट पहुंचाई। मामले में रांझी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना के बाद अदालत में चालान पेश किया। विचारण के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

बेलबाग में तीन ट्रांजेक्शन से 1.95 लाख रुपये निकाले, गोहलपुर में खाते से 38 हजार रुपये पार

मोबाइल हैक कर बैंक खातों से 2.33 लाख रुपये से अधिक की ठगी

जबलपुर। शहर में मोबाइल हैक कर बैंक खातों से रकम निकालने के दो मामले सामने आए हैं। बेलबाग और गोहलपुर थानों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दोनों मामलों में पीड़ितों को कुल 2 लाख 33 हजार 60 रुपये की चपत लगी है। बेलबाग निवासी 50 वर्षीय किशन विश्वकर्मा की पोस्ट ऑफिस के पास जनरल स्टोर की दुकान है, जहां वह सिलाई का



काम भी करता है। उसका पंजाब नेशनल बैंक की जवाहरगंज शाखा में खाता है। किशन ने पुलिस को बताया कि 20 अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति ने उसका मोबाइल हैक कर खाते से 52 हजार और 45 हजार 560 रुपये निकाल लिए। अगले दिन 21 अक्टूबर को दोबारा मोबाइल हैक कर 97 हजार 500 रुपये निकाल लिए गए। खाते से कुल 1 लाख 95 हजार 60 रुपये ट्रांसफर किए जाने की शिकायत पर बेलबाग पुलिस ने धारा 318(4) और 319(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की है।

दूसरे मामले में अमखेरा निवासी 36 वर्षीय बालेंद्र पटेल ने गोहलपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह एम्ब्रॉयडरी का कारखाना चलाता है। उसका खाता आईसीआईसीआई बैंक की विजय नगर शाखा में है और उससे मोबाइल लिंक होने के कारण वह गूगल पे का इस्तेमाल करता है। शिकायत के अनुसार, 18 अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल हैक कर यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिए खाते से 38 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240